kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow


@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-06 ❒ सोमवार, 02 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



यह बजट आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत-2047 के संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करता है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए इसमें संतुलित और दूरदर्शी प्रावधान किए गए हैं। राजनाथ सिंह

भारत ने पाकिस्तान के दावों को खारिज किया 11

बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय बजट को सराहा 12

## बजट संक्षेप

### लगातार नौवीं बार पेश किया बजट

श्रीमती सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान दो बार पानी पिया।
विपक्षी सदस्यों ने शांतिपूर्वक बजट भाषण सुना और कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया।
श्रीमती सीतारमण ने बजट भाषण एक घंटे 25 मिनट में पूरा किया।

### महत्वपूर्ण घोषणाएं

बजट 2026-27 में छोटे करदाताओं के लिए नियम-आधारित स्वचालित प्रक्रिया का प्रस्ताव
न्यूनतम वैकल्पिक कर को अंतिम कर बनाया जाएगा; दर मौजूदा 15% से घटाकर 14% होगी
पूर्वोदय राज्यों में पांच पर्यटन स्थलों का निर्माण करेगी; 4,000 ई-बस की व्यवस्था करेगी
प्रमुख औद्योगिक 'लॉजिस्टिक' केंद्रों के आसपास पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप की स्थापना
15,000 माध्यमिक विद्यालयों में 'कंटेंट लैब' स्थापित करने के लिए समर्थन देने का प्रस्ताव
एमएसएमई की मदद के लिए 'कॉरपोरेट मित्रों' का दस्ता तैयार करेगी सरकार
5 पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन स्थलों का निर्माण
नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी बनेगी
5 यूनिवर्सिटी टाउनशिप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में
हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल
किसान की आय बढ़ाने का प्लान

### खेलो इंडिया मिशन

15 पुरातात्विक साइट्स को वाइब्रेंट डेस्टिनेशन बनाएंगे
डिजिटल नॉलेज ग्रिड पर टूरिस्ट साइट्स की जानकारी
ट्रेकिंग, हाइकिंग पर योजना
पशुपालन-वैट कॉलेज के लिए सब्सिडी सपोर्ट स्कीम
टीसीएस ओवरसीज टूर पैकेज को 2 पर्सेंट करेंगे

### सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के प्रस्तावित रूट

मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी वाराणसी-सिलीगुड़ी।

### पांच साल में बड़ा निवेश

सेमीकंडक्टर में 'मिशन 2.0' का एलान, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के लिए खुला 40,000 करोड़ का पिटारा

### बैंकिंग सेक्टर

बैंकिंग को आसान बनाने के लिए बनेगी हाई लेवल कमेटी

### उद्यमियों को सौगात

बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने और एमएसएमई क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं, ऑरेंज इकोनॉमी को बढ़ावा

### बजट में सियासी तड़का

चुनावी राज्यों पर मेहरबान सरकार, हाई स्पीड रेल नेटवर्क से रेयर अर्थ कॉरिडोर तक की सौगात

# 'विकसित भारत' की दिशा में रोडमैप

## केंद्रीय बजट में ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद रक्षा क्षेत्र के लिए 15 फीसदी आवंटन बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया। 85 मिनट लंबे बजट भाषण में सरकार ने 'विकसित भारत' के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए आर्थिक मजबूती, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रीन एनर्जी और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता दी। हालांकि आम करदाताओं को इनकम टैक्स स्लैब में किसी तरह की सीधी राहत नहीं दी गई, जिससे मध्यम वर्ग में हल्की निराशा भी देखने को मिली।

वित्त मंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों, आर्थिक अनिश्चितताओं और भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय भूमिका का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत आज न केवल तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, बल्कि वैश्विक स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला का अहम केंद्र भी बन रहा है। सरकार का उद्देश्य आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक समावेशन और आत्मनिर्भरता को मजबूती देना है।

बजट में सबसे बड़ा फोकस रक्षा क्षेत्र पर देखने को मिला। ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पेश किए गए पहले बजट में सरकार ने रक्षा बजट को ?6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इसमें से ?2.19 लाख करोड़ केवल हथियारों की खरीद और सैन्य आधुनिकीकरण पर खर्च किए जाएंगे, जो पूंजीगत व्यय में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार ने साफ किया कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता और घरेलू विनिर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। विमान और एयरो-इंजन विकास के लिए 64 हजार करोड़ और नौसेना के बेड़े के विस्तार के लिए 25 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इनकम टैक्स को लेकर बजट में यथास्थिति बरकरार रखी गई है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन रिवाइज्ड इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। पहले यह सीमा 31 दिसंबर तक थी। वित्त मंत्री ने बताया कि नए इनकम टैक्स कानून को 1 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा और टैक्स फॉर्म को सरल बनाया गया है, ताकि आम करदाता आसानी से रिटर्न दाखिल कर सकें। इसके साथ ही छोटे करदाताओं के लिए नियम-आधारित स्वचालित प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई है।



स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बजट में कई अहम घोषणाएं की गईं। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी पूरी तरह हटा दी गई है। इसके अलावा हीमोफीलिया, सिकल सेल एनीमिया और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाएं भी ड्यूटी फ्री कर दी गई हैं। सरकार का मानना है कि इससे गंभीर बीमारियों के इलाज की लागत में कमी आएगी और मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह, हृदय, किडनी और लिवर रोगों की रोकथाम के लिए अगले पांच वर्षों में फार्मा और बायोटेक सेक्टर में 10 हजार करोड़ निवेश किए जाएंगे। आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तीन आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए देश में पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब विकसित किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य भारत को वैश्विक हेल्थकेयर और बायो-फार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सरकार ने 'शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता' पर एक उच्चस्तरीय स्थायी समिति के गठन का ऐलान किया है। यह समिति सेवा क्षेत्र को विकसित भारत का प्रमुख इंजन बनाने के उपाय सुझाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक वैश्विक सेवा क्षेत्र में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक पहुंचे। इसके तहत रोजगार, निर्यात और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों के प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा। उच्च शिक्षा को मजबूती देने के लिए पूर्वी भारत में चैलेंज मोड के तहत नया राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक ● शेष पेज 11 पर

### केंद्रीय बजट

- ❒ 'शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता' स्थायी समिति के गठन की घोषणा की
- ❒ रक्षा क्षेत्र के लिए 7.85 लाख करोड़ का आवंटन, पिछले वित्त वर्ष में 6.81 लाख करोड़ था
- ❒ पूंजीगत खर्च 12.2 लाख करोड़, दवाएं, बैटरी और सीएनजी-बायोगैस सस्ती, किसानों और राज्यों को बड़ी राहत
- ❒ केंद्रीय बजट लोकसभा में पेश, सीतारमण ने कहा- सरकार विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाना जारी रखेगी
- ❒ केंद्रीय बजट में 10 हजार करोड़ रुपये का एमएसएमई ग्रोथ फंड बनाने का प्रस्ताव

### दवा, स्मार्टफोन और ई वी बैटरी सस्ती जबकि शराब, सिगरेट और खेल सामग्री महंगी होने के आसार

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को लोकसभा में पेश वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के प्रावधानों के प्रभाव से जहां दवाईयां, स्मार्टफोन, ईवी बैटरी, सोलर उपकरण और खेल सामग्री सस्ती होगी वहीं शराब, सिगरेट, लग्ज़री सामान, आयातित कैमरे और मशीनरी के महंगे होने की संभावना है।
वित्त मंत्री ने बजट घोषणाओं में कैंसर की 15 दवाओं और सात अन्य गंभीर बीमारियों की दवाओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने की घोषणा की है जिससे इनके उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं सस्ती हो जायेंगी।
सस्ती होने वाली अन्य वस्तुओं की सूची इस प्रकार है: स्मार्टफोन और टैबलेट, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, सौर पैनल और स्वच्छ ऊर्जा उपकरण, माइक्रोवेव ओवन और उनके कुछ पुर्ज़े
इसके अलावा चमड़े के उत्पाद और वस्त्र तथा खेल उपकरण भी सस्ते हो जायेंगे।
बजट के बाद महंगी होने वाली चीजें इस प्रकार हैं : आयातित शराब, तंबाकू उत्पाद (सिगरेट, पान मसाला, गुटखा), लग्ज़री घड़ियाँ और महंगी एक्सेसरीज़, मशीनरी और विशेष उपकरण, कॉफी बनाने और बेचने की मशीनें, आयातित कैमरे, टीवी और फिल्म उपकरण, कुछ उर्वरक और कच्चा माल आदि ।

### कर व्यवस्था में बदलाव

शिक्षा और स्वास्थ्य पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) दर घटाकर 5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गई।
आयकर रिटर्न संशोधन के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा, नाममात्र शुल्क देकर संशोधित रिटर्न दाखिल किए जा सकेंगे।
आईटीआर1 और आईटीआर2 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई होगी।
गैरलेखा परीक्षण व्यापार मामलों और न्यासों के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त तय की गई।संपत्ति बेचने वाले अनिवासी भारतीयों पर टीडीएस नियम बदला गया। अब कटौती निवासी खरीदार करेगा और इसके लिए टैक्स अकाउंट नंबर की आवश्यकता नहीं होगी।
आयकर रिटर्न संशोधित करने की समयसीमा 31 दिसंबर की जगह अगले साल 31 मार्च तक बढ़ाई गई

## नया भारत-विकसित भारत का रोडमैप है केंद्रीय बजट : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट प्रस्तुत करने पर हार्दिक बधाई दी है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 145 करोड़ देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक यह बजट है, जिसमें मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि, रेल कॉरिडोर, आयुष और हेल्थ सेक्टर को सशक्त करने जैसे ठोस प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं पर विशेष ध्यान, हर जनपद में छात्रावास निर्माण, विज्ञान-गणित-आंकड़ा विज्ञान और उभरती तकनीकों से जुड़े हॉस्टलों की पहल युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी। उन्होने कहा कि व्यापक सुधारों के साथ अलग-अलग सेक्टरों में किए गए प्रावधान आम नागरिक का जीवन सरल बनाएंगे और अर्थव्यवस्था को तेज गति देंगे। युवाओं, महिलाओं, अन्नदाता किसानों, उद्यमियों और मध्यम वर्ग-सभी के लिए नए अवसर सृजित करने वाला यह ● शेष पेज 11 पर

## बजट में विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना बताते हुये इसे हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक सशक्त बनाने का ब्लूप्रिंट करार दिया है।

श्री शाह ने रविवार को एक्स पर बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये लिखा कि बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबित कर दिया कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का नारा हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस बजट में न सिर्फ हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है, जो उसे हर कदम पर मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट एक ऐसे भारत के निर्माण की परिकल्पना है, जो विश्व में हर क्षेत्र में अग्रणी हो। श्री शाह ने कहा कि बजट में विनिर्माण, आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों, एआई , खेल क्षेत्र हर गाँव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को शक्ति देकर उन्हें ● शेष पेज 11 पर

## बजट में आत्मनिर्भर भारत अभियान को नयी रफ्तार देने का महत्वाकांक्षी रोडमैप : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को विकसित भारत की ऊंची उड़ान का आधार बताते हुए कहा है कि इसमें मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नयी रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोड़मैप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट महत्वाकांक्षी भी है और देश की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है।

श्री मोदी ने रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में बजट पेश किये जाने के बाद कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की ऊंची उडान का आधार है और इसमें मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नयी रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोड़मैप प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी भारत जिस 'रिफार्म एक्सप्रेस' पर सवार है इस बजट से उसे नयी ऊर्जा और नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी



से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है और वह जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। बजट में लघु और सूक्ष्म इकाइयों के लिए किये गये प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लघु और कुटीर उद्योगों को इस बजट में जो समर्थन मिला है वह उन्हें 'लोकल से ग्लोबल' बनने की नयी ताकत देगा। बजट में युवाओं के लिए किये गये विशेष प्रावधानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह युवा शक्ति का बजट है। उन्होंने कहा यह युवा शक्ति बजट है। बजट में जो प्रावधान किये ● शेष पेज 11 पर

## सकल जीएसटी संग्रह जनवरी में 6.2 फीसदी बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये




नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जनवरी महीने में आयात से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर 6.2 फीसदी बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जीएसटी महानिदेशालय ने रविवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी में शुद्ध माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह में 7.6 फीसदी की वृद्धि हुई और यह करीब 1.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। हालांकि, कुल 'रिफंड' में 3.1 फीसदी की गिरावट आई, यह 22,665 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में घरेलू लेन-देन से सकल कर संग्रह 4.8 फीसदी बढ़कर 1.41 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात राजस्व 10.1 फीसदी बढ़कर 52,253 करोड़ रुपये रहा। वहीं, इस दौरान तंबाकू उत्पादों से उपकर संग्रह जनवरी में 5,768 करोड़ रुपये रहा। जनवरी, 2025 ● शेष पेज 11 पर


### बाजार की कमजोरी से निवेशकों के 9.90 लाख करोड़ स्वाहा

# बजट में एसटीटी बढ़ने से शेयर बाजार क्रैश

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज बजट पेश होने के तुरंत बाद क्रैश होकर सात साल की सबसे बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज केंद्रीय बजट पेश होने के पहले तक बाजार में 0.50 प्रतिशत तक की तेजी आ चुकी थी। इसके बाद जैसे ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण शुरू किया, वैसे ही बाजार का मूड भी बदलने लगा। वित्त मंत्री द्वारा फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) बढ़ाने का प्रस्ताव रखने और सभी शेयर होल्डर्स के लिए बायबैक पर कैपिटल गैन के रूप में टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखते ही स्टॉक मार्केट बुरी तरह से धराशायी हो गया।

बजट प्रस्तावों में शेयर बाजार से जुड़े प्रावधानों को पेश करते ही बाजार में घबराहट का माहौल बन गया, जिससे बीएसई का सेंसेक्स कुछ ही देर में ऊपरी स्तर से 2,800 अंक से अधिक टूट गया। इसी तरह निफ्टी ऊपरी स्तर से लगभग 870 अंक लुढ़क गया। इस बड़ी गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर लगाया, जिससे बाजार की स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.88 प्रतिशत और निफ्टी 1.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।



आज दिनभर के कारोबार के दौरान डिफेंस और कैपिटल मार्केट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह मेटल, बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी और टेक सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई जबरदस्त कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब दस लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 450.12 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.02 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 9.90 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,309 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,758 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,379 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 172 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,893 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 953 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,940 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 4 शेयर बढ़त के साथ और 26 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 7 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 119.19 अंक की मजबूती के साथ 82,388.97 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 82,119.31 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से पहले 2 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 11:15 बजे सेंसेक्स 456.87 अंक की मजबूती के साथ 82,726.65 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। इसी दौरान जैसे ही वित्त मंत्री सीता निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में स्टॉक मार्केट से जुड़े प्रावधानों का ऐलान किया, वैसे ही बाजार में भगदड़ की स्थिति बन गई। सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 2,827.23 अंक टूट कर 2,370.36 अंक की कमजोरी के साथ ● शेष पेज 11 पर

# कमर्शियल गैस सिलिंडर महंगा हुआ

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतलब रसोई गैस की कीमत में की गई बढ़ोतरी से घर के किचन के बजट पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

आज कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 49 रुपये से लेकर 50 रुपये तक बढ़ा दी गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक कीमत में की गई बढ़ोतरी के बाद अब राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1691.50 रुपये से बढ़ कर 1740.50रुपये हो गई है। ताजा कटौती में कोलकाता में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में 49.50 रुपये की बढ़ोतरी की



गई है। अब यहां 19 किलो का सिलेंडर 1,844.50 रुपये में मिल रहा है, जबकि पिछले महीने जनवरी में इसका रेट 1,795 रुपये था। इसके अलावा, मुंबई में 19 किलो एलपीजी सिलेंडर का नया रेट 49.50 रुपये बढ़ कर 1,692 रुपये हो गया है, जो पिछले महीने जनवरी में 1,642.50 रुपये था। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ा कर 1,849.50 से 1,899.50 रुपये तय की गई है। आज सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में ही कटौती हुई है। घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू उपयोग वाले सिलेंडर की कीमत में आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को ● शेष पेज 11 पर

# संगम में 2.1 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

## माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर उमड़ा सनातन की आस्था का सैलाब, कल्पवास का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े वार्षिक धार्मिक और सांस्कृतिक समागम माघ मेले के पांचवे स्नान पर्व माघ पूर्णिमा पर सनातन की आस्था का सैलाब उमड़ा है। साफ मौसम और सुगम व्यवस्था से भी श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

हिंदू सनातन आस्था की लहर का साक्षी बन रहा है माघ मेला। माघ मेला के पांचवें स्नान पर्व माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने अपने पिछले माघ मेला के माघ पूर्णिमा स्नान पर्व को पीछे छोड़ दिया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि 31 जनवरी की रात्रि से ही संगम तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही थी । रात में ही यहां 35 लाख लोग स्नान कर यहां से सकुशल प्रस्थान कर चुके थे। अगले दिन 1 जनवरी को सुबह आठ बजे तक यह आंकड़ा 90 लाख तक पहुंच गया। मौसम साफ और सुगम व्यवस्था के चलते श्रद्धालु सुगमता से माघी का स्नान कर अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान करते रहे। माघ पूर्णिमा के पुण्य काल के समापन तक माघ मेले में 2.1 करोड़ से अधिक लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई है जो अब तक के माघ मेलों में माघ पूर्णिमा स्नान की बड़ी संख्या है। माघ मेला क्षेत्र में एक महीने से प्रवाहित हो रही जप, तप और साधना की त्रिवेणी की धारा के साक्षी रहे कल्पवासियों की माघ पूर्णिमा स्नान के साथ विदाई हो गई। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ त्रिवेणी की रेत पर शुरू हुआ कल्पवास का माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ समापन हो गया। सभी कल्पवासी स्नान, दान और मां गंगा का आशीष लेकर माघ मेले की आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ अपने-अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान कर गए। कल्पवासियों ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में विधि विधान से दान और हवन का अनुष्ठान पूरा किया। मेला क्षेत्र के प्रयागवाल नगर में दुर्गाशक्ति कल्पवासी शिविर के तीर्थ पुरोहित और अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महा सभा के राष्ट्रीय मंत्री माधवानंद शर्मा का कहना है कि योगी सरकार की तरफ से महाकुंभ के भव्य और दिव्य आयोजन के बाद इस बार सभी शिविरों में कल्पवासियों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। प्रशासन की तरफ से माघ मेला क्षेत्र में पहली बार प्रयागवाल नगर बसाया गया जिससे कल्पवासियों के लिए बेहतर व्यवस्था हो सकी है। कुम्भ और अर्ध कुम्भ का आयोजन देश के चार स्थानों प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में होता है, लेकिन कल्पवास की परम्परा केवल प्रयागराज में है। इस वर्ष महाकुम्भ के आयोजन के ठीक बाद हुए माघ मेले ने भी कल्पवास को विशिष्ट बना दिया क्योंकि कुंभ के बाद ही कल्पवास के लिए नए लोग संकल्प लेते हैं। मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में प्रवास कर रहे इन कल्पवासियों का अनुभव भी इस बार अलग रहा । इटावा से लगातार पांचवे साल कल्पवास करने आई 95 बरस की अंगूरी दुबे का कहना है कि इटावा और उसके आसपास के जिलों से कल्पवास करने कम लोग आते थे लेकिन इस बार उनके साथ ही पांच लोग आए हैं । कल्पवासियों के शिविर में स्वच्छता, जल और बिजली की व्यवस्था अच्छी है।

# संत रवि दास जयंती पर आयोजित हुई विशाल शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




काकोरी लखनऊ। नगर पंचायत में सन्त शिरोमणि गुरु रवि दास जयंती पर विशाल शोभा जुलुस का आयोजन किया गया। साथ ही रवि दास मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भण्डारा का भी आयोजन किया गया। कार्यकर्म में आये प्रबुद्ध जनों ने रवि दास के उपदेशों को बताते हुए अपने विचार भी रखे।

गुरु रवि दास जयंती पर सन्त शिरोमणि रवि दास शैक्षिक एवम जन कल्याण समिति के द्वारा विशाल जुलुस का आयोजन किया गया। जुलुस में झांकिया ,बैंड बाजा ० जय भीम जय भीम के नारे गूंजते हुए धूमधाम से जुलुस निकाला गया।

जुलुस सलामी गढ़ी वार्ड से शुरू हुआ। जो चौधरी मोहल्ला ,बरगद तला ,काज़ी गढ़ी हौदा तालाब वार्ड , कटरा बाजार से होता हुआ शहतूत तला स्थित रवि दास मन्दिर पर समाप्त हुआ। रवि दास मंदिर पर जुलसु ने विशाल सभा ० मेले का रूप ले लिया। जुलुस में कई गांवो के लोग शामिल हुए।

जुलुस का राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के जिला अध्यक्ष लवकुश यादव,वा,जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम ,जिला उपाध्यक्ष भईया लाल यादव,जिला महामंत्री लाल बहादुर यादव जिला महामंत्री संतोष सिंह तिलन,जीतेन्द्र यादव,नीरज यादव ,आशीष गौतम जी, आदि कार्यकर्ताओं का रहना हुआ। अन्य लोगो ने भी स्वागत किया ।इस अबसर पर रवि दास मंदिर प्रांगण में मुख्य अतिथि डॉ बी पी अशोक समेत प्रबुद्ध लोगो ने रवि दास जी के उपदेशों पर प्रकाश डाला और अपने विचार भी रखे ।जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ० भण्डारा का भी आयोजन किया गया।शोभा यात्रा का आयोजन में पूर्व सभासद आलोक वर्मा , अमित वर्मा , सतीश वर्मा संजीव वर्मा ,आज़ाद चौधरी ,,अश्विनी वर्मा ,नीरज वर्मा ,शेखर चौधरी , भीम सेन मौजूद रहे।

## जनता का हाथ खाली कारपोरेट बजट : उज्जवल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने संसद में पेश हुए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब आम जनता को जब कुछ ना देना हो तो इसको विकसित भारत का बजट नाम दिया जाता हैं इस बजट में आम जनता के लिए कुछ भी नहीं है अमीरों को और अमीर करने वाला कारपोरेट बजट हैं। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सदन में बजट सुनकर सांसद उज्जवल रमण सिंह बेहद निराश हुए कि प्रयागराज के लिए कुछ भी नहीं मिला चिकित्सा व्यवस्था सुधार के लिए एम्स नहीं मिला, नैनी औधोगिक पुर्नजीवित के लिए 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था वो पूरा नहीं हुआ लोहगरा रिफाइनरी पर भी कोई धोषणा नहीं हुई।उन्होंने कहा कि इस बजट में रोजगार के लिए कुछ भी नहीं किया गया।

## नैनी रेलवे स्टेशन पर पॉइंट्स मैन बना फरिश्ता, चलती ट्रेन से गिरते यात्री की बचाई जान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के नैनी रेलवे स्टेशन पर मानवीय संवेदना और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिली। कामायनी एक्सप्रेस के रवाना होने के दौरान एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा और ट्रेन की चपेट में आने ही वाला था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात पॉइंट्स मैन ने स्थिति को भांपते हुए झंडा दिखाया और बिना समय गंवाए दौड़कर यात्री को खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। पूरी घटना स्टेशन परिसर में लगे कैमरे में कैद हो गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद रेलवे कर्मचारी की सतर्कता, बहादुरी और त्वरित निर्णय की चारों ओर सराहना हो रही है। लोग उसे ‘फरिश्ता’ बताते हुए रेलवे प्रशासन से सम्मानित किए जाने की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सतर्कता और संवेदनशीलता से बड़ा हादसा टल सकता है।

## नहर में मिला अज्ञात दूधमुंहे बच्चे का शव

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के बहरिया थाना क्षेत्र से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने न केवल पुलिस प्रशासन बल्कि मानवता को भी झकझोर कर रख दिया है। बहरिया के गोपालपुर गांव के पास स्थित नहर में शनिवार सुबह एक अज्ञात दूधमुंहे बच्चे का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जिस उम्र में बच्चे को मां की गोद में होना चाहिए था, उसी उम्र में उसका निर्जीव शरीर नहर के ठंडे पानी में उतराता मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने जब नहर किनारे बच्चे का शव देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दृश्य इतना मार्मिक था कि हर किसी की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बहरिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी फूलपुर ने भी घटनास्थल का संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्चे की उम्र लगभग तीन माह प्रतीत हो रही है। शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि शव कहीं दूर से पानी के बहाव के साथ बहकर यहां पहुंचा हो सकता है, हालांकि ग्रामीण इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना मानते हुए बच्चे को नहर में फेंके जाने की आशंका भी जता रहे हैं। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच की जा रही।

## केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम : डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026S27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इसे भारत की अर्थव्यवस्था को अगले दशक के लिए तैयार करने वाला दूरदर्शी बजट बताया है। रविवार को एक बयान जारी कर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह बजट केवल तात्कालिक जरूरतों तक सीमित नहीं, बल्कि विकास, निवेश और रोजगार का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। रिकॉर्ड 12.2 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में गति आएगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। लगभग 4.3 फीसद के फिस्कल डेफिसिट लक्ष्य के साथ सरकार ने विकास और वित्तीय अनुशासन का संतुलन भी बनाए रखा है। डॉ. सिंह ने बताया कि हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स और बढ़ी हुई केंद्रीय कर हिस्सेदारी से उत्तर प्रदेश को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सेमी कंडक्टर मिशन 2.0, एमएसएमई और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम पर फोकस युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर, समावेशी और रोजगार-उन्मुख भारत की मजबूत नींव रखता है।

## बजट झुनझुना, दिखता है पर बजता नहीं : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्यसभा में उप नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद प्रमोद तिवारी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ‘मोना’ ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह ‘झुनझुने’ की तरह है, जो दिखता तो है लेकिन बजता नहीं। उन्होंने इसे किसान, बेरोजगार युवाओं और लघु एवं मध्यम उद्योगों के खिलाफ बताते हुए कहा कि बजट से देश की जनता निराश हुई है। उनका दावा है कि बजट के बाद बाजार में गिरावट इसका संकेत है। नेता ने कहा कि पिछले एक वर्ष से पूंजी निवेश ठहरा हुआ है और न तो विदेशी निवेश आ रहा है और न ही स्वदेशी निवेश में वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चालू वर्ष में राजस्व प्राप्तियों में 78,086 करोड़ रुपये और शुद्ध कर संग्रह में 1,62,748 करोड़ रुपये की कमी आर्थिक सुस्ती का संकेत है।

## गुमशुदा की तलाश



नाम-साक्षी वर्मा पिता का नाम -रवि वर्मा आयु -22 वर्ष रंग - हल्का सांवला कद - लगभग 5 फुट पता - सी-28, बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे महानगर लखनऊ।

गुमशुदा युवती का विवरण-उपरोक्त युवती दिनांक 29 अगस्त 2025 को अपने घर सी-28 बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे, महानगर, लखनऊ से गणेश विसर्जन में शामिल होने की बात कहकर गई थी, जो अभी तक घर वापस नहीं आई है। इस संबंध में थाना महानगर पर मु0अ0सं0-234 अंतर्गत धारा 87 बी, 309(4), 317(2) उगट्ट पंजीकृत है। परिजन एवं पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग प्राप्त नहीं हो पाया है। पहचान -काली टी-शर्ट, जिस पर सामने पीले रंग से ‘’लिखा हुआ है। अनुरोध-यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त गुमशुदा युवती के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह कहीं दिखाई दे तो कृपया तत्काल नीचे दिए गए नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जांचकर्ता -उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मो0-9140637911 प्रभारी निरीक्षक थाना महानगर लखनऊ मो0-9454403859 सहायक पुलिस आयुक्त महानगर मो0 -9454401498

# भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं सनातन गौरव यात्रा श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। बलराम नगर के सद्भावना पार्क, आदर्श खंड-2, मटियारी में भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं सनातन गौरव यात्रा का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सनातन गौरव यात्रा मटियारी से प्रारंभ होकर बी.बी.डी., देव विला, ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट, तिवारीगंज, इमली बांध मंदिर, बजरंग कुटी, मुरलीपुर बाजार, नौबस्ता कलां, नेड़ा मोड़ होते हुए पुनः मटियारी स्थित सद्भावना पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में लगभग 100 बाइक एवं 20 चार पहिया वाहनों ने सहभागिता की। नौबस्ता कलां में प्रधान श्री भोला वर्मा (विवेक सिंह) द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा की शोभा नगर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम, श्रीलक्ष्मण, श्रीहनुमान एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की आकर्षक झांकियों ने बढ़ाई, जिन्हें मार्ग में उपस्थित लोगों ने सराहा। यात्रा के उपरांत सद्भावना पार्क में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य अतिथि बृजेन्द्र दास जी महाराज (अयोध्या धाम) एवं संत श्री ओंकार दास जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र शर्मा ‘अटल’ ने सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में हिंदू समाज की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। सम्मेलन में मातृशक्ति की ओर से पायल सोनी एवं प्रयाग मति गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रीय उद्योग आश्रम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विभाग कार्यवाह मान अमितेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास एवं उसके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

# गुरू रविदास जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई। कछौना बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवम कॉग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार ने गुरु रविदास जीकी 649वी जयंती पर बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पुरवा में संबोधित करते हुए कहा गुरु रविदास का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ था उनका एक दोहा प्रचलित है। चौदह सौ तैंतीस कि माघ सुदी पन्दरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास जी । उनके पिता संतोख दास तथा माता का नाम कलसां देवी था। उनकी पत्नी का नाम लोना देवी बताया जाता है। गुरू रविदास जी ने साधु-सन्तों की संगति से पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। वेद धर्म सबसे बड़ा अनुपम सच्चा ज्ञान प्राप्त किया फिर समाज में व्याप्त कुरीतियों और अज्ञानता के लिए आम जनमानस को धार्मिक अंधविश्वास और आडंबर से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि अगर मन पवित्र है तो गंगा में भी स्नान की आवश्यकता नहीं है ।मन चंगा तो कठौती में गंगा इनकी प्रसिद्ध उक्ति है जो इस बात पर प्रकाश डालती है आज के समय में गुरु रविदास जी के अनुयाई विदेशों में रहते हैं । गुरु रविदास जी हमेश सामाजिक, मानवता, भाई चारा विचारों पर विश्वास रखते थे इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मोमीन सिद्दीकी, पुत्तीलाल कुरील, मनोज कमले, आनंद कुमार , राकेश वर्मा, सन्तोष कुमार, रामलोटन वर्मा, बख्तियार अहमद, आदि सैकड़ों ग्राम वासी और क्षेत्र वासी मौजूद रहे हैं।

# व्यापार व उद्योग के लिए सकारात्मक बजट : अमरनाथ मिश्रा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को प्रस्तुत किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि यह बजट आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सरकारों के साथ एफटीए समझौतों के बाद सरकार द्वारा उत्पाद एवं संबंधित शुल्कों में दी गई छूट से चमड़ा, जूता, कपड़ा सहित अन्य निर्यात क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय निर्यातकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती प्राप्त होगी। रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाली वस्तुओं पर उत्पाद शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करना तर्कसंगत निर्णय है, जिससे रक्षा उत्पादन लागत में कमी आएगी। सरकार द्वारा 17 जीवन रक्षक दवाओं पर आयात शुल्क में कमी कर कैंसर, शुगर, बी.पी. सहित गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को राहत प्रदान की गई है। साथ ही बायो-फार्मा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपये के प्रावधान से दवा निर्माण उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। एनआरआई को निवेश की छूट से निवेशकों को लाभ होगा तथा आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। वहीं उन्होंने मोटर दुर्घटना में मिलने वाले मुआवज़े को टैक्स-फ्री किए जाने के निर्णय को बड़ी राहत बताया। विदेश में अध्ययनरत छात्रों के खर्च पर लगने वाली टीसीएस कटौती को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करना स्वागतयोग्य कदम है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा। कर विवादों के निस्तारण हेतु 5 करोड़ रुपये तक के मामलों में 20 प्रतिशत कर एवं 20 प्रतिशत पेनाल्टी जमा कर निस्तारण की व्यवस्था व्यापारियों के लिए राहतकारी है, जिससे मुकदमेबाजी कम होगी। सरकार द्वारा नेशनल वस्त्र, परिधान, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट और मेगा टेक्सटाइल पार्क को बढ़ावा देने की घोषणाएं भारतीय उद्योगों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। अमरनाथ मिश्र ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट सरकार की पूर्व नीतियों को आगे बढ़ाने वाला, भविष्य की दिशा तय करने वाला और व्यापार व उद्योग के लिए सकारात्मक बजट है।

# केंद्रीय बजट 2026 में एमएसएमई, खादी और वस्त्र क्षेत्र को नई रफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। केंद्रीय बजट 2026-27 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), खादी, रेशम, हथकरघा और वस्त्रोद्योग को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

वस्त्र क्षेत्र के लिए एकीकृत कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें राष्ट्रीय फाइबर योजना, वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना, राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम, टेक्स-इको पहल और समर्थ 2.0 जैसी योजनाएं शामिल हैं। साथ ही मेगा टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना से उत्पादन, रोजगार और निर्यात को बढ़ावा मिलने तथा उत्तर प्रदेश में निवेश के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई गई है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि बजट उद्योग, किसानों और युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ‘महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल’ शुरू करने का प्रस्ताव है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कारीगरों-बुनकरों को स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध होंगे। एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड स्थापित करने तथा आत्मनिर्भर भारत फंड में 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी देने का प्रावधान किया गया है। ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के विस्तार से छोटे उद्यमों को समय पर भुगतान और कार्यशील पूंजी की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा ‘कॉरपोरेट मित्र’ व्यवस्था और 200 विरासत औद्योगिक क्लस्टरों के कायाकल्प की योजना से पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान मिलेगी। निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुल्क-मुक्त आयात और समय-सीमा विस्तार जैसे कदम भी प्रस्तावित हैं, जिससे वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

## जनविश्वास की 154वीं कड़ी : हर वर्ग, हर ज़रूरत तक पहुँचा ‘आपका विधायक- आपके द्वार’

# जनसुनवाई शिविर : एक मंच, अनेक समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ/सरोजनीनगर। लोकतंत्र की आत्मा संवाद में और सेवा की सार्थकता संवेदना में बसती है। इसी विचार को साकार करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अभिनव जनसेवा अभियान ‘आपका विधायकऽआपके द्वार’ की 154वीं कड़ी रविवार को ग्राम पंचायत प्यारेपुर, मजरा अजीतन खेड़ा (खुशहालगंज मंडल) में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस जनसुनवाई शिविर में समस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खेल प्रोत्साहन और सामाजिक सम्मान का सशक्त समन्वय देखने को मिला।

जनसुनवाई शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। साइकिल, हैंडपंप, घरौनी प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, शादी अनुदान, दिव्यांग पेंशन, सड़क-नाली निर्माण, मंदिर जीर्णोद्धार, बाल सेवा योजना एवं आयुष्मान कार्ड से जुड़े 32 से अधिक प्रकरण सामने आए।

शिविर के दौरान 5 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाए गए, जबकि शेष मामलों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। हर सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी Tender Palm Super Speciality Hospital के सहयोग से निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 61 नागरिकों का नेत्र परीक्षण किया गया। दृष्टि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा ‘गाँव की शान’ पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र-छात्राओं में शौर्य सिंह (93.16%), मिस्टी यादव (79.16%), सचिन यादव (61.5%) एवं मानसी (58.6%) शामिल रहे। मेधावियों को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने हेतु 168वाँ बॉयज यूथ क्लब एवं 105वाँ गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया। इन क्लबों को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कैरम सहित पूर्ण स्पोर्ट्स किट वितरित की गई, जिससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान संजय यादव, मंडल अध्यक्ष शिव बख्श सिंह, चिकित्सकीय टीम, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। साथ ही सभी आगंतुकों के लिए ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताज़ा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित यह साप्ताहिक जनसेवा अभियान सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गाँव और मोहल्ले तक पहुँचकर विकास, सेवा और सम्मान की नई मिसाल कायम कर रहा है। ‘आपका विधायक आपके द्वार’ जनविश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त मंच बन चुका है।

# गोसाईगंज से शुरू हुई किसान क्रांति पदयात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के बैनर तले रविवार को किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई को लेकर किसान क्रांति पदयात्रा का शुभारंभ गोसाईगंज ब्लॉक से हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किया।

सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई पदयात्रा के वक्त गोसाईगंज क्षेत्र जय जवान-जय किसान और किसान एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। हाथों में झंडे-बैनर लिए सैकड़ो किसान सड़कों पर दिखाई दिए।

पदयात्रा गोसाईगंज से अमेठी, गंगागंज, बहरौली, हरदोईया बाजार होते हुए नगराम पहुंचेगी। नगराम में रात्रि विश्राम होगा उसके बाद यात्रा 10 फरवरी को पीजीआई क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के साथ संपन्न होगी। यह यात्रा आयोजकों के लिए करीब 30 किलोमीटर पैदल मार्च होगा।

इसी मौके पर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किसान आयोग के गठन, कर्ज माफी और मुफ्त बिजली, किसानों की प्रमुख मांग बताते हुए कहा कि अब किसानों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, खाद आपूर्ति और राजस्व विभाग की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। पदयात्रा में मंडल महासचिव जगदीश द्विवेदी, जिला महामंत्री राम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और किसान शामिल रहे।

# बीकेटी नगर पंचायत में बंदरों का बेलगाम आतंक, जनता त्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र इन दिनों बंदरों के बेलगाम आतंक की चपेट में है।बख्शी का तालाब बड़ी बाज़ार,एअरफोर्स रोड़, बीकेटी इण्टर कालेज,अस्ती रोड़,रुदही सहित अन्य रिहायशी इलाकों में खुलेआम घूम रहे बंदरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और वन विभाग मौन साधे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बंदरों के झुंड घरों में घुसकर तोड़फोड़,महिलाओं,बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर घायल कर देते है,इसके बावजूद न तो नगर पंचायत प्रशासन और न ही वन विभाग इस समस्या पर ध्यान दे रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें दी गईं,लेकिन न तो बंदरों को पकड़वाने की कोई कार्रवाई हुई और न ही कोई जवाब दिया गया,इस चुप्पी ने प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। वही कस्बों के व्यापारियों का कहना है कि बाजारों में बंदरों का इतना आतंक है कि दुकानदार दिनभर डर के साए में काम करने को मजबूर हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे और राह चलते राहगीर भी सुरक्षित नहीं हैं।जेहन में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है क्या किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही प्रशासन नींद से जागेगा।नगर पंचायत वासियों ने अधिशाषी अधिकारी से मांग किया है कि तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें और वन विभाग की मदद लेकर बंदरों को पकड़वाएं और लोगों को इस भयावह समस्या से जल्द राहत दिलाएं।

अस्ती रोड़ पर बंदरों के आतंक से आसपास के सभी लोग परेशान है,ये बंदर झुंड के साथ मौका पाते ही घर में प्रवेश कर जाते है और खाने पीने वाला सामान सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाते है।यहाँ हालात जानवरों से भी बदतर हो गए हैं इन बंदरों ने जीना दूभर कर दिया है।बच्चे,महिलाएं,बुज़ुर्ग कोई सुरक्षित नहीं है,इस समस्या पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

**पप्पी यादव गृहणी**

हम रोज़ मेहनत करके सब्जी खरीदकर लाकर बेचते हैं,लेकिन बंदर आते ही सब कुछ बर्बाद कर देते हैं। सब्जियां उठा ले जाते हैं,फेंक देते हैं,जिससे नुकसान नुकसान तो होता ही है,ग्राहक भी डर के मारे नहीं रुकते है।नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या का जल्द निराकरण करना चाहिए,क्योंकि अगर यही हाल रहा तो हम जैसे गरीब लोग परिवार कैसे पालेंगे।

**राम किशोर रावत, दुकानदार**

बंदरों के आतंक से सभी व्यापारी परेशान है,बंदर मौक़ा पाते ही दुकान से सामान उठा ले जाते है,कई बार लोगों को काट भी चुके है,लेकिन नगर पंचायत द्वारा बंदरों को पकड़वाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई और न ही किसी प्रकार के रोकथाम के उपाय किए गए,जिससे व्यापारियों में रोष भी है।

**सहजराम यादव, व्यापारी, बीकेटी**

## लेटे हुए हनुमान मंदिर में हुआ राम का गुणगान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिसामा आर्ट्स के तत्वावधान में चौक स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में रविवार को भक्ति राग सेवा श्रद्धा, परंपरा और शास्त्रीय गरिमा के साथ संपन्न हुई। मंदिर में प्रस्तुति पारंपरिक स्वरूप में शास्त्रीय संगीत को प्रभु चरणों में समर्पित करने की एक सतत साधना है। इस अवसर पर शास्त्रीय गायिका गरिमा शुक्ला ने राग सेवा प्रस्तुत की। उन्होंने राग पुरीया धनाश्री में निबद्ध पारंपरिक बंदिश सुमिरन कर मन राम नाम को की अत्यंत भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनकी गायकी में राग की गंभीरता, स्वर की शुद्धता और भक्ति भाव का सुंदर समन्वय स्पष्ट रूप से अनुभूत हुआ।

## संत शिरोमणि रविदास मूर्ति का अनावरण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिठाई चौराहा स्थित संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति का अनावरण किया, जिसने इस मौके पर विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान मौजूद रहें। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक इंदल गौतम, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, विनायक पांडे, चेतन बिष्ट, आनंद पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महामंत्री अमित त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## बजट में व्यापारियों के लिए कुछ नहीं : पवन मनोचा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि वन ट्रेड वन टैक्स जिससे जीएसटी का सरलीकरण संभव है एक ट्रेड में अलग अलग एचएसएन कोड, कर का स्लैब का अलग अलग होना हमे मुनीम बनाता है आज ही बजट में फिर से एमएसएमई की बात की गई किंतु ऑनलाइन पॉलिसी में एंट्री टैक्स की मांग नहीं सुनी गई, बल्कि उल्टा बढ़ावा देने की बात हो रही है जिसके कारण खुदरा व्यापार मंदी की मार झेल रहा है सोने-चाँदी पर बाजार की अस्तिर्था से सराफ़ा कारोबार लगातार चौपट हो रहा था इस पर भी नई पालिसी वाली हमारी माँग पर वित्त मंत्री ने हमे निराश किया है फिर से व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है।

## बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा : विधायक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को ठोस और व्यावहारिक आधार देता है। यह ऐतिहासिक रूप से पेपरलेस और हाईटेक बजट है, जिसमें दवाई और पढ़ाई जैसे बुनियादी क्षेत्रों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सड़क, रेल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में युवाओं पर विशेष फोकस करते हुए कौशल विकास, रोजगारपरक योजनाओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, जो भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और सशक्त बनाएंगे। राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए समावेशी और लोक हितैषी विकास की दिशा में यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को अमली जामा पहनाने वाला है। मैं इस दूरदर्शी बजट का स्वागत करता हूं।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** रविवार को थाना नगराम पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर सिर पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 26 जनवरी की रात करीब दो बजे ग्राम सलेमपुर अचाका निवासी गोविंद घर के पास दुकान पर बैठे थे, तभी विपक्षियों ने लाठी-डंडों से सिर पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज एक निजी अस्पताल मोहनलालगंज में चल रहा है। घटना के संबंध में थाना नगराम में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त दीपक पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम सलेमपुर अचाका, को रविवार को मुखबिर की सूचना पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्द्र बहादुर यादव, उपनिरीक्षक रंजीश कुमार व कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

## एआई अंगीकरण विषय पर एक उद्योग आधारित पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महार्षि स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, महार्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ द्वारा 24 से 31 जनवरी 2026 तक शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में समकालीन परिवर्तनों हेतु एआई का अंगीकरण विषय पर एक उद्योग-आधारित पाँच-दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। विशेषज्ञ व्याख्यानों में शिक्षा में एआई उपकरणों एवं नवीन प्रवृत्तियों, एआई-सक्षम शैक्षणिक प्रक्रियाओं, डेटा-आधारित फैकल्टी रेडीनेस, एआई में नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों, तथा वेदांतिक दृष्टिकोण को जेनरेटिव एआई एवं क्वांटम कंप्यूटिंग से जोड़ने वाले भविष्यपरक विचारों पर गहन विमर्श हुआ। चर्चाओं में उत्तरदायी एआई अंगीकरण, समालोचनात्मक चिंतन, शोध की शुचिता एवं मूल्य-आधारित निर्णय-निर्माण पर विशेष बल दिया गया।

## बजट समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है : अनिल दुबे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने 2026S27 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान नारी शक्ति और नौजवानों को समर्पित बजट है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने तथा समाज के हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करने तथा देश की आर्थिक स्थिति की वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

## व्यापारी वर्ग को सामाजिक सुरक्षा के अधिकार दिया जाए

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत करने के बाद भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लखनऊ में व्यापारियों ने एकजुट होकर बजट को गंभीरता से सुना तथा उस पर सार्थक विचार-विमर्श किया।भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सरकार से स्पष्ट और ठोस माँग रखी गई कि अब व्यापारी केवल टैक्स देने वाला वर्ग न रहे, बल्कि उसे भी सामाजिक सुरक्षा के अधिकार दिए जाएँ।व्यापारियों के लिए भविष्य निधि पफ योजना व्यापारियों के लिए पेंशन योजना व्यापारियों एवं उनके परिवार के लिए ?25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जब व्यापारी सुरक्षित होगा, तभी व्यापार, रोज़गार और राष्ट्र सशक्त होगा।

# एसीपी की सरकारी इनोवा दुर्घटनाग्रस्त, हमराही चोटिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी के थाना बख्शी का तालाब क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर रोड हाइवे पर रविवार दोपहर लगभग बारह बजे उस समय हड़कंप मच गया,जब संदिग्ध थार वाहन का पीछा कर रही एसीपी बीकेटी की सरकारी इनोवा कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।हादसे में एसीपी के साथ मौजूद एक पुलिसकर्मी को मामूली चोटें आई हैं,जबकि एसीपी ज्ञानेंद्र कुमार सुरक्षित है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र कुमार इनोवा सरकारी वाहन यूपी 32बीजी 6258 से बीकेटी थाना परिसर स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे,इसी दौरान हाइवे पर एक थार वाहन संदिग्ध अवस्था में तेज रफ्तार से सीतापुर की ओर जाता दिखाई दिया,पुलिस द्वारा वाहन को रोकने का संकेत दिए जाने के बावजूद चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और भागने का प्रयास किया।इसके बाद पुलिस ने सरकारी इनोवा से थार का पीछा शुरू किया,बताया जा रहा है कि बीकेटी थाना अंतर्गत सीतापुर रोड़ अब्बास नगर के पास तेज़ रफ़्तार थार गाड़ी ने एसीपी की इनोवा गाड़ी में कट मारने का प्रयास किया,जिससे इनोवा अनियंत्रित हो गई और सड़क पर ही खड़ी दूसरी प्राइवेट इनोवा गाड़ी में जा भिड़ी,टक्कर के चलते एसीपी के इनोवा वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।दुर्घटना में एसीपी के साथ मौजूद उनके हमराही धनश्याम सिंह को हल्की चोटें आईं।सूचना मिलते ही थाना बख्शी का तालाब थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह मय फोर्स के साथ मौक़े पर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।इधर हादसे का फायदा उठाकर संदिग्ध थार वाहन चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी है साथ ही सीतापुर रोड हाइवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है,ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है,दुर्घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है और फरार थार वाहन की तलाश तेज कर दी गई है जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल की आम सभा बैठक सम्पन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल की आम सभा बैठक लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बुद्धेश्वर व्यापार मंडल के आगामी आम चुनाव संपन्न कराने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चुनाव प्रक्रिया लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी। चुनाव को सुचारु एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने हेतु निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी राशिद अली, तारा चन्द्र रावत सहायक चुनाव अधिकारी रमाकांत गुप्ता, मनोज गुप्ता पर्यवेक्षक रामशंकर राजपूत रहे। बैठक में अजय गुप्ता(पिंटू), धीरपाल यादव, जय गुप्ता, रवीश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, राजकुमार रावत, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र रावत, मनीष राजू शुक्ला, बद्री प्रसाद, प्रमोद अग्रवाल, निसार अली सहित अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का ऐतिहासिक व भक्तिमय समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया (बबैया) गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को हवन-यज्ञ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के बीच भव्य समापन हुआ। समापन दिवस पर कथा स्थल पूरी तरह आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया।

कथावाचक श्री कृष्णानंद महाराज ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके उपरांत भंडारे से पूर्व कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कन्याओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर आयोजक लवकुश वर्मा की धर्मपत्नी कविता वर्मा ने श्रद्धापूर्वक कन्याओं को दक्षिणा प्रदान की। समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक लवकुश वर्मा द्वारा कथावाचक श्री कृष्णानंद महाराज सहित पूरी कथा व संगीत मंडली को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

कथा के सातवें दिन पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर तथा बबैया गांव निवासी वीरेंद्र शंकर मिश्रा ने कथा श्रवण कर कथावाचक व समस्त संगीत टीम को अंगवस्त्र व दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। श्रीमद्भागवत कथा के सफल आयोजन में मुख्य सहयोगी बबलू वर्मा, यतींद्र, मनमोहन, सुशील, अनिल, प्रकाश, दिलीप, प्रताप, रजत पटेल, बाबू, प्रफुल्ल, प्रेम शंकर, पूर्व प्रधान अशोक सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।


# भाजपा नेता ने लगाया पुलिस की कार्य शैली पर सवालिया निशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारती जनता पार्टी के मंडल महामंत्री डी डी त्रिपाठी की ओर सुशांत गोल्फ सिटी थाने की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया। भाजपा नेता की ओर से पुलिस उपयुक्त दक्षिणी को दिए गए पत्र में शिकायत कर्ता के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में नहीं लिए जाने की बात कही गई है। भाजपा नेता के मुताबिक पुराना नूरपुर बेहटा निवासी राम विलास पुत्र बाबू लाल को गांव के ही लोगों द्वारा परेशान किया जा रहा है। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इस बात की लिखित शिकायत करने के बाद भी पुलिस मामले को संज्ञान में नहीं ले रही है। इसी बात पर बीजेपी नेता के तेवर बदल गए हैं। उन्होंने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी को दिए गए पत्र में लिखा है कि थाना सुशांत गोल्फ सिटी के गांव नूरपुर - बेहटा राम विलास पुत्र बाबूलाल की पुस्तैनी जमीन पर उसी उसी के गांव के निवासी राम अनुज पुत्र अशर्फीलाल, अखिलेश और शक्तिमान पुत्र गण राम मनुज, अंश एवं वंश पुत्र गण सुरेश द्वारा 11 जनवरी को अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया।विरोध करने पर सभी विरोधी लठ्ठी डंडा,फरसा लेकर भूस्वामी पर को मारने के लिए दौड़े। पीड़ित भाग कर अपने घर के अंदर चला गया। भाजपा नेता ने अपने लेटर पैड पर लिखा है कि पीड़ित की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत की गई लेकिन दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोई विचार नहीं किया गया। भाजपा नेता के अनुसार जब प्रदेश के मुखिया सबके साथ सामन न्याय की बात कही जा रही है तो इस मामले में भेदभाव पूर्ण रवैया क्यों?

# हिन्दू सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ समरसता भोज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम संकटमोचन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को शॉपिंग स्क्वायर पार्क, सेक्टर डी सुशांत गोल्फ सिटी में किया गया द्य इस कार्यक्रम की शुरुआत वृन्दावन धाम से पधारे पूजनीय कथा वाचक पंडित जय प्रकाश ओझा द्वारा की गई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडिर डॉ राम प्रताप रहे ।मुख्य वक्ता लखनऊ विभाग के कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख धीरज, मातृ शक्ति वक्ता डॉ कीर्ति व कार्यक्रम अध्यक्ष अर्जुन शिव हरे ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही दीप प्रज्ज्वलित किया द्य कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अरविन्द त्रिपाठी ने किया। मुख्य वक्ता विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख धीरज भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को उन्नतिशील बनाये रखने हेतु हिन्दू का एकजुट और समरस होना नितांत आवश्यक है द्य मुख्य अतिथि पूजनीय कथा वाचक पंडित जय प्रकाश ओझा ने सभी से आह्वान किया कि सबको अपनी पहचान बनाये रखने हेतु तिलक लगाना, चोटी रखना और कालावा बांधना चाहिए द्य मातृशक्ति वक्ता डॉ कीर्ति ने समाज में अनुकूल परिवर्तन हेतु पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर डॉ राम प्रताप ने कहा कि सैनिकों की तरह ही देश के सभी नागरिकों को देश के लिए बलिदान देने हेतु सज्ज रहते हुए सभी को एकजुट रहना पड़ेगा तभी देश सुरक्षित रह पायेगा द्य तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष अर्जुन शिवहरे व प्रेम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और भारत माता की आरती के पश्चात मंच संचालक अरविन्द त्रिपाठी ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# खेल स्टेडियम निर्माण का शुभारंभ, विधायक ने किया भूमिपूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत जानकीपुरम के सेक्टर-जे स्थित खेल मैदान के विकास हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्य का विधायक डा. नीरज बोरा ने भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। बताते है कि अब तक वीरान पड़ी इस भूमि पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।

प्रस्तावित स्टेडियम में खेलकूद, शारीरिक व्यायाम एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। इसके निर्माण से क्षेत्र के बच्चों, युवाओं एवं खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और प्रतिभा निखारने के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध होगा। खेल मैदान के विकास से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा प्राप्त होगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि खेल मैदान केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी को रचनात्मक और सकारात्मक दिशा मिल सके। इस अवसर पर भाजपा लखनऊ उत्तर मंडल पांच के अध्यक्ष संजय तिवारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, पार्षद राजकुमारी मौर्य, निशा तिवारी, दीपक लोधी, सतीश वर्मा सहित लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## विधायक निधि से ब्लड बैंक को मिली एंबुलेंस




लखनऊ। रविवार को विधायक डा. नीरज बोरा ने विधान मण्डल क्षेत्रीय विकास निधि से लायंस ब्लड बैंक को एंबुलेंस प्रदान किया। एंबुलेंस के उपलब्ध होने से रक्तदान, रक्त संग्रह एवं आपूर्ति व्यवस्था के साथ-साथ आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इस अवसर पर लायंस ब्लड बैंक के पदाधिकारियों के साथ ही लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम चंद्र मिश्र, लायन मुकेश जैन, लायन परमजीत सिंह, लायन दलजीत सिंह, लायन विनीत श्रीवास्तव, लायन अशोक कुमार गौतम, लायन आनंद अरुणेश, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## मनाई गई संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जयंती

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैजुल्लागंज में संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर संगठन के महासचिव रमेश सिंह रवि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रवि चौधरी, सोनू गौतम, नंदकिशोर यादव, कामता प्रसाद पाल, सुलेखा, मंजू गौतम, करिश्मा जाटव, खुशी पाल, विवेक कुमार, देशराज गौतम, रामकुमार रावत, अनिल भारती, फूलचंद गौतम, सुधांशु गौतम, सुरेश रावत, कुलदीप गौतम, अंकित कश्यप व कपिल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## सूचना

ठाकुरगंज मल्लाही टोला स्थित मकान नंबर 444/155 निवासी सिद्धार्थ गौतम अपने पुत्र का वास्तविक नाम रिवान गौतम बताया है। जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश पुत्र का नाम अयांश वर्धन अंकित हो गया है। उक्त त्रुटि के कारण भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम को संशोधित कर रिवान गौतम के नाम से जाना और पहचाना जाए।

# मछरेहटा में मनरेगा बना लूटरेगा

## एक ही फोटो से दर्ज की जा रही हाजरियां, पारदर्शिता पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बडरावां में चल रहे मनरेगा कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनांक 31 जनवरी को एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर फर्जी हाजरियां दर्ज की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में नाम मात्र मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है, जबकि पोर्टल पर मनमाने ढंग से अधिक हाजरियां दर्ज कर दी जाती हैं। इससे योजना की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि– कार्य स्थल पर काम प्रगति पर होने के बावजूद

तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा समुचित सत्यापन नहीं किया जा रहा, या फिर पूरे मामले में जानबूझकर अनदेखी बरती जा रही है।



जबकि जनपद में जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा कार्यों में सख्ती, पारदर्शिता और नियमित निरीक्षण के स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, ऐसे में बडरावां पंचायत में सामने आई यह स्थिति प्रशासनिक निगरानी की कमजोरी अथवा संभावित मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

अब सवाल यह है कि– क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, या मनरेगा की मंशा पर ऐसे ही सवाल उठते रहेंगे?

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरूक अभियान का शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गंगवार द्वारा शपथ दिलाई गईं जिसमे जिला कुष्ठ अधिकार डॉ विकास मिश्र व जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ अनुभव पाण्डेय के द्वारा उपस्थित होकर समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई गईं जिसमे डॉ विकास मिश्र ने बताया कि इस अभियान को व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से कुष्ठ रोगियों को खोज कर एम डी टी द्वारा इलाज उपलब्ध कराना है जिससे कि कुष्ठ रोग के कारण होने वाले शारीरिक विकलांगता से बच सके। श्री मिश्र के द्वारा बताया गया कि कुष्ठ रोग को




कलंक या लाइलाज नही बल्कि एक रोग है जिसका इलाज सम्भव है। इसके साथ ही आर बी एस के टीम द्वारा स्कूलों में अभियान कर बच्चो की जाँच कर कुष्ठ रोग लगाया जायेगा और त्वरित उपचार किया जायेगा।

# सकरन में जल जीवन मिशन धराशायी, बूंद बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गड्ढा युक्त निकास मार्ग, खुदी आर सी सी व इंटरलाकिंग डे रहे हादसों को दावत फिर भी टोंटी तक नहीं आ रहा पानी**

सकरन/सीतापुर । क्षेत्र की समस्त ग्रामपंचायतों में अर्द्धनिर्मित पानी की टंकियों के सहारे करीब आधा दर्जन ही ग्राम पंचायतों में हो रही जलापूर्ति।

ग्रामपंचायत रसूलपुर, कोंसर, सेमराखुर्द, रउवापुर नेवादा,कम्हरिया खुन-खुन, कौवा खेरा जैसी ग्राम पंचायतों में पेयजल से खेतों की सिंचाई की जा रही है, नसीरपुर, सांडा, मजलिसपुर, रत्नापुर, किरतापुर, उल्लहा, जालिमपुर, सैदापुर, सकरन, सकरन खुर्द,शाहपुर,देवरिया, झउवा खुर्द, झउवा कला, पटना, अरुआ, महराजनगर, बेलवा, बेलवा बसहिया, ताजपुर सलौली,इस्माइल पुर, कुण्डी, अमिरती, अदवारी, गठिया कला,बरछता, कम्हरिया महरिया, चिल्हिया, लखनियापुर,पखनियापुर, दुगाना, काजीपुर, रेवान, देवतापुर, कंकरकुई, बगहाढाख जैसी ग्रामपंचायतों में पक्के व कच्चे मार्ग तो खुदे मिले पर जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं दिखी। सरकार के करोड़ों रूपए खर्च होने के बावजूद भी ग्रामीण एक एक बूंद पेयजल को तरस रहे। जल जीवन मिशन के चलते कागजों पर किया जा रहा हैंड पम्प मरम्मत व रिबोर क्षेत्रवासियों ने बताया कि जब से ये मोदी जी का हर घर नल मिशन आया है तब से रास्ते तो खुद गए पर पानी नसीब नहीं हुआ, अधिकतर टंकियां अधबनी पड़ी हैं तो गाँवो में लगे हैंडपम्प भी अपनी बदहाल स्थिति को बयां कर रहे हैं लेकिन बगैर रिबोर व मरम्मत कराए ही मनमाने तरीके से पंचायत सचिव व ग्रामप्रधान फर्जी भुगतान करवा रहे हैं, विगत चार वर्षों में जो नल पानी दे रहे थे वो भी देना बंद कर दिए हैं पर स्थानीय प्रशासन व शासन कोई सुध नहीं ले रहा है।

**मिशन के जरिए बढ़ी बेरोजगारी, युवाओं में सरकार के खिलाफ आक्रोश**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वृहद स्तर पर भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लग रहे हैं पूर्व वर्षों में प्रति ग्रामपंचायत दर्जनों युवाओं को विशेष व्यवसायों में प्रशिक्षण दिलवा दिया गया और आज तक उन्हें एक भी फूटी कौड़ी नहीं मिल सकी इसी तरह प्रति ग्राम पंचायत एस एच जी की महिलाओं को जल सखी बनाकर तो छोड़ दिया गया पर उन्हें भी आज तक खाली हाँथ ही रखा गया जबकि प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रूपए अवश्य बर्बाद किए गए जो सिर्फ सत्तापक्ष के वोटर बनकर रह गए, आज तक किसी प्रशिक्षु को रोजगार न दे पाने वाली, गली कूचों को गड्ढायुक्त करने वाली हजारों करोड़ घोटाले की योजना बनकर रह गई है पर अभी तक लोगों को नल नल मिला न ही जल व रोजगार जोकि सिर्फ सफ़ेद हांथी बनकर रह गया है जिससे युवाओं में सरकार के विरुद्ध आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# संपूर्ण हिंदू समाज के जागरण से ही भारत बनेगा पुनः विश्वगुरु : कमलेश मौर्य मृदु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । संपूर्ण हिन्दू समाज सजग व सबल हो तभी अपना भारत पुनः विश्व गुरु व विश्वशक्ति बनेगा।यह विचार राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री एवं जिला विमर्श प्रमुख साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने व्यक्त किए। वे त्रिभुवन दत्त इंटर कालेज परिसर में आयोजित रेउसा खंड के हिंदू सम्मेलन में उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आपने समाज के सब लोगों के साथ शुचिता करूणा व आत्मीयता पूर्ण व्यवहार से ही समाज में परिवर्तन लाकर ही राष्ट्र वैभवशाली बनेगा। जाति पंथ वर्ग वर्ण क्षेत्र आदि के आधार पर परस्पर विद्वेष न हो यह संकल्प हम सबको लेना होगा। हम राम को बेर खिलाते रहे खुद खाने में हैं सकुचाते रहे।

गले केवट राम लगाते रहे हम छाया से भी कतराते रहे।
जड़ पत्थरों की रहे पूजते मूर्तियां चेतन को ठुकराते रहे।
इसी पाप का शाप लगा हमको लुटते पिटते पछताते रहे।।
हम सिर्फ कथायें सुनायें नहीं उनकी भी व्यथाएं सुनें तो सही।
सब में सियाराम का अंश विराजित आचरणों में गुनें तो सही।




निज स्वार्थ के मार्ग को छोड़ के पावन त्याग का मार्ग चुनें तो सही,
नल नील व भील गले लगने को हैं आतुर राम बनें तो सही।।

उन्होंने कहा संघ की तपस्या व प्रयासों चलते हिंदू समाज के जागरण से आज भारत का गौरव तथा वर्चस्व पूरे विश्व में बढ़ा है

मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है।
पटखनी पर पटखनी दे जो उससे घात करता है।
बुलेट ए के सैंतालिस की कभी आयात करता था,
वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्यात करता है।।

श्री मृदु ने हिंदू समाज का आह्वान करते हुए करते हुए कहा
सत्य न्याय के लिए अड़ा हो वह हिंदू हैं।
निजता से कर्तव्य बड़ा हो वह हिंदू हैं।
हिंदू घर में मात्र जन्म लेना पर्याप्त नहीं,
हिंदू हित के लिए खड़ा हो वह हिंदू है।।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस हिन्दू सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद शुक्ल ने की।

विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अवधप्रांत की मंत्री लक्ष्मी पांडे ने पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवत द्वारा सुझाए गए पंचपरिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा सामजिक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्यों के अनुपालन से ही अपने समाज को जागरूक व सशक्त बनाकर देश हित में सन्नद्ध रहने का भाव जगाये तभी हमारा देश समुन्नत होगा। कार्यक्रम का संचालन डा. संदीप बाजपेई ने किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि कबीर मठ के वरिष्ठ संत गुरुशरण दास ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर खंड कार्यवाह उदय अवस्थी, खंड प्रभारी भारतीय किसान संघ विवेक मौर्य, प्रखंड संयोजक विहिप तन्नूलाल शास्त्री, कृतार्थ मिश्र व राममूर्ति लोधी की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

# बिसवां में मुख्य सेविका निर्मला द्विवेदी का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर. । बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत कार्यालय बाल विकास परियोजना बिसवां में कार्यरत मुख्य सेविका निर्मला द्विवेदी के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में बाल विकास परियोजना अधिकारी हरीश मौर्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा सेवानिवृत्त मुख्य सेविका निर्मला द्विवेदी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री मौर्य ने बताया कि श्रीमती निर्मला द्विवेदी ने लगभग 30 वर्षों तक विभाग में सेवाएं प्रदान कीं और अपने सेवाकाल में विभागीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ किया। विभाग के प्रति उनका योगदान सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सेविका सुहैला, बीना एवं बिंदेश्वरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए श्रीमती द्विवेदी के कार्य एवं व्यवहार की सराहना की। अन्य उपस्थित कर्मचारियों ने भी उनके सहयोगपूर्ण एवं अनुशासित कार्यशैली की प्रशंसा की। सेवानिवृत्त मुख्य सेविका निर्मला द्विवेदी ने वर्ष 1995 से प्रारंभ अपने विभागीय सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें विभिन्न जनपदों एवं परियोजनाओं में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उन्हें निरंतर सहयोग मिला। कार्यक्रम के समापन पर बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री हरीश मौर्य ने श्रीमती निर्मला द्विवेदी को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्रीमती निर्मला द्विवेदी पुत्री अंकिता और दामाद विश्वास ने भी अपने अनुभव साझा किया । इस अवसर पर मुख्य सेविका शीतल तिवारी, शिखा, शशि वर्मा, प्रियांशी बाजपेई, सविता, शशि द्वितीय, प्रधान सहायक विनीता, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेहजम में गन्ने के खेत में भीषण आग, एक एकड़ फसल जलकर राख

बेहजम खीरी । बेहजम क्षेत्र में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राजरानी माता शिक्षा निकेतन स्कूल के पास स्थित गन्ने के खेत में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब एक एकड़ में खड़ी गन्ने की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग की लपटें और धुएं का घना गुबार काफी दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह खेत अशोक कुमार, निवासी बेहजम का है। खेत में अचानक आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जब खेत से धुआं उठता देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस और आपात सेवाओं को दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 की टीम और पुलिस चौकी इंचार्ज सिद्धार्थ पवार तत्काल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल/समन गाड़ी को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास के अन्य खेतों और रिहायशी इलाके को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन किसान अशोक कुमार को गन्ने की फसल पूरी तरह जल जाने से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ने बताया कि फसल कटाई के करीब थी और इस आग से उन्हें काफी क्षति हुई है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह अज्ञात बताई जा रही है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में आग से संबंधित सावधानियां बरतें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस या दमकल विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला संगठन मंत्री ने किया अनिश्चित कालीन धरना

कसमंडा कमलापुर । बीती 20 जनवरी 2026 को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला संगठन मंत्री सीतापुर अनिकेत सिंह ने एस डी एम सिधौली राखी वर्मा को ज्ञापन देकर आरोप लगाया था कि विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत हरदी मजरा हरदी पुरवा मे बन रहे अस्थाई गोआश्रय स्थल मे ठेकेदार सुरेन्द्र वर्मा द्वारा लेखपाल से बिना भूमि का चिन्हाकन कराए किसान छविनाथ व श्रीराम पुत्रगण सरजू की जमीन पर अबैध रूप से कब्जा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है कई दिन बीत जाने के बाद भी कार्यवाई न होती देख किसान नेतां सनिवार को धरने पर बैठ गए सूचना पर राजस्व टीम के साथ मौकेपर पहुची नायब तहसीलदार सिधौली शशिबाला गो संरक्षण का हवाला देते हुए किसान नेता पर हमलावर हो गई किसान नेता और नायब तहसीलदार के बीच लम्बे समय तक तीखी नोक-झोंक होती रही अतं मे जब राजस्व टीम द्वारा किसान के खेत की पैमाइस की गई तो खेत मौकेपर कम निकला नायब तहसीलदार ने अपनी मौजूदगी मे खेत की पैमाइस सही कराकर किसान का खेत आगे खाली पणी भूमी मै पूरा कराया इस मौकेपर थाना प्रभारी कमलापुर इतुल चौधरी दल बल के साथ मुस्तैद रही मौकेपर बडी सख्या मे किसान संगठन के लोग भी मौजूद रहे ।

## शासनादेश का किया जा रहा उल्लंघन लगातार सिंगल पारी में की जा रही अटेंडेंस अपलोड

बेहटा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मामला ग्राम पंचायत हज़तपुर का है जहां पर एक तरफ जनपद में तेज तर्रार जिलाधिकारी राजा गणपति आर की आमद से भ्रष्टाचारियों में दहशत का माहौल हैं वहीं पर ब्लॉक बेहटा की ग्राम पंचायत हजतपुर बिना किसी खौफ के फर्जीवाड़ा की चादर बुनने में मगसुल है प्रधान,और मेट की मिली भगत से फर्जीवाड़ा को अंजाम दे रहे हैं विगत 18 जनवरी को 3 एम,आर पर 20 श्रमिक,19 जनवरी को 3 एम,आर पर 20 श्रमिक 25 जनवरी को 8 एम, आर पर 70 श्रमिक 27 जनवरी को 8 एम, आर पर 72 श्रमिक 29 जनवरी को 8 एम, आर पर 70 श्रमिक 30 जनवरी को 7 एम, आर पर 61 श्रमिक तथा 31 जनवरी को 8 एम, आर पर 73 श्रमिकों के साथ 1 फरवरी को 11 मस्टर रोल पर 83 श्रमिकों की अटेंडेंस सिंगल पारी में अपलोड की गई और तो और 30,31 जनवरी को मेट अकीला बानो के द्वारा अटेंडेंस लगाई गईं वहीं 18,19,25,27,29 जनवरी को मस्टर रोल पर चित्रांकन करने वाले का कोई नाम ही नहीं दिया गया जो फर्जीवाड़ा की अहम पुष्टि करता है शासनादेश के तहत ब्लॉक स्तर से जारी पत्र पत्रांक संख्या 6781 दिनांक 1/12/2025 को जारी एवं निर्देशित समस्त रोजगार सेवक इस आशय से की सिंगल पारी में लगाई गईं अटेंडेंस को फर्जी मानते हुए श्रमदान घोषित कर दिया जाएगा तो क्या ग्राम पंचायत हजतपुर। में भी जितनी तिथियों में सिंगल पारी अटेंडेंस अपलोड की गई है सभी को शासनादेश का उल्लंघन मानते हुए समस्त मस्टर रोल श्रमदान घोषित हो पाएगा या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा या फिर जिम्मेदार बंदरबाट में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा उपरोक्त विषयों से संबंधित पुष्टि के लिए जब कैनविज टाइम्स संवाददाता ने हजतपुर में तैनात टी,ए अतुल कुमार रस्तोगी से फोन पर संपर्क करना चाहा तो कई बार फोन लगाने पर भी महोदय ने फोन उठना उचित नहीं समझा

## पाइप लाइन में लीकेज घरों में नही पहुचता पानी

मानपुर /सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जल जीवन मिशन के द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज होने से ग्रामीणों व राहगीरों की बड़ी समस्या बनी हुई है। लीकेज के चलते सड़?को पर गलियों में कीचड हो जाता है। बिसवाँ ब्लाक की ग्राम पंचायत मानपुर में बीते एक माह से पाइप लाइन लीकेज की समस्या है।कार्य करने वाली संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों का आना जाना लगा रहता है। परन्तु यह समस्या से सभी मुंह फ़ेर कर चले जाते उनका कागजों पर सर्वेक्षण पूरा हो जाता है। वही इससे ग्रामीणों के घरों तक पानी नही पहुंच पाता है। दिक्कते उठानी पड़ती है। यही नही कार्यदाई संस्था की मनमानी के चलते सही से रास्तों की मरम्मत भी नही हो सकी है।

## जिला सहकारी बैंक के वरिष्ठ कैशियर वीरेंद्र पाण्डेय सेवानिवृत्त।

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला सहकारी बैंक शाखा जहांगीराबाद के वरिष्ठ कैशियर वीरेंद्र पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से शाखा बिसवा मे सम्पन्न हुआ। इसमें शाखा प्रबंधक बिसवां अमित सिंह ने उनके साफ सुथरे कार्यकाल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला सौंपी। वहीं संदीप सिंह ने धार्मिक पुस्तक भेंट की। जहांगीराबाद, सकरन, रेउसा, सांडा, सदरपुर एवं भूमि विकास बैंक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ए0ई0आर0ओ0 ने किया बूथों का निरीक्षण

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार 31 जनवरी को विधानसभा 150 सेवता अन्तर्गत बिसवां तहसील के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद पर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लगाकर नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 तथा परिवर्धन के लिए फार्म- 8 भरवाने का कार्य किया गया। इस दौरान बूथ संख्या 265 से 272 का निरीक्षण ए0ई0आर0ओ0 आशाराम ने किया। उनके साथ सुपरवाइजर के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी मौजूद थे। निरीक्षण में ए0ई0आर0ओ0 ने सभी बीएलओ से फार्म 6 व 8 की उपलब्धता तथा उन्हें भरे जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा नोटिसों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर बीएलओ सुनीता वर्मा, अफरोज जहां, मेहनाज बेगम, फिरोज आलम, शीला श्रीवास्तवा, निशा वर्मा, सुमन कुमारी वर्मा, सुनीता देवी वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि मुशीर अहमद, बीएलए सुधाकर मिश्र, कन्हैया रस्तोगी व वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

# तीन दिस ले लापता मासूम की दर्दनाक मौत केले के खेत में मिला अधखाया शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी । कोतवाली निघासन क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तीन दिनों से लापता मासूम बच्चे मुन्ना (पुत्र मदारू) का अधखाया शव गांव के पास स्थित कब्रिस्तान के निकट केले के खेत में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और दहशत का माहौल बन गया।परिजनों के अनुसार मासूम मुन्ना बीते तीन दिनों से अचानक घर से गायब था। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे और मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। पुलिस द्वारा भी बच्चे की खोजबीन की जा रही थी, लेकिन रविवार सुबह खेत में शव मिलने की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया। शव मिलने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाली निघासन पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।




प्रथम दृष्टया शव की स्थिति बेहद दर्दनाक बताई जा रही है, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक के साथ-साथ भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के इलाकों की भी छानबीन की जा रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता है और सभी जल्द से जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला से लूट जेवरात लेकर फरार हुए बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी । लखीमपुर खीरी जनपद में लगातार सामने आ रही चैन स्नैचिंग और लूट की घटनाओं के बीच निघासन कस्बे से एक और चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके गले से मंगलसूत्र और कानों से सोने के कुंडल नोच लिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और महिलाओं में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना निघासन कस्बे की है, जहां कुछ संदिग्ध लोगों ने पहले महिला से बातचीत की। इसके बाद आरोपियों ने चालाकी से महिला को नशीला पदार्थ सुंघाया, जिससे वह अचेत अवस्था में चली गई। महिला के होश में न रहने का फायदा उठाकर आरोपियों ने उसका मंगलसूत्र और सोने के कुंडल निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। घटना की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में संदिग्धों को कस्बे में घूमते और वारदात से पहले कुछ लोगों से बातचीत करते हुए देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।



पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। पीड़ित महिला से पूछताछ के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से आम लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने कस्बे में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अजनबी से अनावश्यक बातचीत न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# एक पंजीकरण पर दो निजी हॉस्पिटल संचालित, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित अस्पताल अपने मुनाफा के चक्कर में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के कई हास्पिटल, पैथालाजी डिलीवरी केंद्र धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी,फिर भी बुखार से लेकर डिलीवरी तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से चूक नहीं रहे हैं। इसी के चलते मरीजों की मौत हो रही है ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ हैं। इनका आशीर्वाद और मेहरबानी बनी हुई है इसके बिना कुछ भी संभव नहीं है। शहर का एक हॉस्पिटल तो पंजीकृत है लेकिन दूसरा बिना रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। एक ही नाम से दो हॉस्पिटल चर्चा का विषय बने हुए है, सहसवान में कोई प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं है। दातागंज में हॉस्पिटल एक गर्भवती की मौत होने के बावजूद नहीं चेते अधिकारी, कस्बा दातागंज कांसपुर रोड हॉस्पिटल इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला कुसम देवी के पति अजय पाल निवासी कनकपुर की शिकायत पर आरोपी आयुष चिकित्सक डॉ. जोहरा फात्मा और स्टाफ के खिलाफ संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच में पाया गया कि यह अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा था। इसके अलावा, अस्पताल में अवैध गर्भपात सेंटर चलाए जाने और आयुष डॉक्टर द्वारा सर्जरी किए जाने की बात भी सामने आई है। परिजनों का आरोप है कि हालत बिगड़ने पर अस्पताल स्टाफ ने मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और मरीज को बाहर नहीं जाने दिया, जिसके कारण तड़प-तड़प कर शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। सूत्रों से हुई जानकारी में पता चला कि यह अस्पताल संचालक पहले से किराये के मकान में संचालित कर रहा था। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है स्वास्थ्य विभाग के बाबुओं और अस्पताल संचालकों के गठजोड़ से अस्पताल संचालित हो रहा है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खामोश हैं। उझानी में नर्सिंग होम दो बार सील होने के बावजूद हो रहा संचालित, उझानी में बिना पंजीकरण चल रहे आशा नर्सिंग होम में प्रसव से पहले गर्भवती की 26 दिसंबर 2024 को मौत हो गई थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव अढ़ौली निवासी ज्योति (22 वर्ष) पत्नी राधेश्याम को प्रसव के लिए बाइपास स्थित आशा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। मौत के इस अस्पताल को सील किया गया था। एक सप्ताह में खोल दिया था इससे पहले भी दो बार नर्सिंग होम विभाग ने सील किया, बावजूद इसके यह अब भी संचालित है। इसके अलावा आशीर्वाद नर्सिंग होम 10 नवंबर 2025 को सील किया गया था। यह कार्रवाई एसीएमओ डॉ. मोहन झा द्वारा एक शिकायत के आधार पर की गई थी। जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधन रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई भी वैध प्रमाण पत्र दिखाने में विफल रहा था। चार अन्य अस्पताल भी सील किए गए थे, जो अब भी बिना रोकटोक बाबुओं की मिलीभगत से नाम बदलकर अस्पताल संचालित हैं। बिसौली में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हुआ था सील अपोलो के नाम से अब भी संचालित, बिसौली कस्बे में बिल्सी रोड़ जीवन हेल्थ केयर व अपोलो निजी अस्पताल में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर 31 जुलाई 2024 जुलाई को जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। गुस्साए परिवार वालों ने अस्पताल के सामने हंगामा किया। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल सील करा दिया था। दोबारा अपोलो के नाम से अस्पताल संचालित हो रहा है।इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी फिर भी धड़ल्ले से डिलीवरी कर रहे हैं। अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों में इलाज में लापरवाही से मौतों का सिलसिला जारी है। ऐसी शिकायतें बढ़ने पर डीएम अवनीश राय ने डीएचएस की बैठक में सीएमओ को कड़े निर्देश दिए थे अवैध अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई करें। पंजीकृत अस्पतालों की सीएचसी,सीएमओ ऑफिस पर सूची चस्पा करें। बावजूद इसके जिले में अवैध तरीके से संचालित होने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार रोक नहीं लगा पा रहे हैं। इसके अलावा शहर से लेकर कस्बों तक कुकुरमुत्ते की तरह गली-गली में अवैध अस्पताल, पैथालाजी सेंटर व प्रसव केंद्र संचालित हो रहे हैं।

# गरीब-किसान-युवा-महिला और मध्यम वर्ग के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है बजट 2006 : प्रकाश पाल

**एजेंसी**

कानपुर। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र के लिए सिंचाई, जल संरक्षण एवं जल जीवन मिशन से जुड़े प्रावधान ऐतिहासिक साबित होंगे। किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीक, फसल बीमा एवं कृषि अधोसंरचना को मजबूती देने से क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। यह बातें रविवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही।

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर प्रकाश पाल ने कहा कि आम बजट 2026ऽ27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट है। सड़क, रेल, आवास एवं अन्य बुनियादी ढांचे में निवेश से उत्तर प्रदेश में विकास की गति और तेज होगी।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में बढ़े प्रावधान बुंदेलखंड के दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सुविधाएँ पहुंचाएंगे। मध्यम वर्ग को कर राहत एवं रोजगार सृजन से जुड़े निर्णयों से युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु किए गए प्रावधान सामाजिक परिवर्तन को गति देंगे।

यह बजट केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बजट है। विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को जनता समझ चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास जता रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आम बजट 2026ऽ27 बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने की मजबूत आधारशिला रखता है।

## सदाचारी व्यक्ति ही धार्मिक होता है : आचार्य संजीव रूप

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिल्सी तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी ग्राम में स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया गया अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ करते हुए कहा ल्लनाम राम धर लेने से यदि व्यक्ति सदाचारी हो जाते तो फिर रामपाल रामरहीम आसाराम जेल की हवा ना खाते,भगवान राम का नाम लेते हैं काम रावण वाले करते हैं तो उद्धार कैसे होगा ? समाज में ऐसे व्यक्ति निंदा के पात्र बनते हैं ।भगवान राम की सच्ची पूजा यही है कि हम सदाचारी हों, माता-पिता के सेवक हो, बुजुर्गों का गुरुओं का आदर करने वाले हों , अपनी पत्नी के प्रति वफादार हों तथा चरित्रवान हों ! आचार्य संजीव रूप में आगे कहा ल्लहमारे अनेक शत्रु हमें घेरे हुए हैं जो हमें सुखी नहीं होने देते ! उन शत्रुओं में पहला शत्रु आलस्य है ,दूसरा हमारा अहंकार है , तीसरा दिखावे की जिंदगी चौथा आय से अधिक खर्च !प्रश्रय आर्य ने भजन गया शरण प्रभु की आओ रे यही समय है प्यारे ! आज के यजमान राकेश आर्य और उनके धर्मपत्नी रहे, कार्यक्रम में विचित्रपाल सिंह, पंजाब सिंह, श्रीमती कमलेश रानी ,श्रीमती संतोष कुमारी,श्रीमती रेखा रानी ,श्रीमती सरोजा देवी , तथा आर्य संस्कारशाला के बच्चे मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदू सम्मेलन संपन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिव देवी सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन लाल राजपूत ने की तथा अयोध्या प्रसाद शर्मा उपाध्यक्ष रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता मयंक राज जी रहे।कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष स्वामी मेधानंद सरस्वती महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरएसएस विभाग समन्वयक सीमा रानी, जिला प्रचारक भरत लाल, नगर प्रचारक तुलसीदास, विभाग कार्यवाह जगजीवन राम, विभाग संपर्क प्रमुख मनीष सिंघल सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा वंदना व स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि स्वामी मेधानंद सरस्वती महाराज ने गायत्री मंत्र के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृति है और इसे सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गीता और रामचरितमानस का नित्य पाठ करना चाहिए। कार्यक्रम में ममता शर्मा ने देश के शहीदों को समर्पित गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। मुख्य वक्ता मयंक राज जी ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा और समाज परिवर्तन के पांच संकल्पों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के संयोजक वेद रत्न शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। वहीं धर्मा ट्रस्ट के संचालक राणा प्रताप जी द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## आम बजट 2026 किसानों के साथ एक धोखा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजेश कुमार सक्सेना ने 2026 की बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा किसानों के साथ धोखा हुआ यूरिया खाद का कट्टा 40 किलो का किया गया भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बरेली मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने 2026 की बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा किसानों के साथ धोखा हुआ यूरिया खाद का कट्टा 40 किलो का किया गया महंगाई बड़ी परंतु किसान सम्मन निधि में किसानों के लिए कोई वृद्धि नहीं हुई किसानोको निराशाजनक बजट है, गरीब जनता गांव की जनता के लिए कुछ भी हाथ में नहीं आया यह बजट विदेशी कंपनी और उद्योगपति पूंजी पतियों वाला बजट है मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा किसानों की मांग में एम एसपी पर भी नहीं दिया ध्यान। देश की किसानों के साथ धोखा है वजट

## विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए 09 फरवरी तक कर सकते है आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले आयु 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के द्वारा राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले युवक-युवतियों को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए इच्छुक युवक-युवतियां 09 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विवेकानन्द यूथ एवार्ड के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बहराइच के कार्यालय अथवा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनम्र शुक्ला के मो.न. 6394188538 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# भारत को वैश्विक अग्रणी बनाने वाला बजट : राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। विकसित भारत बजट भाषण सत्र के अंतर्गत केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रस्तुतीकरण को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, नगर पालिका दातागंज में दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी नगर पालिका में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य तथा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद में लाइव प्रसारण को सुना। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट मोदी सरकार की संवेदनशील, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, जांच और प्रारंभिक उपचार पर दिया गया विशेष जोर स्वस्थ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में 'भारत विस्तार' जैसे बहुभाषी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मंच के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक, जानकारी और वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ा जाएगा। वहीं उच्च गति रेल गलियारों, औद्योगिक विकास और हरित निवेश से जुड़े प्रावधान देश की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं। साथ ही राजकोषीय घाटे और ऋण-से-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में निरंतर नियंत्रण यह प्रमाणित करता है कि मोदी सरकार विकास के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन को भी समान रूप से महत्व देती है। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और अधिक सशक्त करता है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा मोदी सरकार ने सदैव लोक-लुभावन घोषणाओं के बजाय ठोस सुधारों और निर्णायक नीतिगत फैसलों को प्राथमिकता दी है, जिसका स्पष्ट प्रतिबिंब केंद्रीय बजट 2026-27 में दिखाई देता है। घरेलू विनिर्माण क्षमता, ऊर्जा सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर बारह लाख बीस हजार करोड़ रुपये करना यह दर्शाता है कि सरकार विकास को गति देने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त करने के लिए व्यापार प्राप्ति एवं छूट प्रणाली, सरकारी ई-मार्केटप्लेस तथा ऋण गारंटी जैसे प्रावधान छोटे उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। यह बजट आम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक नीति स्पष्ट दिशा और मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 आत्मनिर्भर भारत की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है। इस बजट में आर्थिक विकास के साथ सामाजिक संतुलन को भी पूरी गंभीरता से साधा गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निवेश को लगातार बढ़ाकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बुनियादी ढांचे, उद्योग और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाले हैं। यह बजट देश के युवाओं, किसानों और श्रमिक वर्ग के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा केंद्रीय बजट 2026-27 मोदी सरकार की दूरदर्शी, जिम्मेदार और राष्ट्रहित को समर्पित सोच का प्रतीक है। इस बजट में विकास को गति देने के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर घरेलू विनिर्माण, ऊर्जा सुरक्षा और आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया गया है। कृषि क्षेत्र में तकनीक आधारित पहल, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास और उद्यमियों को सशक्त करने वाले प्रावधान यह दर्शाते हैं कि सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, डॉ अरुण प्रकाश, नेकपाल कश्यप, राघवेंद्र यादव, उदयवीर सिंह, धीरज पटेल, सीमा राठौर, अमिता उपाध्याय, रानी सिंह पुंडीर, गोपाल शर्मा, अजय मथुरिया, सहदेव सागर, संजीव पाराशरी, मुनीश अग्रवाल, जितेन्द्र साहू, पंकज शर्मा, डी वी सिंह पटेल, शेखर साहू, उपेंद्र उपाध्याय, अचल शर्मा, दीपक सक्सेना, रचना शंखधार, ममता वर्मा, योगिता रस्तोगी, राकेश साहू, हिमांशु सक्सेना, अभिषेक मथुरिया, हिमांशु साहू, आरिफ खान बंटी, मुजाहिर खान, पी के वर्मा, एजाज खान, राजा कमालुद्दीन, संतोष देवल, डी पी पाल, संजीव सागर, रचित साहू, रिंकू गुप्ता, अमन साहू, आकाश पाल, अमन गुप्ता, अनुभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला महिला अस्पताल में गंदगी का अंबार ओपीडी गैलरी कबूतरों की बीट से पटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। जिला महिला अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। अस्पताल की ओपीडी गैलरी कबूतरों की बीट से पटी पड़ी है, जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू और गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। अस्पताल परिसर में नियमित सफाई न होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो फोन आउट ऑफ रीच मिला, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही उजागर होती है। इसके साथ ही अस्पताल में ड्यूटी चार्ट पर तारीखें समय से नहीं बदली जा रही हैं, जिससे कर्मचारियों कीउपस्थिति और कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। मरीजों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# उन्मुख फाउंडेशन के सहयोग से दिव्यांगजनों को दिया गया कंबल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांग जनों को उन्मुख फाउंडेशन के प्रयास से कंबल दिलाया गया। बीते दिनों सलोन के बघौला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्मुख फाउंडेशन की प्रबंधक रीता पाण्डेय के प्रयास से स्थानीय स्तर के दिव्यांग जनों को कंबल वितरित कराकर भीषण ठंड से राहत दिलाया गया जिसकी दिव्यांग जनों ने जमकर प्रशंसा की। दिव्यांग रोहित लाल एवं रईस ने कहा कि उन्मुख फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग बच्चों के लिए निरंतर सहयोग करता रहा है जिससे विकास क्षेत्र डीह, छतोह एवं सलोन के दिव्यांग जनों को काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कुछ दिन पूर्व योग दिवस पर दिव्यांगों को योग कराया गया इसके बाद व्यापार मंडल एवं अन्य संस्थाओं द्वारा ठंड में कंबल की सुविधा दिलाई गई।

# संपूर्णता अभियान 2.0 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल (बहजोई)। आज विकासखंड गुन्नौर में तीन माह के राष्ट्रव्यापी अभियान जोकि 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले संपूर्णता अभियान 2.0 को लेकर शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ. प्र. श्री धर्मवीर प्रजापति जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव जी एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गन्नौर श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री हरेंद्र सिंह रिंकू जी रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों जैसे आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष को पुष्प एवं पुस्तक तथा अंग वस्त्र से स्वागत किया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने संपूर्ण अभियान 2.0 के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी, जिसमें नई लक्ष्य, निरंतरता, संस्थागतकरण, अभिसरण और जनभागीदारी के विषय में मा. प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया। नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉकों ( गुन्नौर एवं असमोली) के 6 संकेतांक के विषय में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा तथा यह कार्यक्रम देश भर के 112 जिलों और 513 ब्लॉकों को कवर करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत उप कृषि निदेशक डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा फसलों में लगने वाले रोग, खरपतवार, कीट आदि के विषय में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने खेती में गोबर की खाद के प्रयोग करने जैविक खेती को अपनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया।जिला विकास अधिकारी द्वारा भी संपूर्णता अभियान 2.0 के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने इसके अंतर्गत 6 इंडिकेटर के विषय में बताया, जिसमें बच्चों को नियमित रूप से पूरा पोषण देना, बच्चों की माप दक्षता करना, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय होना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा होना, तथा स्कूलों में बालिका शौचालय होना शामिल हैं।

उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी पशुओं के टीकाकरण को लेकर जानकारी दी और उन्होंने कहा कि ग्रामवासी टीकाकरण में सहयोग करें। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा अपने संबोधन में कहा कि पिछले वर्ष 6 संकेतांक में से 5 संकेतांकों में संतृप्त होने के कारण जनपद को रजत पदक प्राप्त हुआ था। इस बार भी यह एक अभियान के रूप में लिया जाएगा तथा पूरे संकेतांकों को संतृप्त करना हमारा प्राथमिकता में रहेगा।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि मा.प्रधानमंत्री जी द्वारा संकल्प लिया गया है कि 2047 तक संपूर्ण देश को विकसित करना है और उन्होंने कहा कि सब लोगों को एक साथ मिलकर देश के प्रति प्रेम एवं लगाव को रखते हुए साथ में कार्य करना है और देश को विकसित करना है।

प्रभारी मंत्री जी द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि हर ब्लॉक, परिवार, और जनपद को विकसित करना है। उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना और पॉलिथीन के प्रयोग को कम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा कपड़े के थैले के प्रयोग को लेकर जागरूक किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा धन्यवाद संबोधन में कहा गया कि 2047 तक विकसित भारत आप सभी लोगों के माध्यम से ही होगा। मंच का संचालन जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा किया गया।

# कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



महराजगंज,रायबरेली। विगत माह की भांति इस माह भी 1फरवरी 2026 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पी?सी? इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड दिनेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 फरवरी को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड दिनेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बी.ओ. राजेश कुमार राय, ए.सी.सी. बुध्दिसेन शर्मा, होमगार्ड राम प्रताप यादव, मेवा लाल गौड़, अनुज सिंह, रामदास यादव, शिवकरन यादव, रामकुमार सिंह, सतीश प्रताप सिंह, लाल मोहम्मद, कमलाकांत शास्त्री, तेज कुमार, सुरेश कुमार यादव, शिव शंकर मिश्रा, रामकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, ईशामोहम्मद, छिटई प्रसाद, राम यश मौर्या सहित आदि उपस्थित रहे।

# दबंग भूमाफिया पर जमीन हथियाने का लगा आरोप

## जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करने की दिया चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जहां एक तरफ योगी सरकार जीरो टॉल रेंस की बात करती है वहीं दूसरी तरफ दबंग भूमाफिया दूसरे की जमीन हथियाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं,बता दें कि एक वृद्ध प्रार्थी राजपति सिंह पुत्र स्वर्गीय रामनरेश सिंह निवा सी ग्राम चरौंहा, थाना-परसपुर जिला-गोण्डा का निवासी है। जिसने पुलिस अधीक्षक को अपने लिखित तहरीर में बताया कि प्रार्थी बचपन से ही ग्राम महेशपुर, परगना नवाबगंज, तहसील तरबगंज में रहने लगा,और वहीं रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की, जिसमें कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या फैजाबाद से बीए, एलएलबी की पढ़ाई पूरी की, और ग्राम महेशपुर में रहने के दौरान प्रार्थी ने कई खातेदारों की भूमि पर काबिज व दखील हो गये और कृषि कार्य करने लगे। इसी दौरान गांव में चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ हुई और दौरान चकबन्दी दीर्घकालीन कब्जे के आधार पर कई नम्बरान सहायक चकबन्दी अधिकारी के आदेश से बकाया लगान जमा करते हुये प्रार्थी का नाम संक्रम णीय भूमिधर दर्ज कागजात हुआ और प्रार्थी का नाम आधार



वर्ष व सीएच 23, सीएच 41, सीएच 45 बनते हुये सीएच 45 की नई खाता संख्या-103 की गाटा संख्या-399/9.16 एकड़ दर्ज कागजात हुआ और उसके बाद कई खतौनियां प्रार्थी के नाम बनीं। ग्राम महेशपुर के कुछ भू-माफिया एक कथित महिला संजू देवी उर्फ गायत्री देवी कथित पुत्री राजपति सिंह का बताकर प्रार्थी के नाम दर्ज भूमि गाटा संख्या-399 का प0क0-11 का आदेश दिनांक-27.07.2006 को दर्ज कागजात करा लिया। प्रार्थी को जानकारी होने पर प्रार्थी ने उक्त प0क0-11 आदेश निरस्त कराने का प्रार्थना पत्र तहसील तरबगंज में दिया, जो काफी समय तक विचाराधीन रहा। इसी दौरान भू-माफियाओं द्वारा प्रार्थी की उक्त पत्रावली तहसील से गायब करा दी गई और उक्त प0क0-11ख आदेश दिनांक-27.07.2006 के आधार पर संजू देवी उर्फ गायत्री देवी ने उक्त भूमि का बैनामा कई लोगों को कर दिया। प्रार्थी तभी से सक्षम अधिकारियों के समक्ष दौड़ रहा है, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। प्रार्थी ने उक्त फर्जी प0क0-11 आदेश के विरूद्ध थाना तरबगंज जनपद गोण्डा में मुकदमा अपराध संख्या-492/2024 विपक्षीगण के विरूद्ध पंजीकृत कराया, जिसमें विवेचक महोदय द्वारा विपक्षीगण के प्रभाव में आकर अन्तिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। जिससे प्रार्थी काफी आहत है। 18 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से दर्ज की गई प0क011ख आदेश 27 जुलाई 2026 को निरस्त नहीं किया गया तथा प्रार्थी जीवित होते हुये भी मृतक की श्रेणी में बना हुआ है जो प्रा र्थी के साथ घोर अन्याय है। यदि मुकदमा अपराध संख्या-492/2024 की पुनः निष्पक्ष विवेचना नहीं करायी गयी तो प्रार्थी मजबूर होकर जिलाधिकारी महोदय के आवास के सामने आत्महत्या करने को मजबूर होगा।

# 50, हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में एसटीएफ लखनऊ टीम के म द्वारा थाना धानेपुर में गैंगेस्टर एक्ट से सम्ब न्धित 50,हजार के इनामिया शातिर अभियुक्त आकाश यादव पुत्र इन्दल यादव निवासी डेबरी कला थाना धानेपुर को कटरा रेलवे स्टेशन के सामने से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियु क्त आकाश यादव का एक सक्रिय गिरोह है जो लूट आदि की घटनाएं करता है।इसके गिरोह में सुमित तिवारी,संदीप मौर्या,आदित्य कश्यप, हर तू कश्यप आदि मुख्य रूप से सक्रिय है।यह अ पने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर 23 अप्रै ल 24 को रात्रि साढ़े नौ बजे थाना कोतवाली देहात अंतर्गत आंख में मिर्ची पाउडर डाल कर एक बाइक सवार से लूट की घटना किया था।


29 अप्रैल 24 को रात्रि साढ़े सात बजे थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक बाइक सवार दो व्यक्तियों की आंख में मिर्ची पाउडर डाल कर 40 हजार रूपये की लूट किया था। 21 मई 24 को रात्रि

साढ़े 11 बजे थाना खरगूपुर, गोण्डा अंतर्गत एक बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोक कर नौ हजार रूपये और मोबाइल फोन की लूट की घटना को अंजाम दिया था,दो जून 24 की रात्रि 11 बजे थाना मोतीगंज क्षेत्र में एक रिक्शा चा लक को चाकू मार कर लूट किया था। दो जून 24 को रात्रि साढ़े आठ बजे थाना धानेपुर था ना क्षेत्र में एक बाइक सवार दो व्यक्तियों से लूट किया था।वर्ष 2025 में इसके विरूद्ध थाना धा नेपुर में गैगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत हु आ था तब से यह फरार चल रहा था पुलिस म हानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा अभियुक्त आकाश यादव की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का ईनाम घोषित किया गया था जिसको लखनऊ एसटीएफ की टीम द्वारा अभियुक्त आकाश यादव पुत्र इन्दल यादव को कटरा रेलवे स्टेशन के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया।

# नकली असलहों से रील बनाकर रौब जमाने, वाला युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में नकली असलहों से सोशल मीडि या पर धमकी भरे गानों पर रील बनाना चार यु वकों को महंगा पड़ गया।नवाबगंज थाना क्षेत्र पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से नकली हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की है।शाहपुर निवा सी ताहिर ने अपने तीन अन्य साथियों, बस्ती के अंश मिश्रा,मोहसिन और दिग्विजय पांडेय के साथ मिलकर एक बसपा नेता की गाड़ी के पा स खड़े होकर फिल्मी गानों पर नकली असल हों के साथ रील बनाई थी।रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से दो एयर गन और ए क नकली प्लास्टिक का पिस्टल बरामद किया है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रौब जमाने और लोगों में



दहशत फैलाने के लि ए इस तरह की रील बनाकर सोशल मीडिया पर साझा की थी।बताया जा रहा है कि ये सभी आरोपी मनकापुर के बसपा नेता अब्दुल राजि क उस्मानी के यहां काम करते हैं।उन्होंने उस्मा नी के घर की एयर गन का इस्तेमाल कर यह वी डियो बनाया था। वीडियो में ''नाम हम झगड़ा चाहित हय जो जो हमसे ढेर बोलत हय सीधय बंदूक दगीत हय। गाने का इस्तेमाल किया गया था।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भं ग की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पु लिस ने उन्हें चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी हरकत करने पर उनके खिलाफ और कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि समाज में इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा एंगे।

# बीडीओ व एपीओ और तकनीकी सहायक की छत्रछाया बना भ्रष्टाचारियों का सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । विकास खंड मनकापुर की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात एपीओ और तक नीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉक में तैनाती होती है,वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किए ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अव सर नहीं छोड़ते हैं। इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।जिले के विकास खंड मनकापुर की ग्राम पंचायत सिसवा,तुर्काडीहा, बैरीपुर रामनाथ महेवानान कार में ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने का खेल चल रहा है।बान गी के तौर पर ग्राम सिसवा में 47 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर



कार्य बंद है, किंतु एक ही कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह माम ला ऑनलाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तर फ काम कोई और करे और फोटो किसी और की अपलोड हो रही है। महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।नाम न छापने की शर्त पर गांव के तमाम लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है। एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड किया जा रहा है। इस समय मनकापुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिसवा तुर्काडीहा,बैरीपुर रामनाथ महेवानान कार में नाला सफाई, सड़क पर मिट्टी पटाई, तालाब खुदाई व समतलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है।इसके साथ ही मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजि री पोर्टल पर अपलोड की गई, लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है, जो कि बड़े आश्चर्य की बात है। इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निगरानी नहीं की है।इससे सा फ जाहिर होता है कि बीडीओ,एपीओ और तकनीकी सहायक की मिलीभगत से मनकापुर ब्लॉक में बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

# ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, उप जिलाधिकारी मोतीपु मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-



1 अमर सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार, अधि.अधि. नगर पंचायत जंग बहादुर, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा व अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कृषि आवंटन हेतु भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय।

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमोद कंठ द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, महिला बैरक, जेल चिकित्सालय, लीगल ऐड क्लीनिक व वीडियो कान्फ्रसिंग कक्ष का अवलोकन किया गया। जेल चिकित्सालय में सचिव द्वारा मानसिक रोग से ग्रस्त बन्दियों से बात कर उनका हालचाल जाना गया। सचिव द्वारा महिला बन्दियों को



स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार की जानकारी दी गई तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। निरीक्षण के दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में अनीशा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम, जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव व जेल चिकित्साधिकारी डा सुनील अग्रवाल, उपकारापाल अंकित गौतम, जनमेजय सिंह व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

# स्वास्थ्य ही राष्ट्र की शक्ति है : डॉ सारिका

## 20000 से अधिक मरीजो का होगा स्वास्थ्य परीक्षण : धर्मेंद्र

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का छठा चरण हो रहा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 का शुभारंभ बहराइच जनपद में 6 फरवरी से होगा। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जनपद के 38 सीमावर्ती गांव में 6 एवं 7 फरवरी को चिकित्सा शिविर लगाकर मरीज का परीक्षण किया जाएगा तथा 8 फरवरी को किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा यह जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन की जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में केजीएमयू आरएमएल एसजीपीजीआई महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले प्रहरी हो या वहां




निवास करने वाले वनवासी बंधु उनका स्वास्थ्य ही राष्ट्र की शक्ति है इसी संकल्प के साथ नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (गख्र) और श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास विगत 5 वर्षों से दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा की अलख जगह रहे हैं।

इस वर्ष की सेवा यात्रा अपने छठे सोपान पर है यह यात्रा बहराइच जनपद के बनवासी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा और सेवा के समर्पण को जोड़कर एक नया इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने बताया कि महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं शिक्षक एवं छात्रों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य सेवा यात्रा के संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मिहींपुरवा विकासखंड के 22 सीमावर्ती गांव विष्नापुर अंबा, फकीरपुरी, वर्दियां, सलारपुर मूर्तियां, भगड़िया, गोपिया, जोगनिया, करमोहना, कंाजीबाग, अयोध्या गांव, हरखापुर, रामपुरवा, सुजौली चहलवा चितलहवा, गौरापिपरा, सोगवा, पड़रिया, मटेरीकला, सोहनी बलाई गांव, मदारिया, धरमापुर में 6 व 7 फरवरी को चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इसी क्रम में विकासखंड बाबागंज के बाबागंज में 6 फरवरी को मिहीपुरवा, गोकुलपुरवा, रामबख्शपूरवा, भगवानपुर करिंगा, जैतापुर,खैरनिया, रामपुर गंगापुर एवं 7 फरवरी को जमदान, सिरसिया, राजा गांव ,रामनगर गुलरिया, सामलगांव, बेलवरिया, माधवपुर रघुनाथ, इटहा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार 20000 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य लिया गया है।

दिनांक 8 फरवरी को किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा के तहत 20000 से अधिक मरीजों को देखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रेस वार्ता में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के मेजर डॉ एसपी सिंह ,डॉ विकास मिश्रा, डॉ बृजेश शुक्ला, डॉ दिव्येश बरनवाल, डॉ मनीष शुक्ला, डॉ रामेंद्र त्रिपाठी ,डॉ अमिताभ मिश्रा डॉ दिवाकर दत्त त्रिपाठी, डॉ उपेंद्र वर्मा, डॉ रामकुमार विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, जिला प्रचार प्रमुख विपिन आदि उपस्थित रहे।

# वसंतोत्सव मेले में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बछरावां,रायबरेली। बछरावां विकासखंड के अंतर्गत श्री कंजेश्वर धाम पस्तौर में बसंत पंचमी पर लगने वाला एक पखवाड़ा मेला श्रद्धा और संस्कृति में रंगा हुआ लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है वही प्राचीन भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए श्री कंजेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी विचित्रानंद महाराज ने एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें क्षेत्रीय कवियों के साथ-साथ राष्ट्रीय कवि भी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ संयुक्त रूप से स्वामी जी एवं ब्लाक प्रमुख अमन सिंह दउवा बछरावां के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति दी गई। इस कार्यक्रम में हास्य,व्यंग्य,लोकगीत और गजलों को खूब सराहा गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सियासी दिग्गज,जिला पंचायत सदस्य,प्रधान के साथ साथ प्रबुद्ध वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। और कवियों का हौसला आफ़जाई करता रहा। जिससे कवियों ने भी खुलकर अपने अंदर के उद्गार व्यक्त किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन कर रहे




डॉक्टर नीरज पांडे ने कवियों को एक सुंदर श्रृंखला में जोड़ने का काम किया। इस काव्य मंच को सुशोभित करने वाले कवि डॉ राजेंद्र सिंह (व्यंग्य),शिवकुमार व्यास(ओज), डॉ अनुज पांडे (गजल), चेतराम अज्ञानी (हास्य), देशराज मधुसूदन (गीत), राजेश पांडे (ओज), शिवम मिश्रा (गजल), मधु श्रीवास्तव नर कंकाल (हास्य), डॉ देवी बक्स सिंह (गीत), निर्मल श्रीवास्तव (गीत), सुखदेव प्रसाद छैल, सौरभ शुक्ला, लोकतंत्र शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित पागल, रमाकांत पांडे, आशीष मासूम आदि ने शमा बांध दिया। वही इस कार्यक्रम को सुनने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन सैलाब उपस्थित रहा। वही इस कार्यक्रम में शिरकत करने वाले बहुत सारे गणमान्य उपस्थित रहे जैसे नरेंद्र त्रिपाठी पूर्व प्रधान करदहा,श्रीधर मिश्रा,पवन यादव प्रबंधक द्रुपद पब्लिक इंटर कॉलेज लकड़िया खेड़ा,संत प्रसाद सिंह पूर्व प्रधान पस्तौर,त्रिभुवन सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बछरावां,मोहम्मद रसीद सिद्दीकी, राम बहादुर यादव पूर्व प्रधान रैन, अनुज द्विवेदी प्रधान मुबारकपुर सांपों, संजय पांडे राजामऊ, हरिराम प्रधान पस्तौर, संतोष मिश्रा,प्रसून कुमार द्विवेदी, रामविलास,आलोक कुमार शुक्ला,अजय सिंह नंदा खेड़ा,कृष्ण कुमार यादव,शिव बरन सिंह, राजकिशोर यादव, मोहनलाल मास्टर, अंजनी पांडे, बबलू शर्मा,रामराज गौड़ आदि।

# बुक फ़ॉर ऑल ट्रस्ट ने एक पूर्ण सेट एवं हैंगिंग लाइब्रेरी प्रदान की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। जनपद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर, प्रतापपुर कमैचा में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत बुक फ़ॉर ऑल ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा पुस्तकों का पूर्ण सेट एवं एक आकर्षक हैंगिंग लाइब्रेरी भेंट की गई। यह सराहनीय कार्य सोशल वेलफ़ेयर एंड उपलिफ्टमेंट ग्रुप के संस्थापक अवधेश कुमार अग्रवाल के अथक प्रयासों एवं सामाजिक प्रतिबद्धता से संभव हो सका।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नई पुस्तकों और हैंगिंग लाइब्रेरी को देखकर विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति विशेष रुचि एवं आनंद देखने को मिला।

प्रदान की गई पुस्तकों का यह समृद्ध संग्रह विद्यार्थियों के शैक्षिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होगा। विभिन्न विषयों, सामान्य ज्ञान, नैतिक शिक्षा एवं बाल साहित्य की पुस्तकों से बच्चों को ज्ञान अर्जन का व्यापक अवसर मिलेगा। वहीं हैंगिंग लाइब्रेरी की स्थापना से विद्यालय में एक नवीन, सुलभ एवं आकर्षक अध्ययन वातावरण का निर्माण हुआ है, जिससे बच्चे नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बुक फ़ॉर ऑल ट्रस्ट, दिल्ली एवं आदरणीय अवधेश कुमार अग्रवाल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित होगी और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि प्राप्त पुस्तकों एवं हैंगिंग लाइब्रेरी का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग किया जाएगा, ताकि अधिकतम छात्र लाभान्वित हो सकें। यह पहल निश्चित रूप से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम ग्रंट न.1 उर्फ़ बानगंज में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती प्रकाश पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास,श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम का आयोजन ग्राम में स्थित कई वर्षों से निर्मित अम्बेडकर पार्क में किया गया जहाँ परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर , भगवान तथागत गौतम बुद्ध एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्तियों का विधिवत अनावरण किया गया। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।प्रकाश पर्व के अवसर पर गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यात्रा के दौरान ह्लगुरु रविदास महाराज की जयङ्क के जयघोष से पूरा गांव गूंज उठा। श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किए गए, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सामाजिक समरसता और भाईचारे का अद्‌भुत दृश्य देखने को मिला।कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत गुरु रविदास के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास ने समता, समानता, प्रेम, करुणा और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाकर समाज में शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा है।

## तेंदुए की चहलकदमी से दहशत वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल मचा हड़कंप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझारा स्थित मौजा चिरागा में शनिवार की रात तेंदुए की चहलकदमी से किसानों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गांव के आसपास खेतों और रिहायशी इलाकों के नजदीक उसकी मौजूदगी देखी जा सकती है। वायरल वीडियो के बाद ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। गांव चिरागा निवासी दर्शन सिंह और हरजिंदर सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से उनके घरों के आसपास तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तेंदुआ हरजिंदर सिंह के घर से एक बकरी को उठा ले गया था, जिसके बाद से गांव में डर का माहौल है। अब एक बार फिर तेंदुए के दिखाई देने से किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और बच्चों व बुजुर्गों को घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि लंबे समय से गांव में लाइट की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नगर अध्यक्ष सोनी सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए प्रशासन और वन विभाग से तत्काल कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था कराई जाए और तेंदुए की निगरानी के लिए वन विभाग की टीम तैनात की जाए। फिलहाल ग्रामीण भय के साए में जीने को मजबूर हैं और प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## जमीनी विवाद में चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे संतोष राय मजरे अहुरी में एक विधवा द्वारा अपनी पुश्तैनी जमीन पर किये जा रहे निर्माण कार्य पर जबरन रोक लगाने पहुंचे लोगों द्वारा डराने धमकाने और कार्य बंद करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे संतोष राय मजरे अहुरी निवासिनी गुडडन देवी पत्नी स्व. त्रियोगी नरायन चौरसिया को पुश्तैनी भूमि गाटा संख्या 946 की हदबरारी व पैमाइश करवाकर मौके पर लेखपाल राजस्व निरीक्षक व पुलिस प्रशासन की मौजदूगी में नपाकर कब्जा दिलाया गया था और वह उसी जमीन में अपना मकान बनवा रही है तो विपक्षी अपने बाहरी अन्य साथियों को बुलाकर लाये और काम को बंद करवा दिया है जिसमें गांव के ही एक युवक ने उसके बेटे विकास के कान पर असलहा लगा दिया और धमकी दिया की अगर दुबारा वहा काम किया ।

## पब्लिक स्कूल में क्रिकेट मैच का आयोजन

पूरनपुर। दि वर्डेंट पब्लिक स्कूल में बार बनाम बैंच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में बार टीम के कप्तान एडवोकेट असद हुसैन खाँ तथा बैंच टीम के कप्तान ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अरुण कुमार रहे। मैच का शुभारंभ प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना, मंत्री सुशील सक्सेना एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी अतीक द्वारा किया गया। मैच की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। मैच में बैंच की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रथम पारी में बैंच टीम ने 189 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया और 12 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। बैंच टीम की ओर से शिवम ने 53 रन और जगवीर सिंह ने 50 रनों की बेहतरीन पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बार टीम के उपकप्तान जावेद खुसरो ने 59 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच के दौरान प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन सौहार्द और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

# भरोसे, भागीदारी और बराबरी का केंद्रीय बजट : प्रो. अंग्रेज सिंह राणा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। गणपत सहाय महाविद्यालय के अर्थशास्त्री प्राचार्य प्रो अंग्रेज सिंह राणा के द्वारा अनुसार केंद्रीय बजट 2026 भारत के समग्र एवं समावेशी विकास की एक स्पष्ट और दूरदर्शी रूपरेखा प्रस्तुत करता है, जो रफ्तार, क्षमता और सबका साथ के तीन मूल विज़नों पर आधारित है। इस बजट में उत्पादकता में वृद्धि के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने, युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दृश्य प्रभाव, एनीमेशन, गेमिंग एवं रचनात्मक क्षेत्र को प्रोत्साहन देने हेतु भारत-विस्तार कार्यक्रम, करियर पाथवे योजनाएँ तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों में कंटेंट क्रिएटर प्रयोगशालाओं की स्थापना युवाओं के लिए नए एवं गुणवत्तापूर्ण रोजगार अवसर सृजित करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों का उन्नयन, आघात उपचार केंद्रों का विस्तार, एक लाख विशेषज्ञ तथा डेढ़ लाख देखभाल कर्मियों का प्रशिक्षण, आवश्यक दवाओं की कीमतों में कमी तथा एम्स स्तर के तीन नए आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना जनकल्याण को सुदृढ़ बनाती है। वहीं ग्रामीण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में शी- मार्टस, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना, हथकरघा उद्योग तथा एक जिला-एक उत्पाद को प्रोत्साहन आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूती प्रदान करता है।अवसंरचना विकास के अंतर्गत नए जलमार्गों और तीव्रगामी रेल गलियारों की घोषणा देश की आर्थिक एकीकरण प्रक्रिया को गति देगी। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2026 आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के संतुलन के साथ भारत को सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट है; यद्यपि कर्मचारियों को कर-स्लैब में छूट की अपेक्षा थी, जिससे उनकी वास्तविक आय और क्रय-शक्ति को और अधिक मजबूती मिल सकती थी। वही बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 आम जनता का बजट नहीं है। इस बजट से न तो मंहगाई कम होगी न किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा न ही नवजवानों को नौकरी मिलेगी। हालांकि बातें बड़ी बड़ी की गई हैं और बजट को भविष्य की बेहतरी के लिए लाया हुआ बताया गया है। लेकिन जब देश की लगभग अस्सी प्रतिशत जनता को इस बजट से कोई सीधा फायदा मिलता नहीं दिखाई पड़ रहा है तो इसे कल्याणकारी बजट कैसे कहा जा सकता है ?

शिक्षा क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देना आगे चलकर घातक सिद्ध होगा। आयुर्वेदिक दवाओं की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब और तीन आयुर्वेद एम्स बनाने की घोषणा बेहतरीन कदम है। प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल खोलने की योजना भी अच्छी है । अच्छी घोषणाएं और भी हैं लेकिन जबतक ये सब घोषणाएं जमीनी हकीकत में न बदलें जबतक इनका कोई मतलब नहीं क्योंकि पिछले दस सालों में सरकार ने अनेक तरह की अच्छी योजनाओं की घोषणाएं की हैं लेकिन उनको सही तरीके से लागू नहीं किया जा सका है।

इस दृष्टि से देखें तो केंद्रीय बजट 2026 निराशाजनक बजट है।

# केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश व अमेठी के विकास को नई दिशा देने वाला : सुधांशु शुक्ला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी,भारतीय जनता पार्टी अमेठी जनपद इकाई ने केंद्र सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किये गये आम बजट को जन कल्याणकारी, विकासोन्मुखी एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताया है।केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गौरीगंज सहित जनपद के सभी प्रमुख स्थानों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा टेलीविजन एवं अन्य माध्यमों से सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में बजट को लेकर उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी के लिये आशा और अवसर लेकर आया है। बजट में कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है जिससे अमेठी जनपद को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।यह बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण का संतुलित दस्तावेज है। युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा ग्रामीण व शहरी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से अमेठी सहित पूरे देश को व्यापक लाभ मिलेगा। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करता है।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,उमा शंकर पाण्डेय,केशव प्रसाद सिंह,चन्द्र मौलि सिंह,विषुव मिश्रा,भागीरथी मौर्य सहित प्रमुख कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित होकर प्रस्तुत बजट को सुना।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बाइक चोर, पैशन प्रो बाइक बरामद

कादीपुर/सुल्तानपुर। जिले में अपराध नियंत्रण और वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कादीपुर पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वांछित बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के निर्देश और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। रविवार (1 फरवरी) को उपनिरीक्षक शशि प्रकाश वर्मा अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में मामूर थे। तभी मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रंजेश कुमार सिंह (42 वर्ष) पुत्र स्व. वंश गोपाल सिंह, निवासी बेरामारुफपुर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की बाइक बरामद पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल (ठष् 45 ठ 7127) बरामद की है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाना कादीपुर में भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की धारा 303(2) और 317(2) के तहत मुकदमा दर्ज था।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 जनवरी की रात करीब दो बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अजय पुत्र हरिप्रसाद ने अपने पिता हरिप्रसाद, भाई मुनेंद्रपाल, बहनें अंजलि, राजकुमारी और अनमोल, भगवान दास और सुखपाल की मदद से बहला-फुसलाकर भगा लिया। पीड़ित ने परिजनों के साथ किशोरी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आरोप है कि जब पीड़ित को इस घटना की जानकारी हुई और उसने आरोपियों से पुत्री को वापस करने की बात कही, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अजय सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## सुविधाः धनाराघाट पेंटून पुल मार्ग पर दो पहिया वाहनों की आवाजाही शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में धनाराघाट शारदा नदी पर बने पेंटून पुल से आगे हजारा जाने वाले मार्ग पर रविवार दोपहर दो बजे से दो पहिया वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पेंटून पुल के आगे वाले मार्ग पर पानी भर गया था, जिसके चलते एहतियातन इस रास्ते पर आवागमन बंद कर दिया गया था। पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने बताया कि फिलहाल सिर्फ दो पहिया वाहनों को ही अनुमति दी गई है। चार पहिया वाहनों के फंसने का खतरा बना हुआ है, इसलिए लोगों से अपील की गई है कि चार पहिया वाहन लेकर इस मार्ग पर न आएं।

## शारदापार क्षेत्र में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के चंदननगर से लक्ष्मणनगर जाने वाले रोड पर बाघ की चहलकदमी का एक वीडियो रविवार दोपहर करीब दो बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि बाघ सड़क के आसपास टहलता नजर आ रहा है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों में भय व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने एहतियात के तौर पर एक-दूसरे से इस मार्ग से न गुजरने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता आवागमन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन बाघ की मौजूदगी के चलते लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं। मामले की सूचना वन विभाग की टीम को दी गई है, ग्रामीणों का कहना है कि बीते दिन भी बाघ को चहलकदमी करते देखा गया है।

## आरोपी शिक्षक अब्दुल राशिद के दो सहयोगियों का अभी तक नहीं हो सकी शिनाख्त

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के चर्चित मामले के आरोपी शिक्षक अब्दुल राशिद के दो सहयोगियों की पहचान अभी तक चांदा पुलिस नहीं कर पाई है गौरतलब है कि चांदा थाना क्षेत्र के अमरूपुर प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक अब्दुल राशिद द्वारा अपने दो सहयोगियों के साथ अपने ही विद्यालय की कक्षा तीन की छात्रा को चाकू की नोक पर जंगल में ले जाने का आरोप है शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले इस शिक्षक ने न सिर्फ शिक्षा के मंदिर को कलंकित किया बल्कि अभिभावकों में भी डर पैदा कर दिया है पीड़िता के परिजन की तहरीर पर चांदा थाने की पुलिस ने अब्दुल राशिद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया और अब्दुल राशिद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जिसके बाद न्यायालय ने मामले को गंभीर देखते हुए अब्दुल राशिद को जेल भेज दिया था लेकिन अभी तक चांदा थाने की पुलिस अब्दुल राशिद के उन दो सहयोगियों की पहचान तक नहीं कर पाई है जिनके ऊपर भी बच्ची को चाकू की नोक पर जंगल में ले जाने का आरोप है वही जब घटना की जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी को हुई तो उन्होंने पूरे मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी से कराई जांच रिपोर्ट में बताया गया कि शिक्षक अब्दुल राशिद द्वारा विद्यालय की कक्षा 3 की छात्रा को विद्यालय अवधि के बाद बहला फुसला कर अपनी गाड़ी से कही लेकर चले गए जिसे सायं 5 बजे अमरूपुर मस्जिद के सामने छोड़ दिया गया था जांच में यह भी सामने आया कि इस छात्रा को पूर्व में भी बहला फुसलाकर चॉकलेट दिया जाता था जिसकी पुष्टि छात्रा के साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं द्वारा की गई निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आरोपी शिक्षक 28 जनवरी को बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए तथा 27 जनवरी को द्वितीय पाली में उनके द्वारा हस्ताक्षर भी नहीं किया गया था इस रिपोर्ट के आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले शिक्षक को निलंबित कर पूरे मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी करौदी कला को सौंप दी है ।

## शारदा नदी पर रामनगरिया मेले में पूर्णिमा स्नान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनाराघाट शारदा नदी पर चल रहे रामनगरिया मेले में पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। पूर्णिमा स्नान को लेकर सुबह आठ बजे से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए धनाराघाट पहुंच रहे हैं। स्नान के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, पूर्णिमा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। सुबह से ही हजारा पुलिस, अन्य सुरक्षा कर्मी मौके पर तैनात कर दिए गए हैं। नदी घाट, पेंटून पुल और मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से स्नान कर सकें और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने जानकारी देते हुए बताया कि पेंटून पुल पार कर हजारा की ओर जाने वाले मार्ग पर फिलहाल पानी भरा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कारण उस रास्ते से आवागमन पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। जब तक पानी कम नहीं होता और प्रशासन की ओर से आधिकारिक सूचना नहीं मिलती, तब तक लोगों से उस मार्ग पर न आने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से भी सहयोग की अपील की गई है कि वे केवल निर्धारित और सुरक्षित मार्गों का ही उपयोग करें तथा पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। वहीं भंडारे में भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए स्वयंसेवकों की मदद ली जा रही है। रामनगरिया मेला क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के बीच सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल भी तैनात किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पूर्णिमा स्नान और धार्मिक आयोजनों में शामिल हो सकें।

# अली अकबर के जन्मदिवस पर मरीजों को वितरित किया गया भोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुलतानपुर। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने जनाबे अली अकबर अलैहिस्सलाम के जन्मदिवस के मौके पर राजकीय मेडिकल कॉलेज ( जिला अस्पताल) और जिला महिला अस्पताल में मरीजों और जरूरतमंदों को निः शुल्क भोजन वितरित किया गया। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने बताया कि जनाबे अली अकबर अ.स. के विलादत (जन्मदिवस) के मौके पर जिला अस्पताल में शनिवार रात को मरीजों और जरूरतमंदो को निः शुल्क भोजन वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ.आर के मिश्रा, डॉ. अनुराग, डॉ. मोहतशम रज़ा, संगठन महामंत्री अली जाफरी, इमरान हुसैन, संगठन के युवा प्रदेशध्यक्ष फ़ज़ल रिज़वी, हसन मेहदी आदि संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# मोदी-दोनों हाथों में लड्डू

जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए चाहे जितने कठोर नियम बना ले, उन्हें लागू करना आसान नहीं होगा। और ऐसा ही हुआ भी। यूजीसी द्वारा जारी नए नियमों पर देश भर में सवाल और बवाल दोनों खड़े हुए और उसके बाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में इसे रोकने के लिए याचिकाएं दायर हुईं, जिन पर गुरुवार 29 जनवरी को महत्वपूर्ण सुनवाई भी हो गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर अस्थायी रोक लगा दी है।सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि पहले दृष्टिकोण से यह प्रतीत होता है कि इन नियमों की भाषा में स्पष्टता की कमी है, जिससे उनका गलत उपयोग हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चेतावनी दी कि ऐसे नियम समाज को विभाजित कर सकते हैं और परिसरों में अमेरिका की तरह नस्लीय विभाजन जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन नियमों की जांच की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका दुरुपयोग न हो। कोर्ट ने केंद्र सरकार से इन नियमों की समीक्षा करने को कहा और तब तक उनके लागू होने पर रोक जारी रखने का आदेश दिया। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि वे एक विशेषज्ञ कमेटी गठित करें। जिसमें कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल करने पर विचार किया जाए, ताकि समाज में बिना भेदभाव के समग्र विकास हो सके।गौरतलब है कि यूजीसी नियमावली, 2026 को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया था। ये नियम अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) छात्रों के खिलाफ भेदभाव, उत्पीड़न और आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लाए गए हैं। यह 2012 के पुराने नियमों की जगह लाए गए हैं। इन नियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में समता समितियां (इक्विटी कमेटी) गठित करना अनिवार्य किया गया है। इस कमेटी का काम जातिगत भेदभाव की शिकायतों की जांच करना है। लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी के हक की बात उठते ही समाज में बवाल खड़ा हो गया।भारत में जाति व्यवस्था इतनी गहरी पैठी हुई है कि जाति के नाम पर उत्पीड़न सामान्य व्यवहार के तौर पर अपना लिया गया है। एक इंसान दूसरे इंसान को केवल जाति के आधार पर अपमानित, शोषित या प्रताड़ित करे, यह चलन सदियों से चला आ रहा है और इसे दूर करने की जितनी कोशिशें की गईं, उतने ज्यादा अड़ंगे सवर्ण समाज की तरफ से लगाए गए। चाहे मंडल कमीशन की सिफारिशें हों या अभी यूजीसी के नए नियम, उन पर समाज का एक तबका ऐसे विरोध में उतरा मानो अपने से निचली जातियों का उत्पीड़न उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट में सवर्ण वर्ग की ओर से दायर याचिकाओं में इन नियमों को असंवैधानिक बताया गया है। इसे जाति आधारित भेदभाव करार दिया। याचिकाकर्ताओं में से एक वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि यह भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 के खिलाफ है और इससे शिक्षा क्षेत्र में, समाज में और अधिक खाई पैदा हो सकती है। कितने कमाल की बात है कि शिक्षा क्षेत्र या समाज में जातिगत भेदभाव इन लोगों को तब दिखाई नहीं देता, जब किसी दलित बच्चों को मध्याह्न भोजन में अलग पंक्ति में बिठाने की खबरें आती हैं, या किसी छात्र को उसकी निचली जाति के कारण शारीरिक या मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जाता है। रोहित वेमुला या पायल तड़वी जैसे लोगों को अगर आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया, तो उसके पीछे यही सदियों से चला आ रहा जातिगत भेदभाव ही है।बहरहाल, अब शीर्ष अदालत इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को करेगी। तब तक मोदी सरकार जाति या किसी और कारण से समाज को बांटने के नए तरीके सोच ही लेगी। वैसे तो शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी ने बचाव में कहा कि नए नियम किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाते हैं और समितियां निष्पक्ष होंगी, जिसमें विविध प्रतिनिधित्व होगा। लेकिन सरकार इस बात को अच्छे से जानती थी कि कमजोर तबके के लोगों को सुरक्षा देने या उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जो भी फैसले लिए जाएंगे, उस पर समाज के सवर्ण तबके से तीखी प्रतिक्रिया आएगी ही और इस मामले पर राजनीति भी खूब होगी। और ऐसा ही हुआ भी। यूजीसी के नियम केवल कानूनी मसला नहीं है, बल्कि इसके सामाजिक और राजनैतिक पहलू भी हैं।

# इतिहास का इतिहास

गाँधीजी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। परसों उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखण्ड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखण्ड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि। समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं। भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रूचि क्या है? रूचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवादी सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का सम्पूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है। इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, ल्रहिन्दू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनैतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।ङ्क मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिन्सटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है। विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबेरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि हिन्दू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह है। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परम्परा विकसित की थी लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधीजी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिन्द स्वराज में लिखा ल्रइतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे वैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।ङ्क गांधीजी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है। अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निजह्व सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है। इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का सम्बंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें-चूकें और जय-पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है। वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षो के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यो विचारों की सूची बनाता हैं। इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है। लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अन्तर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य सम्पूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है। जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है। गांधीजी इतिहास निर्माता थे लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधीजी की लिखी दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधीजी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनांए एक खास भू क्षेत्र पर घटित होती हैं। भू क्षेत्र का रूप स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं। इसलिए इतिहास के सम्यक अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे। गांधीजी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिन्दुस्तान के गाय बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।ङ्क दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं आम भी हैं। लेकिन गांधीजी के अनुसार आमों की गुठलियां हिन्दुस्तानी ही ले गये थे। गांधीजी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिन्तक डॉ0 रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है ल्रजो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधीजी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं। अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी? आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवादी इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास है? उसी कालखण्ड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है? - **हृदयनारायण दीक्षित**

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, ल्रहिन्दू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनैतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।ङ्क मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिन्सटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है। विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबेरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि हिन्दू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह है। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परम्परा विकसित की थी लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधीजी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिन्द स्वराज में लिखा ल्रइतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे वैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है ङ्क गांधीजी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है। अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निजह्व सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है। इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का सम्बंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें-चूकें और जय-पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है। वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है।

# शिक्षित युवा वर्ग के लिए बेरोजगारी समस्या नहीं मूल आवश्यकता है

**संजीव ठाकुर**

संभवत अगली जनगणना के बाद भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा इसके अलावा सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे पर निर्भर  है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव  बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145(अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है।

## सेहत मंत्र

# एग्रोफोबिया है युवाओं में डिप्रेशन का सबसे बड़ा कारण

इस बात को तो आप भी सच मानते होंगे कि डिप्रेशन युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। अगर आपके आसपास 5 से 6 लोग रहते हैं तो यकीनन उनमें से 1 व्यक्ति जरूर डिप्रेशन का शिकार होगा। यह बात अलग है कि हमें डिप्रेशन के लक्षण समझ नहीं आते हैं या कई बार हम इसे डिप्रेशन मानने से ही इंकार कर देते हैं। डिप्रेशन कहीं न कहीं फोबिया से संबंध रखता है। अगर किसी इंसान को किसी चीज के पास जाने में या किसी चीज को खोने में डर लगता है तो वह उसकी कमजोरी बनेगा और धीरे धीरे यही डिप्रेशन यानि कि तनाव का रूप ले लेता है। आज हम आपको बता रहे हैं कि एग्रोफोबिया किस तरह से युवाओं के लिए खतरनाक है।  एग्रोफोबिया विचित्र प्रकार का डर होता है। इसमें व्यक्ति को बिना किसी कारण के ही डर लगता रहता है। यह डर किसी चीज, व्यक्ति, जानवर या परिस्थिति से जुड़ा हुआ न होकर खुद के प्रति ही होता है। एग्रोफोबिया के होने पर किसी खुली सार्वजनिक जगह जैसे बाजार या गली में अकेले जा पाना मुश्किल हो जाता है। बाहर निकलते ही अजीब सी बेचैनी और घुटन होने लगती है। फोबिया एक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति में किसी खास वस्तु, कार्य एवं परिस्थिति के प्रति डर उत्पन्न हो जाता है। इसमें वह उन चीजों या स्थिति से बचने की कोशिश करता है। फोबिया में व्यक्ति अपने डर की सोच भी डरने लगता है कि उसकी मानसिक व शारीरिक क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसमें डर वास्तविक या काल्पनिक दोनों तरह का हो सकता है। ब्रिटिश वैज्ञानिकों शोध टीम का नेतृत्व करने वाले डीन मोब्स के अनुसार, किसी चीज, लोग, जानवर और परिस्थितियों से बिना किसी बात का डर और लगातार होता डर ही फोबिया कहलाता है। आमतौर पर फोबिया में व्यक्ति को बंद स्थानों, ऊचाई, हाईवे ड्राइविंग, सुरंग या पुल उड़ते हुए पक्षियों-कीड़े मकोड़ों, सांप, तूफान, पानी, अंधेरे, खून बहने या चोट लगने का डर या इंजेक्शन अथवा किसी भी अन्य चीज से डर लगता है। अधिकतर फोबिया बचपन में होता है लेकिन यह वयस्कों को भी हो सकता है। आमतौर पर फोबिया से पीड़ित लोग अपने डर से दूर ही रहते हैं, लेकिन अनजाने में अपने अगर डर को सामने देखकर उन्हें फोबिया का दौरा पड़ता है। ऐसे में उनमें तनाव, बेचैनी, पसीने आना, परिस्थिति या लोगों से दूर भागना, सिर में भारीपन, कानों में अलग-अलग आवाजें सुनाई देना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सांस तेज होना, डायरिया, चक्कर आना, शरीर में कहीं भी दर्द को महसूस करना, पेट खराब हो जाना, ब्लड प्रेशर बढ़ना या कम हो जाना जैसी दिक्कतें दिखाई देती हैं।

## धर्म मंत्र

# ईश्वर जो करता है अच्छा करता है

हम प्रायः सुनते रहते हैं और कहते भी हैं कि ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है। कहने-सुनने यानी (theory) में तो यह बहुत अच्छा लगता है परन्तु जब इसका अभ्यास (practical) करने की बारी आती है तो हम बगले झाँकने लगते हैं। उस समय हम ईश्वर पर दोषारोपण करने? लगते हैं। हमें लगता है कि ईश्वर हमारे साथ अन्याय कर रहा है। पता नहीं किस जन्म का बदला वह हमारे से ले रहा है। उस समय हमें लगता है कि हमें ही परीक्षा में क्यों डाला जा रहा है? दुनिया में बहुत से और भी लोग हैं उनकी परीक्षा लो न। उस समय हम भूल जाते है कि जन्म से मृत्यु तक न जाने हम कितनी परीक्षाओं से गुजरते हैं। कुछ परीक्षाओं में हम पास होते हैं और कुछ में फ़ेल हो जाते हैं। जब तक हम उन परीक्षाओं में पास नहीं हो जाते तब तक हमें परीक्षा देनी पड़ती है। ईश्वर हमेशा ही हमारी भलाई करता है परन्तु हम अज्ञानी उसकी महानता को समझ नहीं पाते और उस पर दोषारोपण करते हुए उसे कोसते रहते हैं। उस समय हम उसकी महानता को हम भूल जाते हैं। इसी विषय को दर्शाती हुई यहाँ एक कहानी मुझे याद आ रही है जो बचपन में हम सभी ने पढ़ी है। किसी राजा का एक मन्त्री था, उसे ईश्वर पर अटूट विश्वास था। वह हर कार्य का श्रेय ईश्वर को ही देता था। हर बात पर कहता था, ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है। एक दिन उस राजा की अंगुली कट गई। राजा ने उससे अंगुली कटने पर पूछा, इसमें ईश्वर ने मेरा क्या भला किया? मन्त्री ने अपनी आस्था के अनुरूप उत्तर दिया, ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है। इसमें भी कोई बेहतरीन होगी।

पर्यटन



# वारसा में शहर की सड़कों से लेकर इमारतें तक समेटे हुए हैं रोचक इतिहास

शाम का समय था और तापमान शरीर को जमा देने वाली बिंदु तक पहुंच चुकी थी। हम में से किसी को हिम्मत नहीं हो रही थी कि वैन से निकलकर सिटी सेंटर के टॉवर बिल्डिंग में स्थित पैलेस ऑफ कल्चर एंड साइंस की सैर करें। फिर हमारे टूर गाइड ने कहा कि इसकी सैर नहीं करना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा और साथ ही इसे अंतिम पड़ाव भी बताया। लेकिन यह उसकी चाल थी, क्योंकि इसके बाद भी यही बात दोहराते हुए उसने दो और स्थलों का दौरा करवाया। हम पौलैंड की राजधानी वारसा में थे, जहां का तापमान जमाव बिंदु से दो डिग्री नीचे था। हम सभी ने भारत से उसी दिन उड़ान भरी थी और इतने कम तापमान की उम्मीद नहीं की थी। हमारे गर्म कपड़े और जैकेट भी इतनी कड़कड़ाती ठंड में नाकाफी साबित हो रहे थे। इसके बाद हम पोलैंड की सबसे ऊंची इमारत, जिसे स्टालिन पैलेस के नाम से भी जाना जाता है, को देखने का विचार बनाया। टॉवर के निर्माण का कार्य स्टालिन ने शुरू करवाया था और रूस की तरफ से पोलैंड को यह इमारत को तोहफ़े में दी थी। इमारत में सिनेमा, थियेटर, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स क्लब, यूनिवर्सिटी के अलावा और भी काफी कुछ है। लिफ्ट के जरिए छत पर जाकर वारसा शहर के खूबसूरत नजारे को निहारा जा सकता है। द्वितीय विश्र्व युद्ध के दौरान नाजियों द्वारा पूरी तरह तबाह किए जाने के बाद इसे फिर से बसाया गया और आज के दिन यह पोलैंड का सबसे बड़ा शहर है। यहां से पुराने शहर में छोटे पत्थरों से बनी सड़कों पर सैर की जा सकती है और विश्र्वस्तरीय खान-पान और यूरोप के कुछ बेहतरीन बार का आनंद भी लिया जा सकता है। सुबह के साढ़े 9 बजे हम वारसा के ओकेसी एयरपोर्ट पर उतरे। मौसम ठीक था और धूप खिली थी - जो घूमने के लिए उपयुक्त था। जैसे ही हम अपने होटल पोलोनिया पैलेस पहुंचे वहां हमारा गाइड पहले से ही मौजूद था, जो हमें सैर-सपाटे पर ले जाने के लिए तैयार था। हमने जल्दी नाश्ता किया और शहर को देखने निकल पड़े। अचानक एक आसमानी नीले रंग की नायसा वैन हमारे सामने आकर रूकी। पहले हमने सोचा कि यह किसी और के लिए है, लेकिन हमारे गाइड ने हमें वैन में चढ़ने को कहा।

# देश के सपूत दीपेंद्र का सरजमीं पर नागरिक अभिनंदन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा फतेहपुर बाराबंकी। वीर सैनिक एवं घातक कमांडो दीपेंद्र प्रताप सिंह का आज क्षेत्र में सेवा-निवृत्ति के उपलक्ष्य में सैकड़ों नागरिकों द्वारा एक समारोह में उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। स्वागत आयोजन क्रम में हनुमान मंदिर पैगरामऊ बेहटा, अनवरी तिराहा, अमरुन तिराहा, कुर्सी तिराहा, टिकैतगंज चौराहा सहित अनेक स्थानों पर लोगों द्वारा पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर वीर सैनिक का स्वागत अभिनंदन किया गया।दोपहिया व चारपहिया वाहनों के काफिले के साथ हाथों में तिरंगा लिए लोग ल्लभारत माता की जय का जयघोष कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि दीपेंद्र प्रताप सिंह करीब 16 वर्षों तक देश की सेवा करते हुए सीमा पर कठिन परिस्थितियों में दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया। देश के प्रति समर्पण भाव एवं उनकी वीरता पर जनपद वासियों को गर्व हैं।

इस अवसर पर अजय गुप्ता, प्रदीप रावत, सुनील विश्वकर्मा, मुकेश सिंह, सौरभ तिवारी, सुनील पाल, सोनू यादव, जयपाल यादव, बेधड़क यादव सहित अनेक सम्मानित साथी उपस्थित रहे। वहीं राजेश सिंह, सत्येंद्र, अमरनाथ रावत, अमित गुप्ता, ओमप्रकाश पाल, आशीष सोनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत कर वीर सैनिक का नागरिक अभिनंदन किया गया

# जयंती पर श्रद्धा से याद किए गए संत शिरोमणि रविदास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। महान संत रविदास जी जनपद भर में धूमधाम से बनाई गई। किशोर सर पर विविध आयोजन हुए और संत शिरोमणि को श्रद्धा से पुष्पांजलि अर्पित की गई ! नगर के ओबरी स्थिति सांसद आवास पर पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने सन्त शिरोमणी रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन किया।

पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा कि, ''जाति-जाति में जाति है जो केतन के पात रैदास मनुष न जुड़ सके, जब तक जाति न जाति'' जिस प्रकार केले के तने को छीलने पर पत्तों के नीचे पत्ता निकलता और अंत में कुछ नही बचता वैसे इंसान को जातियों में बाँट दिया गया है। जब तक जाति पात खतम नही होगी तब तक मानवता नही जुड़ सकती। ''निंदूरा '' मानवता एकता के



संदेशवाहक संत रविदास जी की जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। ग्राम पंचायत बहरौली मैं विराजमान संत रविदास जी की प्रतिमा पर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा श्रीश रावत ने ग्रामवासियों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की ।

इस अवसर पर संत रविदास जी के विचारों पर प्रकाश डाला।आयोजन में अयोध्या गौतम, लवकुश राजपूत, रामशंकर गौतम, राम सागर, कल्लू गौतम, अनूप पाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत क्षेत्र के राजेंद्रनगर में संचालित मुंशी राम आसरे स्मारक शिक्षण संस्थान में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का परिदृश्य देखते ही बना।विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने देशभक्ति और अन्य सामाजिक कुरीतियों पर महत्वपूर्ण संदेश दिए। प्रधानाचार्य विपिन सिंह राजपूत ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।



इस मौके पर रामबाबू द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत, मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, जिला मंत्री सीता शरण वर्मा, राकेश कुमार वर्मा ' प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य मसौली चतुर्थ सहित अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# कॉमरेड रामचंद्र की मूर्ति का अनावरण, कंबल वितरित, अजय की सराहना में उठे हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। पूर्व विधायक एवं पूर्व एमएलसी स्वर्गीय रामचन्द्र बख्श सिंह की स्मृति में देवरा गांव में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उनकी मूर्ति का अनावरण पश्चात जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे अरविंद कुमार सिंह ' गोप' पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव सपा मुख्य अतिथि ने यहां शिव मंदिर में महादेव का दर्शन-पूजन किया। तत्पश्चात उन्होंने स्व. रामचन्द्र बख्श सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। अनावरण के बाद मुख्य अतिथि द्वारा सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीगोप ने कहा कि स्वर्गीय रामचंद्र बक्श उन लोकप्रिय नेताओं में से थे जो गरीब,किसान ,नौजवान की मदद करते थे।पूरी समाजवादी पार्टी से लोग यहां मौजूद हैं। हमें खुशी है कि आज उनके बेटे अजय कुमार वर्मा बबलू ने हमें





यहां बुलाया है। पत्रकारों से रूबरू हुए मुख्य अतिथि श्री गोप ने कहा कि हम लोगोंनेका संकल्प है कि 2027 में बाराबंकी की सभी छः सीटों पर सपा को जिताएंगे।

'बजट' पर भी बोले- कहा कि यह बजट न गरीब का है ना किसान का है और ना नौजवान का है यह महिलाएं पास में बैठी हुई है पूछिए इनकी ??रसोई का क्या हाल है। महंगाई ने कमर तोड़ दी है। आज नौजवान नौकरी के लिए भटक रहा है। आज का बजट सिर्फ खिलौना है। इस अवसर पर स्व. रामचंद्र बख्श सिंह के पुत्र अजय कुमार वर्मा ' बबलू ',पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा,पूर्व एमएलसी राजेश यादव, डॉ. लवकुश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख निंदूरा चौधरी तालिब नजीब कोकब ,ग्राम प्रधान चन्दनलाल सिंह, सिरसईपुर ग्राम प्रधान अशोक कुमार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निंदूरा कमलेश यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्व. रामचन्द्र बख्श सिंह के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनहितकारी योगदान को याद करते हुए उन्हें जननेता बताया। गौरतलब है कि स्व. रामचन्द्र बख्श सिंह का जन्म 15 अगस्त 1938 को ब्लॉक निंदूरा के ग्राम देवरा में हुआ था। वे तीन बार विधायक रहे।जनपद के उच्च कोटि के अधिवक्ताओं में भी गिने जाते थे और सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहे।

# रामलीला महोत्सव, सीता स्वयंवर का मंचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम खजुरिहा में दो दिवसीय धनुष यज्ञ कार्यक्रम और रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया गया, जिसमें सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज वर्मा, अजित वर्मा गुड्डू और रवि शर्मा भी उपस्थित रहे।महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम ने जैसे ही शिव धनुष भंग किया, पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। इसके उपरांत माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाली, जिस पर उपस्थित दर्शकों ने पुष्प वर्षा कर अपनी खुशी व्यक्त की।धनुष टूटने की टंकार सुनते ही भगवान परशुराम क्रोधित अवस्था में मंच पर पहुंचे। उन्होंने धनुष तोड़ने वाले को सामने आने के लिए कहा और चेतावनी दी कि यदि वह



सामने नहीं आया तो सभी राजाओं का वध कर देंगे। इस स्थिति में भगवान राम शांत रहे, लेकिन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे।लक्ष्मण ने उत्तेजित होकर परशुराम से प्रश्न किया कि उन्होंने बचपन में ऐसे कई धनुष तोड़े हैं, तो एक धनुष टूटने पर इतना क्रोधित होने का क्या विशेष कारण है। तब भगवान श्रीराम ने परशुराम को प्रणाम कर उन्हें शांत होने का आग्रह किया। परशुराम को संदेह हुआ कि श्रीराम स्वयं भगवान नारायण के अवतार हैं।

## बेखौफ चोरों ने सोने चांदी के जेवरात समेत पार की नकदी

अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव फूला में बेखौफ चोरों द्वारा छत फंादकर कमरे का ताला तोड़ते हुये सोने चांदी के बेशकीमती जेवरातों के साथ ही पचपन हजार रुपये की नकदी पार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव फूला निवासिनी सेमऊ पत्नी रमेश पासी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह बीस जनवरी को छत्तीसगढ़ के दामा खेड़ा में आयोजित सत्संग में गयी थी उसी बीच अज्ञात चोरो द्वारा पीछे से फंादकर घर के अंदर जीना की कुंडी तोड़कर कमरे का ताला तोडते हुये अलमारी व बक्सा में रखा हुआ जेवर सोने का हार व सोने का झाला व सोने का टीका व सोने का चैन, सोने की नाक की नथिया व अंगूठी सोने की व झुमकी सोने की व सोने का माला व चादी की करधनी व चादी के पायजेब व चांदी की हाफपेटी व चांदी का हथफूल पायल बिछिया करधनी व चांदी की बाल चोटी के साथ ही पचपन हजार रुपया उठा ले गये। पीड़िता ने बताया कि जब वह सत्ताइस जनवरी की शाम को करीब आठ बजे जब घर वापस आने पर देखा तो ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान जेवर गायब थे।

## हाइट गेज टूटने से फतेहपुर मार्ग अवरूद्ध

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में बुढ़वल फतेहपुर मार्ग पर लगा हाइट गेट अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया जिससे यातायात बाधित रहा।चालक वाहन समेत फरार हो गया।यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी हाइट गेट कई बार टूट चुका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह करतूत डंफर से अवैध पीली मिट्टी खनन करने वालों की है।ग्रामीणों किसानों और व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नए ओवरब्रिज निर्माण की मांग की है।

## सीएचसी डॉक्टर की कार दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के सिहाली रोड पर पावर हाउस के पास सीएचसी फतेहपुर में तैनात डॉक्टर समीर सिन्हा की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक बाइक से टकराई और अनियंत्रित हो पुलिया तोड़कर पानी में जा गिरी। राहगीरों ने डॉक्टर को सुरक्षित बाहर निकाला और सुरक्षित सीएचसी पहुंचाया।

बताते हैं कि डॉ. समीर सिन्हा मझगवां स्वास्थ्य मेले से लौट रहे थे। उनकी वर्ना कार अचानक स्थानीय पावर हाउस के निकट असंतुलित हुईऔर सड़क किनारे खड़ी बाइक से टकरा गई। वर्ना कार आगे स्थित पुलिया को तोड़ते हुए नीचे पानी में जा गिरी। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे डॉ. समीर सिन्हा को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को भी गंभीर चोटें नही आयी और बड़ी अनहोनी टल गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची।

## किशोरी का अपहरण, पुलिस पर सवाल

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कक्षा नौ की एक 16 वर्षीय छात्रा को मोहल्ला फ़ैयाजपुरा निवासी अनुराग कश्यप बहला फुसलाकर ले उड़ा। क्षेत्राधिकार पुलिस के हस्तक्षेप पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अपह्रता की तलाश शुरू की है। पिता का रूप है कि अनुराग स्कूल जाते समय छेड़छाड़ किया करता था जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की और परिणाम यहां तक पहुंचा। पता चला है कि अनुराग के चला चरण से पीड़ित होकर उसके माता-पिता ने उससे पहले ही संबंध विच्छेद कर लिया।

## हादसे में बाइक सवार गंभीर ,रेफर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर मार्ग पर बाबा मैरिज लॉन के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीररूप से घायल हुआ। बताते हैं मसूदपुर निवासी ओमकार पुत्र जयचंद्र बाइक से फतेहपुर आ रहा था।रामनगर मार्ग पर बाबा मैरिज लॉन के पास अचानक एक कुत्ता सामने आ गया। ओमकार की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। वह गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे सीएससी पहुंचाया गया।

## 2027 की हार से घबराई भाजपा लोकतंत्र की हत्या पर उतरी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में भाजपा की घबराहट अब खुलकर सामने आ गई है। 2027 के चुनाव में तय हार को देखकर भाजपा मतदाता सूची से छेड़छाड़ जैसी घटिया और लोकतंत्र विरोधी साजिश पर उतर आई है। जिले के कई ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि भाजपा के लोग बूथों पर जाकर बीएलओ पर दबाव बना रहे हैं, फर्जी वोट बढ़वाए जा रहे हैं और वास्तविक मतदाताओं के नाम जानबूझकर कटवाए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि भाजपा के लोग खुद ही मनगढ़ंत सूचियाँ तैयार कर बीएलओ से जबरन हस्ताक्षर करवा रहे हैं और प्रशासनिक मिलीभगत से उन्हें ऊपर भेजा जा रहा है। इस पूरे षड्यंत्र में भाजपा के विधायक, पदाधिकारी और कुछ अधिकारी खुलेआम शामिल हैं। इससे भाजपा का विधानसभा चुनाव 2027 में हार का डर साफ़ दिख रहा है। इस गंभीर मामले पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा और प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 2027 में अपनी हार तय देखकर भाजपा बौखला गई है। जब चुनाव जीतने का रास्ता नहीं बचा, तो अब मतदाता सूची से छेड़छाड़ कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक भी वोट अगर गलत तरीके से काटा गया या जोड़ा गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। जहाँ-जहाँ भाजपा के लोग बूथों पर दबाव बनाते पाए गए, उनका घेराव किया जाएगा और उनके ऊपर नामजद एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। प्रशासन अगर भाजपा का एजेंट बनकर काम करेगा, तो उसे भी जवाब देना होगा। श्री राणा ने आगे कहा हम कांग्रेस के सिपाही हैं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हमारा कर्तव्य है। भाजपा सत्ता के दम पर 2027 जीतने का सपना देख रही है, लेकिन जनता सब देख रही है और इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। कांग्रेस पार्टी ने जिले भर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे हर बूथ पर चौकन्ना रहें।

# अपील मेल मिलाप से मनाएं पर्व-अजय त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। रविवार को मसौली थाना परिसर में शब-ए-बारात और महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थित प्रबुद्धजनों से अनुरोध किया की आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाए।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने पूर्वजों की याद में मनाए जाने वाले शव-ए- बारात को लेकर जहां-जहां कब्रगाह है उसके लोकेशन की जानकारी ली गई, ताकि पुलिस चौकसी की जा सके। वही लोधेश्वर महादेवा मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के दौरान जाने वाले कावड़ियाँ श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सबके सहयोग की अपील की प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कावड़ यात्रा के दौरान वाहनों में की जा रही ओवरलोडिंग की समस्या और लोगों द्वारा हेलमेट के प्रयोग के साथ यातायात नियम पालन करने पर बल दिया।

बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा त्योहारों को आपसी सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने पर लोगों ने सहमति जताई। शांति समिति की बैठक मे अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, कस्बा प्रभारी अभय गुप्ता, उपनिरीक्षक राशिद अली खान, सत्यपाल सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुईन अंसारी, रामसिंह यादव, उमाकांत राव, नूर मोहम्मद, धीरज, जितेंद्र वर्मा, ज्ववाद खान, सलमान, प्रेमनंद वर्मा, मुन्ना कुरैशी, अरुण कुमार सहित अन्य जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# ग्राम देवता को समर्पित महादेव कोल्ड स्टोर , भव्य उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा शरीफ बाराबंकी । रविवार को विकासखंड देवां क्षेत्र के तिरगुजी स्थित महादेव कोल्ड स्टोर के ओनर सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने महादेव कोल्ड स्टोर का फीता गुरु महात्मा एवं उद्योगपति बंधुओ से पिता काट कर शुभारंभ किया - बताया जाता है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे कोल्ड स्टोर खुल जाने से सैकड़ो आलू कास्तकारो मे खुशी की लहर दौड़ गई है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उदघाटन अवसर पर ही एक सैकड़ा से अधिक किसानों ने आलू रखने के लिये अपना पंजीकरण कराया, विधायक श्री यादव ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि इस कोल्ड स्टोर मे अपनी उपज को सुरक्षित रखने वाले किसानो को कभी निराश नही होना पडेगा किसान भगवान माना गया है यह स्टोर उन्ही को समर्पित है

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप पूर्व राकेश वर्मा , विधायक श्री गौरव रावत ,पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक रतन लाल राव ,सरताज चौधरी ,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, चैयरमैन सुरेंद्र सिंह वर्मा,नसीम कीर्ति हुमायूं नईम खान , विकास यादव सहित भारी संख्या मे स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।

# 'खेलो इंडिया मिशन' से अगले 10 साल में भारत बनेगा खेलों का ग्लोबल हब

एजेंसी




नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले दशक में प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षकों के व्यवस्थित विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रविवार को 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने के प्रस्ताव रखा जिससे जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज के लिए सरकार के प्रमुख 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा। सीतारमण ने वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह मिशन आपस में जुड़े विभिन्न माध्यमों से एकीकृत प्रतिभा विकास कार्यक्रम को सुगम बनाएगा। खेलो इंडिया कार्यक्रम 2017 में शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभा पहचान के लिए सभी आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना था। सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण के दौरान कहा, ''खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और नौकरी के अनेक अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम से खेल प्रतिभाओं को निखारने की पहल को आगे बढ़ाते हुए, मैं अगले दशक में खेल क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव करने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने कहा, ''यह मिशन मूलभूत, मध्यवर्ती और विशिष्ट स्तरों के प्रशिक्षण केंद्रों के सहयोग से एकीकृत प्रतिभा विकास, प्रशिक्षकों और सहायक स्टाफ का व्यवस्थित विकास, खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एकीकरण, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और मंच प्रदान करने के लिए प्रतियोगिताएं और लीग का आयोजन तथा प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए खेल संरचना के विकास को सुगम बनाएगा।'' वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाले और किफायती खेल सामानों के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता है। उन्होंने कहा, ''मैंने खेल सामान के लिए एक समर्पित पहल का प्रस्ताव रखा है जिससे उपकरण डिजाइन के साथ-साथ सामग्री विज्ञान में विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।'' खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद के नेतृत्व में एक कार्य बल का गठन किया है जिसने हाल ही में उच्च गुणवत्ता वाले कोच का एक समूह तैयार करने की वकालत की थी। इसमें कोच के लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम जैसी योजना शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें भी उसी तरह की वित्तीय सहायता मिले जैसी शीर्ष खिलाड़ियों को मिल रही है, ताकि भविष्य में भारत की पदक जीतने की संभावनाओं को बढ़ाया जा सके। भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

## बजट: खेल सामग्री क्षेत्र के लिए 500 करोड़ रुपये, खेलो इंडिया को फिर से सर्वाधिक आवंटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में युवा मामले और खेल मंत्रालय के आवंटन में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि की गई, जिसमें खेल सामग्री निर्माण क्षेत्र को बहुत लाभ हुआ है क्योंकि उसको पहली बार 500 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। खेल मंत्रालय के लिए कुल बजट आवंटन 4479.88 करोड़ रुपये है जो 2025-26 के संशोधित आवंटन 3346.54 करोड़ रुपये से 1133.34 करोड़ रुपये अधिक है। राष्ट्रीय शिविरों के आयोजन और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिए आवंटित राशि को 880 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 917.38 करोड़ रुपये कर दिया गया है। देशभर के स्टेडियमों के रखरखाव और उनके उपयोग की जिम्मेदारी भी साइ की होती है। हालांकि राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला और राष्ट्रीय डोपिंग-विरोधी एजेंसी का बजट क्रमशः 28.55 करोड़ रुपये से घटाकर 23 करोड़ रुपये और 24.30 करोड़ रुपये से घटाकर 20.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च गुणवत्ता वाले और किफायती खेल सामग्री के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की भारत की क्षमता पर जोर दिया और इस तरह से खेल मंत्री मनसुख मांडविया के दृष्टिकोण का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''मैं खेल सामग्री के लिए एक समर्पित पहल का प्रस्ताव करती हूं जिससे उपकरण डिजाइन के साथ-साथ खेल सामग्री के क्षेत्र में विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। अभी तक के बजट में खेल सामग्री क्षेत्र से संबंधित कोई प्रावधान नहीं था। खेल मंत्रालय ने इस आवंटन का स्वागत किया और कहा कि खेल सामग्री उद्योग के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाएगी। इस पहल से 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत देश में खेल सामग्री निर्माण करने वाले स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने की संभावना है। सरकार के 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के लिए 924.35 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इसके लिए पिछले वर्ष आवंटित राशि 1000 करोड़ रुपये थी, लेकिन अंतिम व्यय 700 करोड़ रुपये रहा। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सहायता राशि इस वर्ष 28.05 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 78 प्रतिशत की वृद्धि है। राष्ट्रमंडल खेल इस वर्ष जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। सीतारमण ने अगले दशक में प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षकों के व्यवस्थित विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने के प्रस्ताव रखा जिससे जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज के लिए सरकार के प्रमुख 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि यह मिशन आपस में जुड़े विभिन्न माध्यमों से एकीकृत प्रतिभा विकास कार्यक्रम को सुगम बनाएगा। खेलो इंडिया कार्यक्रम 2017 में शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभा पहचान के लिए सभी आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना था।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से भारत का विश्व कप की टीम का खाका तैयार

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान पहले ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने तेज गेंदबाज जैकब डफी को छक्का जड़ा, जिसकी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डगआउट से सिर हिलाकर सराहना की। भारतीय कप्तान तब नॉन-स्ट्राइकर छोर पर थे जब ईशान किशन ने काइल जैमीसन की तेज उछाल वाली गेंद को स्क्वायर लेग के ऊपर से छह रन के लिए भेजा। सूर्यकुमार ने एक बार फिर सराहना में सिर हिलाया। सूर्यकुमार की इस खुशी के दो कारण हो सकते हैं। भारत को आगामी टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए जरूरी विस्फोटक ताकत मिल गई है तथा दूसरा टीम के पास शीर्ष क्रम में अभिषेक, सूर्यकुमार और किशन के रूप में तीन ऐसे बल्लेबाज मिल गए हैं जो टीम की रणनीति पर अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। कुल मिलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से भारत को सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी वास्तविक टीम का खाका मिल गया है और अब वह जानती है कि उसे आईसीसी के इस टूर्नामेंट में किस रणनीति के साथ मैदान पर उतरना है। शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज अभिषेक, किशन और सूर्यकुमार अब आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। इनमें किशन की कहानी सबसे दिल छू लेने वाली है। एक साल पहले तक उनके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध भी नहीं था लेकिन अब वह टीम प्रबंधन की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अभिषेक और सूर्यकुमार को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे ज्यादातर मैदान से ही संबंधित थीं। दूसरी तरफ किशन को अपने भीतर के डर पर भी काबू पाना था और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन को देखते हुए लगता है कि उन्होंने इसमें शानदार काम किया है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चार मैचों में 231.18 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए। किशन को चार मैच खेलने का मौका मिला लेकिन इनमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके विश्व कप में भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार ने किशन के बारे में कहा, हम जानते थे कि ईशान किशन क्या खास कर सकता है।

# ब्रेक और बल्लेबाजी में कुछ बदलाव से फॉर्म में लौटे सूर्यकुमार

एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद मिले ब्रेक और बल्लेबाजी में किए गए कुछ बदलाव से उन्हें अपनी फॉर्म में वापसी करने में मदद मिली। सूर्यकुमार ने शनिवार से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से ठीक पहले न्यूजीलैंड पर भारत की 4-1 से जीत में आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए कुछ उम्दा पारियां खेली। सूर्यकुमार पिछले साल रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। वह इस दौरान एक भी अर्धशतक नहीं बना पाए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद सूर्यकुमार ने आत्मचिंतन किया और अपने खेल में कुछ बदलाव किए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार पारियों में वह केवल 34 रन बनाए थे, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 12 रन था। सूर्यकुमार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में भारत की 46 रन से जीत के बाद कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद मुझे ब्रेक मिला। मैंने घर लौटने पर अपना किट बैग एक तरफ रखा और नौ-दस दिन तक आराम किया। उन्होंने कहा, ''नए साल की शुरुआत से ही मैंने फिर से अभ्यास करना शुरू कर दिया और पिछले साल की कमियों पर विचार किया। विशेष रूप से शुरुआती ओवरों में मेरे स्ट्राइक रेट पर मैंने चिंतन किया। सूर्यकुमार ने कहा,''मैं 2021-23 में शुरुआती पांच-दस गेंदों पर आक्रामक बल्लेबाजी करता था और मेरा स्ट्राइक रेट 200-250 रहता था। अब मैं शुरुआती पांच-सात गेंदों पर संभलकर खेलता हूं और उसके बाद अपना स्ट्राइक रेट दोगुना कर लेता हूं। नागपुर में खेले गए पहले ही मैच से यह रणनीति कारगर साबित हुई, जिससे मुझे लय मिली और मेरी फॉर्म में सुधार हुआ। भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार को कप्तानी संभालने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने 2025 में 21 मैचों में केवल 218 रन बनाए। उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 रहा। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने पांच मैचों में 80.66 के औसत और 196.74 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए। भारत की निगाहें अब लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने पर टिकी हैं। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। सूर्यकुमार ने कहा, ''घरेलू मैच हमेशा दबाव लाते हैं, लेकिन इसके बिना खेल में कोई रोमांच नहीं होता। अब तक कोई भी टीम लगातार दूसरा विश्व कप नहीं जीत पाई है। यह संतोषजनक जिम्मेदारी और सकारात्मक दबाव जैसा लगता है। सभी स्टेडियमों में भारी संख्या में दर्शकों के समर्थन को लेकर मैं उत्साहित हूं। सूर्यकुमार ने कहा कि गेंदबाजी से समझौता किए बिना बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए टीम संयोजन को भी बेहतर बनाया गया है। उन्होंने अपने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''हर खिलाड़ी अपनी अनूठी पहचान लेकर आता है। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, संजू सैमसन, सभी राज्य और फ्रेंचाइजी स्तर पर अपनी शैली के अनुरूप बल्लेबाजी करते हैं। मैंने उन्हें अपनी शैली पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके निडर रवैये ने कप्तान के रूप में मेरे काम को आसान बना दिया है। किशन ने लंबे समय तक टीम से बाहर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए अपनी दावेदारी मजबूत की है।

# शहरी आर्थिक क्षेत्रों के लिए 5,000 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को शहरी विकास को मजबूत करने के लिए एक बड़े कदम की घोषणा की। इसके तहत शहरी आर्थिक क्षेत्रों (सीईआर) के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और प्रत्येक क्षेत्र के लिए पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। इसका मकसद संबंधित योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करना है। सीतारमण ने लोकसभा में 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए शहरों को भारत के विकास, नवोन्मेष और अवसरों का इंजन बताया और कहा कि यह नई पहल दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के साथ-साथ मंदिर नगरों पर केंद्रित होगी, जिन्हें आधुनिक बुनियादी ढांचे और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य विशिष्ट विकास कारकों के आधार पर शहर आर्थिक क्षेत्र का मानचित्रण करके शहरों की आर्थिक शक्ति को और अधिक बढ़ाना है। सीतारमण ने कहा, ''सुधार-सह-परिणाम आधारित वित्तपोषण व्यवस्था के साथ चुनौतीपूर्ण तरीके से उनकी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रत्येक सीईआर के लिए पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में, उनकी सरकार ने सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के व्यापक सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) जैसे नए वित्तपोषण साधन और एनआईआईएफ (राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढांचा कोष) और एनएबीएफआईडी (राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा और विकास वित्त पोषण बैंक) जैसी संस्थाएं शामिल हैं। सरकार पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों (टियर 2 और टियर 3) में अवसंरचना के विकास पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। ये शहर विकास केंद्रों के रूप में विकसित हुए हैं।

# विदेशी बाजारों में सुधार, रुपया कमजोर होने से बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन के दाम मजबूत

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने, रुपये के मूल्य में आई गिरावट के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बने रहे। बीते सप्ताह सरकार ने आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में भी बदलाव किये हैं। इस बदलाव के तहत कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल का आयात शुल्क मूल्य क्रमशः 14 रुपये और 29 रुपये क्विंटल घटाया गया है जबकि सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य 20 रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है। सूत्रों ने कहा कि एक फरवरी को केन्द्रीय बजट से पहले तेल-तिलहन कारोबार के संबंध में किसी स्पष्ट दिशानिर्देशों के अभाव में बाजार का कामकाज सुस्त बना रहा मगर विदेशों में आई तेजी के असर से स्थानीय तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये। बजट पेशकशों के बाद सोमवार के बाद बाजार की आगे की दिशा निर्धारित होगी। उन्होंने कहा कि इस बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने निम्नतम स्तर के करीब मंडरा रहा है। इस वजह से खाद्य तेलों का आयात महंगा हो चला है जो खाद्य तेल कीमतों में तेजी का एक मुख्य कारण है। इसके अलावा नवंबर-दिसंबर में देश में आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन डीगम तेल की बिक्री की जा रही थी। घाटे के इस लंबे कारोबार के बीच सोयाबीन डीगम तेल का आयात जनवरी में कम हुआ और फरवरी के महीने में भी आयात के आर्डर कम हैं। इसके कारण खाद्य तेलों की आपूर्ति की कमी हो रही है। किसान भी नीचे भाव में अपनी उपज बेचने से कतरा रहे हैं जिससे आपूर्ति की स्थिति और संकटमय है। आपूर्ति की इस दिक्कत के कारण भी खाद्य तेलों के दाम मजबूत हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि विदेशों में बाजार मजबूत रहने से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के भाव में भी सुधार देखने को मिला। हालांकि, सरसों की नयी फसल तैयार खड़ी है जिसे देखते हुए आगे सरसों के बाजार की दिशा निर्धारित होगी। लेकिन इतना तय है कि जब तक सरसों के दाम सोयाबीन के बराबर या उससे कम नहीं होंगे, सरसों की खपत नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि किसान बाजार में सोयाबीन की आवक कम ला रहे हैं। विदेशों में इसके बाजार मजबूत हुए हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया काफी कमजोर हुआ है। बाजार में आपूर्ति इतनी कम है कि सोयाबीन प्लांट पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं। जनवरी के महीने में सोयाबीन का आयात कम हुआ है और आयात के ऑर्डर को देखते हुए फरवरी में भी आयात कम होने के आसार नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम बीते सप्ताह मजबूत बंद हुए। दो-तीन साल के बाद इस बार किसानों को सोयाबीन के जो अच्छे दाम मिलें हैं।

# बजट में लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज, 'सुधार एक्सप्रेस' के साथ किसानों, युवाओं पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करते हुए लोकलुभावन योजनाओं से परहेज किया और 'सुधार एक्सप्रेस' को जारी रखने की घोषणा की। सीतारमण ने अपना लगातार रिकॉर्ड नौवां बजट पेश करते हुए किसानों, युवाओं और छोटी कंपनियों पर विशेष ध्यान दने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और सुधारों का खाका पेश किया। उन्होंने विनिर्माण पर जोर देने के साथ पूंजीगत व्यय लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया जो चालू वित्त वर्ष के लिए 11.2 लाख करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री ने लगभग सवा घंटा के अपने बजट भाषण में सुधारों का खाका पेश करते हुए 'विकसित भारत' के लिए बैंकों को तैयार करने को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का भी प्रस्ताव किया। उन्होंने वृद्धि के प्रमुख इंजन के रूप में एमएसएमई के महत्व को रेखांकित करते हुए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई विकास कोष का प्रस्ताव रखा। इसका मकसद क्षेत्र में भविष्य के 'चैंपियन' तैयार करना और उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। बजट का ताना-बाना 'तीन कर्तव्यों' यानी आर्थिक वृद्धि को गति देने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और 'सबका साथ, सबका विकास' के इर्द-गिर्द बुना गया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के व्यापक उद्देश्य से 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास करने, तटीय क्षेत्रों में मत्स्य मूल्य श्रृंखला को मजबूती प्रदान करने तथा स्टार्टअप एवं महिलाओं की अगुवाई वाले समूह को मत्स्य कृषक उत्पादक संगठनों के साथ शामिल करते हुए बाजार से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। सीतारमण ने तटीय क्षेत्रों में नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों में सहायता प्रदान कर उच्च मूल्य वाली खेतीबाड़ी पर जोर दिया।

# बजट में पशु चिकित्सा, नारियल, मत्स्य पालन के लिए कई उपायों की घोषणा



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण आय में विविधता लाने और पारंपरिक कृषि से बाहर रोजगार अवसर पैदा करने के मकसद से रविवार को पशुपालन, मत्स्य पालन और उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्रों के लिए कई पहल की बजट 2026-27 में घोषणा की। सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि पशुपालन ग्रामीण कृषि आय का करीब 16 प्रतिशत योगदान देता है जिसमें गरीब और सीमांत किसानों की आमदनी भी शामिल है। उन्होंने 20,000 से अधिक पशु-चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ऋण-सम्बद्ध पूंजी सब्सिडी योजना का प्रस्ताव भी रखा। यह योजना पशु चिकित्सा महाविद्यालय, अस्पताल, निजी कॉलेज, डायग्नोस्टिक लैब और प्रजनन सुविधाओं की स्थापना को बढ़ावा देगी। सीतारमण ने कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र में सरकार 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का समेकित विकास करने के साथ तटीय क्षेत्रों में मूल्य शृंखला को मजबूत करेगी। इससे स्टार्टअप, महिलाओं की अगुवाई वाले समूहों और मछली पालक किसान संगठनों के जरिये बाजार संबद्धता बनाई जा सकेगी। वित्त मंत्री ने पशुपालन उद्यमिता के लिए ऋण-सम्बद्ध सब्सिडी कार्यक्रम लाने की भी घोषणा की, जिसमें पशुधन, डेयरी और पॉल्ट्री केंद्रित एकीकृत मूल्य शृंखला के निर्माण और आधुनिकीकरण पर जोर रहेगा। तटीय किसानों के लिए नारियल संवर्धन योजना भी प्रस्तावित की गई है, जिसके तहत पुराने एवं गैर-उत्पादक वृक्षों की जगह नई किस्मों को लगाया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि एक करोड़ किसानों समेत करीब तीन करोड़ लोग अपनी आजीविका के लिए नारियल पर निर्भर हैं और भारत दुनिया में नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक है। सरकार भारतीय काजू और कोको कार्यक्रम के जरिये उत्पादन और प्रसंस्करण में आत्मनिर्भरता, निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और 2030 तक उन्हें विश्वस्तरीय प्रीमियम ब्रांड में बदलने की योजना बना रही है। इसके अतिरिक्त, चंदन की खेती और उत्पाद प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर भारत की सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहर से जुड़े भारतीय चंदन पारिस्थितिकी को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव भी इस बजट में रखा गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में पुराने बागों के पुनरुत्थान और अखरोट, बादाम एवं चिलगोजा (पाइन नट्स) की उच्च-घनत्व वाली खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष योजना भी पेश की गई है, जिसमें युवा सहभागिता से मूल्य संवर्धन पर खास ध्यान रहेगा।

# लिथियम-आयन सेल बनाने में इस्तेमाल होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर कर छूट बढ़ाने का प्रस्ताव

एजेंसी




नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को 2026-27 के वार्षिक बजट में बैटरी भंडारण के लिए लिथियम-आयन सेल के विनिर्माण में उपयोग होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर मूल सीमा शुल्क छूट के विस्तार की घोषणा की। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने सीएनजी में मिश्रित बायोगैस पर उत्पाद शुल्क की गणना करते समय बायोगैस के पूरे मूल्य को बाहर रखने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि मैं बैटरी के लिए लिथियम-आयन सेल के विनिर्माण में उपयोग होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर दी जाने वाली मूल सीमाशुल्क छूट को बढ़ाने का प्रस्ताव करती हूं। साथ ही मैं सौर कांच के विनिर्माण में उपयोग होने वाले सोडियम एंटी मोनेट के आयात पर भी मूल सीमा शुल्क छूट देने का प्रस्ताव करती हूं। भारत में महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क से छूट प्रदान करने का प्रस्ताव है। बायोगैस मिश्रित सीएनजी के संबंध में उन्होंने कहा, ''मैं बायोगैस मिश्रित सीएनजी पर देय केंद्रीय उत्पाद शुल्क की गणना करते समय बायोगैस के संपूर्ण मूल्य को बाहर रखने का प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने कहा कि सरकार दुर्गापुर में एक सुव्यवस्थित केंद्र के साथ एक एकीकृत पूर्वी तट औद्योगिक गलियारा विकसित करेगी। पूर्वोदय राज्यों और पूर्वोत्तर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में उन्होंने कहा, ''मैं दुर्गापुर में एक सुव्यवस्थित केंद्र के साथ एक एकीकृत पूर्वी तट औद्योगिक गलियारे के विकास पांच पूर्वोदय राज्यों में पांच पर्यटन स्थलों के निर्माण और पूर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध स्थलों के लिए 4,000 ई-बस के प्रावधान का प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने कहा कि बजट में भारत में निर्मित वस्तुओं या नगण्य आयात वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट को समाप्त करने का प्रस्ताव है।

# भारत ने पाकिस्तान के दावों को खारिज किया

## बलूचिस्तान हिंसा पर इसे 'ध्यान भटकाने की रणनीति' बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हुई हिंसा में अपनी किसी भी तरह की संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'निराधार' बताया और कहा कि ऐसा कहकर पाकिस्तान अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाता है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को 'बेतुके दावे' करने की बजाय अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों और जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं, जो उसकी अपनी आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने की उसकी सामान्य रणनीति के अलावा और कुछ नहीं है। हर बार जब कोई हिंसक घटना होती है, तो ऐसे दावों को दोहराने की बजाय पाकिस्तान को अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। दमन, क्रूरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन का उसका रिकॉर्ड जगजाहिर है। यह बयान पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी द्वारा हमलों में भारत पर शामिल होने का आरोप लगाने के बाद आया है। भारत ने पाकिस्तान के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड और क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे दमन को उजागर करके पलटवार किया। गौरतलब है कि शनिवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 16 जगहों पर हमले हुए। क्वेटा, ग्वादर, कल्लात, खारान, मस्तुंग, पसनी, दलबांदिन, नोशकी, बुलाइदा, टंप, मच और आसपास के इलाकों में विस्फोट और सशस्त्र हमलों की सूचना मिली।

बलूचिस्तान में हुई हिंसा की जिम्मेदारी शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 'ऑपरेशन हेरोफ फ़ेज दो ' के हिस्से के रूप में ली। बीएलए के अनुसार दस घंटे की अवधि में 14 शहरों में हुए हमलों में सैन्य, प्रशासनिक और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

बलूच समूह ने दावा किया कि हिंसा में 84 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, 18 को जिंदा पकड़ा गया, 30 सरकारी संपत्तियों को नष्ट कर दिया गया या जब्त कर लिया गया और 23 दुश्मन वाहनों में आग लगा दी गई। बीएलए ने यह भी कहा कि उसने केंद्रीय सैन्य मुख्यालय सहित कई दुश्मन चौकियों पर नियंत्रण कर लिया, जिससे कई शहरों में आवाजाही प्रतिबंधित हो गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित कई वीडियो में हमलों की पुष्टि हुई।

# बजट लोक-कल्याण, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करने वाला : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को लोक-कल्याणकारी, सर्वसमावेशी और ''विकसित भारत'' के लक्ष्य के प्रति संकल्पित देश के आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक बजट बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है और देश की युवा शक्ति को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 176 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र को 1 लाख 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। यह सरकार की स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली सोच को दर्शाता है।



श्री नड्डा ने बजट में मेंटल हेल्थ पर विशेष ध्यान दिए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि रांची और तेजपुर स्थित केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थानों के उन्नयन तथा उत्तर भारत में निमहंस की स्थापना का निर्णय मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगा। जामनगर में डब्ल्यूएचओ ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर की स्थापना भारत के लिए गर्व का विषय है, जो पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक पहचान दिलाएगा। श्री नड्डा ने कहा कि मेडिकल रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए आईएसीएमआर और डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च के बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे नई दवाओं, टीकों और अत्याधुनिक उपचार तकनीकों का विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि सीडीएससीओ को और अधिक सशक्त बनाने का प्रस्ताव भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करेगा।

श्री नड्डा ने बताया कि बायोफार्मा शक्ति इनिशिएटिव के अंतर्गत अगले पाँच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक जैविक दवाओं और बायोसिमिलर के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। फार्मा क्षेत्र के विस्तार के लिए तीन नए एनआईपीईआरएस की स्थापना और मौजूदा संस्थानों के उन्नयन से देश में फार्मा उद्योग का नया युग प्रारंभ होगा। साथ ही रासायनिक उद्योग को सशक्त करने हेतु तीन विशेष केमिकल पार्क विकसित किए जाएंगे। श्री नड्डा ने कहा कि बदलती जीवनशैली से उत्पन्न गैर-संचारी रोगों से निपटने के लिए वैकल्पिक स्वास्थ्य संस्थनों को मजबूत करने का प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे अगले पांच वर्षों में एक लाख से अधिक प्रशिक्षित पेशेवर तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला अस्पताल में ट्रॉमा एवं इमरजेंसी सेंटर की स्थापना से आम जनता को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। श्री नड्डा ने कहा कि यह बजट ''सबका साथ, सबका विकास'' की भावना के साथ गांव, गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति सहित समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ता है। उन्होंने इस क्रांतिकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण और उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया।

# शिक्षा के प्रति सरकार की प्राथमिकता को दर्शाता है बजट : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से रविवार को पेश केन्द्रीय बजट में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में शिक्षा बजट को बढाया गया है जो सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि इस बजट में नवजात शिशु से लेकर युवा तक का ध्यान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि क्वालिटी, स्कूल शिक्षा, स्किलिंग, नर्चरिंग इनोवेशन, इंटरप्रेन्योरशिप और शोध इस बजट के बड़े संकेत है। भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे ले जाने के लिए बजट में कई कल्पना की गयी है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में शिक्षा में बजट बढाया गया है। पिछले बार की तुलना में इस बार बजट 8.27 प्रतिशत अधिक है जो सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। श्री प्रधान ने कहा कि भारत की लड़कियां विज्ञान, तकनीक और गणित की शिक्षा में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। सरकार ने इसमें और गति देने के लिए हर जिले में लड़कियों के लिए एक छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों के साथ मिलकर पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप बनाये जायेंगे जिसमें शोध,नवाचार और ज्ञान का एक इकोसिस्टम बनेगा। अर्थ नीति को बढाने के लिए उसे ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत में नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान खोले जाने की घोषणा की गयी है। देश से बाहर पढने जाने वाले छात्रों को पहले पांच प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था उसे दो प्रतिशत किया गया जिससे छात्रों को देश के बाहर शोध करने के लिए जाना आसान होगा। बजट में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीआरटी) के बजट में चौदह प्रतिशत की बढोत्तरी की गयी है।

# बजट दिशाहीन, चुनौतियों से निपटने का कोई प्रावधान नहीं : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से रविवार को पेश केन्द्रीय बजट को नीतिगत खालीपन, दूरदर्शिता तथा दिशाहीन करार देते हुए कहा है किआर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के इसमें कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा ''बजट 2026-27 से साबित होता है कि इसमें देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों के समाधान के लिए कोई उपाय नहीं किए गये हैं। बजट में चुनौतियों का ठोस समाधान करने के लिए कोई सुझाव नहीं दिए गये हैं। सरकार का 'मिशन मोड' अब 'चुनौती मार्ग'बन चुका है और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' किसी भी सुधार वाले स्टेशन पर रुकने से कतराता दिख रहा है। नतीजा यह है कि बजट में न तो कोई स्पष्ट नीतिगत विजन दिखता है और न ही कोई मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में अन्नदाता किसानों को अभी तक कोई सार्थक कल्याण योजना या आय सुरक्षा का प्रावधान नहीं मिला है। असमानता ब्रिटिश राज के स्तर को भी पार कर चुकी है लेकिन बजट में इसका जिक्र तक नहीं है और न ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग या अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कोई विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है। श्री खरगे ने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिशों से लगता है कि राज्यों को कोई वास्तविक राहत मिलने वाली नहीं है। इसका यह भी मतलब हुआ कि वित्तीय संकट से जूझ रहे राज्यों की स्थिति और खराब हो सकती है और संघवाद की भावना को गहरी चोट पहुंच रही है। बजट में कई बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों को महत्व नहीं दिये जाने पर उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र का पुनरुद्धार नहीं हो रहा और यह अब भी 13 प्रतिशत पर अटका हुआ है। इसी तरह से 'मेक इन इंडिया' का कोई ठोस परिणाम नहीं दिख रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन या महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाने की कोई गंभीर योजना नहीं है। पहले चलाई गई इंटर्नशिप और स्किल डेवलपमेंट योजनाओं का क्या नतीजा निकला, इस पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। निर्यात में लगातार गिरावट, व्यापार घाटा, टैरिफ जोखिम और वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी घटने पर कोई नीति नहीं दिखती। रुपए की गिरावट को रोकने या उससे निपटने का भी कोई जिक्र नहीं है। गरीब और मध्यम वर्ग को महंगाई से कोई राहत नहीं मिली, बचत घट रही है, कर्ज बढ़ रहा है और मजदूरी ठहरी हुई है। उपभोक्ता मांग को फिर से पटरी पर लाने का भी कोई प्रयास नहीं हुआ और निजी निवेश में विश्वास की कमी बनी हुई है क्योंकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और मजदूरी में स्थिरता को नजरअंदाज किया गया है। सिर्फ छोटे-मोटे बदलावों के अलावा कोई संरचनात्मक सुधार बजट में नहीं किए गए हैं।

श्री खरगे ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र के वादे बार-बार दोहराए जाते हैं लेकिन डिलिवरी लगभग शून्य है। शहर अभी भी रहने लायक नहीं बन पाए हैं और स्मार्ट सिटी का सपना अधूरा पड़ा है। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। मनरेगा की जगह लाए गए नए कानून के लिए आवंटन का एक शब्द भी नहीं है। कुल मिलाकर यह है कि बजट न तो समस्याओं का समाधान देता है और न ही उनकी कमी को छिपाने के लिए कोई नया नारा या स्लोगन पेश करता है। यह पूरी तरह से नीतिगत खालीपन और दूरदर्शिता की कमी को उजागर करने वाला बजट है।

# हकीकत से दूर बजट में सुधार हुए हैं नजरअंदाज : राहुल


नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बजट 2026-27 बुनियादी संकटों तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने से दूर है और इसमें सुधारों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मौजूदा आर्थिक चुनौतियों को पूरी तरह से नकार दिया गया है। श्री गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को लोकसभा में पेश आम बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा ''बिना नौकरी के युवा, गिरती मैन्युफैक्चरिंग, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, घरेलू बचत घट रही है। किसान संकट में, वैश्विक चुनौतियों और झटकों को नजरअंदाज कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने2026-27 के लिए एक ऐसा बजट पेश किया है जो भारत के वास्तविक संकटों से पूरी तरह से अनजान है इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर आर्थिक सुधारों पर ध्यान नहीं दिया गया है।

# बजट से खेतों में हरियाली, खलिहानों में खुशहाली : शिवराज सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को संसद में पेश किये गये वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इससे खेतों में हरियाली, खलिहानों में खुशहाली और हर चेहरे पर लाली आयेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ''इस बजट में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के तहत घरेलू उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया गया है और आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, लोगों की क्रय



शक्ति मजबूत करने और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए अहम सुधार किये गये हैं। उन्होंने लिखा कि देश ने लगभग सात प्रतिशत की मजबूत विकास दर हासिल की है और गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह बजट भरोसा देता है कि भारत तेज़ी से आगे बढ़ेगा, हर वर्ग को साथ लेकर चलेगा और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा।श्री चौहान ने कहा कि गरीब वर्ग के कल्याण, किसान के उत्थान, मातृशक्ति के सम्मान और नौजवानों की मुस्कान को समर्पित इस लोक-हितैषी, जनकल्याणकारी बजट के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति अपना आभार जताते हैं।

# संघप्रिय गौतम के जन्मदिन पर उमड़ा राष्ट्रव्यापी सम्मान

एजेंसी

नई दिल्ली। राजनीति और सामाजिक जीवन में सादगी, समर्पण और समरसता की मिसाल बने संघप्रिय गौतम के 95वें जन्मदिन पर राजधानी दिल्ली गवाह बनी एक अभूतपूर्व जन-सम्मान की। कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में हजारों की संख्या में लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। यह दृश्य अपने आप में इस बात का प्रमाण था कि संघप्रिय गौतम केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि जन-जन के प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत गणराज्य के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि ल्लयह सबसे बड़ा जन्मदिन उपहार है कि संघप्रिय गौतम आज जनप्रिय



गौतम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति से उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक जीवन के मूल संस्कार सीखे, वह आज 96वें वर्ष में प्रवेश कर शताब्दी की ओर अग्रसर है, यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने उमड़ी भीड़ को देखकर कहा कि यह जनसैलाब गौतम के साहस, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता और निरंतर सामाजिक समरसता के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने प्रोटोकॉल से हटकर कार्यक्रम में अतिरिक्त समय देकर गौतम के प्रति अपने सम्मान को भी व्यक्त किया। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा ने कहा कि संघप्रिय गौतम का जीवन पूरी तरह निष्कलंक, सादगीपूर्ण और मूल्यों से परिपूर्ण रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अपने मार्गदर्शकों की प्रेरणा से किया गया कार्य कभी निष्फल नहीं होता और गौतम का जीवन नई पीढ़ी के लिए आदर्श है। इस अवसर पर प्रवासी भारतीय राहुल दीपांकर द्वारा लिखित संघप्रिय गौतम के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सूरजभान कटारिया ने कहा कि भाजपा के संस्थापक सदस्य, डॉ. भीमराव अंबेडकर के समकालीन सहयोगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम का जीवन राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल है। सैकड़ों की व्यवस्था के बावजूद हजारों लोगों की मौजूदगी से पूरा परिसर मेले के स्वरूप में बदल गया। संघप्रिय गौतम जिंदाबाद के नारों के बीच यह समारोह एक राजनीतिक कार्यक्रम से अधिक एक भावनात्मक जनोत्सव बन गया।

# पेज एक का शेष

## 'विकसित भारत'...

कॉरिडोर के पास पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप विकसित की जाएंगी। छात्राओं के लिए विशेष पहल करते हुए सरकार ने हर जिले में बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा की है। शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। रेल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को गति देने के लिए सरकार ने 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की है। इनमें मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं। इसके साथ ही अगले पांच वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग विकसित किए जाएंगे। बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी। पूंजीगत व्यय के मोर्चे पर सरकार ने 2026-27 के लिए ?12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स का प्रावधान किया है। राज्यों को 1.4 लाख करोड़ की सहायता दी जाएगी। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को कम किया जा सके। ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी बजट में अहम कदम उठाए गए हैं। लिथियम-आयन बैटरी और एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनाने वाली मशीनों पर टैक्स छूट का दायरा बढ़ाया गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सोलर पैनल निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कुछ कच्चे माल पर भी कस्टम ड्यूटी हटाई गई है। महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए 'लखपति दीदी' मॉडल को और विस्तार दिया जाएगा। महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए मार्ट की स्थापना की जाएगी, जहां महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद सीधे बेचे जा सकेंगे। इससे महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें उद्यमिता से जोड़ने में मदद मिलेगी। खनिज और उद्योग क्षेत्र में सरकार ने केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों और उन्नत तकनीकों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। कुल मिलाकर केंद्रीय बजट 2026 को सरकार ने दीर्घकालिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया है। हालांकि टैक्स स्लैब में राहत न मिलने से मध्यम वर्ग को थोड़ी निराशा हुई है, लेकिन रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल और ग्रीन एनर्जी में किए गए प्रावधान आने वाले वर्षों में अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं। सरकार का दावा है कि यह बजट 'विकसित भारत' की मजबूत नींव रखेगा और देश को 2047 तक आत्मनिर्भर व समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

## नया भारत-विकसित...

बजट है। जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया, आयकर रिटर्न को सरल बनाने की दिशा में उठाए गए कदम तथा अप्रैल से नए इनकम टैक्स एक्ट को लागू करने की घोषणा को उन्होंने स्वागतयोग्य बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का दस्तावेज है और तेजी से आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बजट में शामिल प्रावधानों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि यह विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## बजट में विकसित...

पूरा करने की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दर्शाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का हर भारतवासी की तरफ से अभिनंदन किया गया है। श्री शाह ने कहा कि बजट में पशुधन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का एक दूरदर्शी निर्णय लिया गया है। इसमें पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, वेटरनरी सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटरों के विस्तार से पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी देने, 500 सरोवरों के विकास से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने जैसे निर्णय मोदी सरकार के किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। श्री शाह ने कहा कि बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने की दिशा में 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना' की शुरुआत का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बुनकरों, किसानों तथा हथकरघा उद्योग को नया संबल प्राप्त होगा। तटीय क्षेत्रों में कोकोनट प्रमोशन स्कीम से तीन करोड़ किसानों को लाभ, काजू-कोको के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा और चंदन संरक्षण का निर्णय यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री किसानों की समृद्धि तथा कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## बजट में आत्मनिर्भर...

गये हैं उससे अलग-अलग क्षेत्रों में नेता, नवाचारक और क्रियेटर तैयार होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में महिलाओं को भी विशेष प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने कहा, बजट में महिलाओं द्वारा निर्मित महिलाओं द्वारा संचालित स्व सहायता समूह का आधुनिक इकोसिस्टम बनाने को प्राथमिकता दी गयी है। कोशिश यह है कि हर घर लक्ष्मी जी पधारें।

## सकल जीएसटी संग्रह...

में यह 13,009 करोड़ रुपये रहा था, जब कार तथा तंबाकू उत्पादों जैसे विलासिता, हानिकारक एवं अहितकर वस्तुओं पर उपकर लगाया जाता था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 22 सितंबर, 2025 से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम कर दी थीं, जिससे सामान सस्ता हो गया। साथ ही, पहले की तरह विलासिता, हानिकारक एवं अहितकर वस्तुओं पर लगने वाले उपकर के बजाय अब केवल तंबाकू तथा संबंधित उत्पादों पर ही क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। जीएसटी दरों में कमी से राजस्व संग्रह पर असर पड़ा है।

## बजट में एसटीटी...

79,899.42 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके तुरंत देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 823.52 अंक की रिकवरी करके 1,546.84 अंक की कमजोरी के साथ 80,722.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 13.10 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,333.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही ये सूचकांक लाल निशान में 25,252.30 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे निफ्टी की स्थिति में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 11 बजे के कुछ देर बाद निफ्टी 120.25 अंक की तेजी के साथ 25,440.90 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद संसद में बजट प्रस्तावों के बीच जैसे ही शेयर बाजार से जुड़े प्रस्ताव पेश हुए, वैसे ही निफ्टी भी जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। ये सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 869.15 अंक फिसल कर 748.90 अंक की गिरावट के साथ 24,571.75 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार भी हुआ। दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से 253.70 अंक की रिकवरी कर 495.20 अंक की कमजोरी के साथ 24,825.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मैक्स हेल्थकेयर 2.08 प्रतिशत, विप्रो 2.07 प्रतिशत, टीसीएस 2.02 प्रतिशत, सन फार्मास्युटिकल्स 0.93 प्रतिशत और इंफोसिस 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 5.65 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 5.47 प्रतिशत, ओएनजीसी 5.45 प्रतिशत, अदानी पोर्ट्स 5.28 प्रतिशत और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 5.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## कमर्शियल गैस...

बदलाव हुआ था। दिल्ली में इसकी कीमत अभी 853 रुपये है। इसी तरह कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये, चेन्नई में 868.50 रुपये, लखनऊ में 890.50 रुपये, अहमदाबाद में 860 रुपये, हैदराबाद में 905 रुपये, वाराणसी में 916.50 रुपये और पटना में 951 रुपये है। जानकारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत हर महीने अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत और टैक्स स्ट्रक्चर के आधार पर तय की जाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत बढ़ाने या घटना का सीधा असर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की लागत पर भी पड़ता है। इसीलिए हर महीने की पहली तारीख को लागत की समीक्षा करके गैस सिलेंडर के नए दाम का ऐलान किया जाता है। बताया जा रहा है कि जनवरी के महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्राकृतिक गैस की कीमत में तेजी का रुख बना है। इसीलिए आज फरवरी के महीने के लिए कमर्शियल गैस की कीमत में कटौती करने का फैसला लिया गया है।

# बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय बजट को सराहा

■ विकसित भारत @ 2047' का रोडमैप पेश करता है यह बजटः सम्राट चौधरी
■ किसानों-महिलाओं की उम्मीदों का बजट : विजय सिन्हा





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने के बाद बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने बजट की सराहना की है। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने जहां इसे 'विकसित भारत @2047' का रोडमैप बताया, वहीं उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसे किसानों, महिलाओं और गरीबों की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बजट करार दिया। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ठोस और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2047 के भारत की परिकल्पना को जमीन पर उतारने की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। बजट में उन क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है, जो देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से और सशक्त बनाएंगे। सम्राट चौधरी ने बजट में हाईस्पीड रेल और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देश की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। उन्होंने सात नए हाईस्पीड रेल कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर उद्योग को लेकर की गई घोषणाओं पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि वाराणसी से सिलीगुड़ी तक प्रस्तावित रेल कॉरिडोर बिहार के लिए कनेक्टिविटी के नए आयाम स्थापित करेगा। साथ ही सेमीकंडक्टर उद्योग में केंद्र सरकार के निवेश से बिहार के युवाओं के लिए भविष्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जलमार्गों के उन्नयन की योजना का भी स्वागत किया और कहा कि इससे बिहार का व्यापार सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जुड़ सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि 2047 के विकसित भारत की नींव इस बजट में रखी गई है। उन्होंने बजट को दूरदर्शी, संतुलित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मुजफ्फरपुर दौरे के दौरान पत्रकारों से कहा कि यह बजट गरीबों के उत्थान, किसानों की आय बढ़ाने और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत और विकसित बिहार के निर्माण में वरदान साबित होगा। विजय सिन्हा ने कहा कि यह बजट संतुलित है और आम आदमी की अपेक्षाओं के साथ-साथ बिहार के विकास, सुशासन और समृद्धि को नई गति देगा। उन्होंने आयकर स्लैब में कोई बदलाव न किए जाने को करदाताओं के लिए स्थिरता का संदेश बताया। वहीं, रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च किए जाने को बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होने और सरल फॉर्म व्यवस्था से कर प्रक्रिया अधिक सहज और पारदर्शी होगी।

# विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने वाला है बजट: नितिन नवीन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आम बजट 2026 को विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने वाला बताया। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री का जो जनता के बीच में विश्वास है, ये बजट उसे पूरी तरह दर्शाता है। सबका साथ, सबका विश्वास का जो मूलमंत्र है, वो इस बजट के पूरे विस्तार में दिखता है। साथ ही यह बजट विकसित भारत 2047 के लिए भी संकल्प से सिद्धि वाला है। नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार नौवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह बजट सतत विकास की नीति और सुशासन का सशक्त प्रमाण है। सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने वाला यह बजट वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को रेखांकित करता है, जहां 7 प्रतिशत से अधिक विकास दर के साथ इन्फ्लेशन दर पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है जो विकसित भारत 2047 की दिशा में सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा संचालित बजट है। विकसित भारत यंग लीडरर्स डायलॉग 2026 जैसे मंचों के माध्यम से युवाओं द्वारा साझा किए गए नवाचारी विचारों ने इस बजट के प्रमुख प्रावधानों को आकार दिया है। इस बजट में मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है। इलेक्ट्रोनिक्स, टेक्सटाइल, सेमीकंडक्टर, कैमिकल, कंटेनर और स्पोर्ट्स मैन्यूफैक्चरिंग को गति देने के साथ इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट के लिए 40 हजार करोड़ और बायोफार्मा उद्योग के लिए 10,000 करोड़ के प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के जरिए खादी और ग्रामीण शिल्प को वैश्विक पहचान मिलेगी। टूरिज्म और संस्कृति केंद्रों का विकास, 20 नए इनलैंड वाटरवेज, पटना और वाराणसी में शिप रिपेयर इकोसिस्टम, तथा रोड ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टर में बढ़ा निवेश रक्षा क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है।

# आम बजट: विकसित भारत @2047 की दिशा में एक दूरदर्शी, समावेशी और निर्णायक दस्तावेज: खंडेलवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को लोकसभा में पेश वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट को दूरदर्शी सोच, व्यावहारिक नीतियों और आर्थिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट समन्वय करार दिया है, जो भारत को विकसित भारत अ2047 के लक्ष्य की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ाएगा। खंडेलवाल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को एक प्रामाणिक और वास्तविक रूप से समावेशी दस्तावेज बताते हुए कहा कि बजट के विभिन्न प्रावधानों का प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के 'स्वदेशी' आह्वान से सीधा जुड़ाव भारत के निर्यात को नई मजबूती देगा और भारतीय उत्पादों के लिए नए वैश्विक बाज़ार खोलने में सहायक सिद्ध होगा।

कैट महामंत्री ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त, निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रतिबिंब है, जिनके मार्गदर्शन में भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह बजट अपने समावेशी दृष्टिकोण, ठोस कार्ययोजना और स्पष्ट दिशा के माध्यम से देश की आर्थिक नींव को और अधिक मजबूत करता है। खंडेलवाल ने कहा, यह बजट देश के व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशकों और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए आत्मविश्वास से भरा सकारात्मक संदेश देता है। आर्थिक विकास के साथ समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की भावना इस बजट को विशिष्ट बनाती है। एमएसएमई क्षेत्र पर विशेष बल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में आसान ऋण उपलब्धता, अनुपालन प्रक्रियाओं का सरलीकरण, डिजिटल सशक्तिकरण, तकनीकी उन्नयन तथा औपचारिकरण को प्रोत्साहन जैसे प्रावधान छोटे उद्योगों और व्यापारियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बजट में एमएसएमई के लिए की गई घोषणाएं रोज़गार सृजन, उद्यमिता को प्रोत्साहन और भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में निर्णायक साबित होंगी। खंडेलवाल ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास, लॉजिस्टिक्स की दक्षता, विनिर्माण, निर्यात, डिजिटल अर्थव्यवस्था और उपभोग आधारित विकास पर निरंतर ध्यान देने से देश के व्यापार और वाणिज्य को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, यह बजट आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह देश की आर्थिक बुनियाद को और सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत @2047 के विजन को साकार करने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।

# नए निवेश और रोजगार सृजन को गति देगा बजट : दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (डीएमएफ) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026ऽ27 का स्वागत करते हुए इसे उद्योग जगत के लिए विश्वास, स्थिरता व दीर्घकालिक विकास का बजट बताया। संगठन का मानना है कि बजट की घोषणाओं को समयबद्ध और प्रभावी रूप से लागू किया गया तो यह भारत को उत्पादन, रोजगार और निर्यात के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

एसोसिएशन के चेयरमैन अनिल गुप्ता ने रविवार को कहा कि इस बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को केवल सहायता प्राप्त करने वाला नहीं बल्कि राष्ट्रीय विकास का सक्रिय भागीदार माना गया है। 10,000 करोड़ रुपये के समर्पित एमएसएमई विकास कोष की घोषणा से उद्योगों को इक्विटी आधारित विस्तार पूंजी उपलब्ध होगी, जो नए निवेश और रोजगार सृजन को गति देगी। इसके साथ ही स्वावलंबी भारत कोष में 2,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान विकासशील उद्योगों को मिश्रित वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। गुप्ता ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा एमएसएमई से की जाने वाली खरीद को व्यापार देय रसीद छूट प्रणाली (टी-रेड्स) मंच पर अनिवार्य करना, समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगा। साथ ही ऋण गारंटी न्यास योजना के अंतर्गत बिना संपार्श्विक कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना एमएसएमई क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है। एसोसिएशन के महासचिव विनीत जैन ने कहा कि जीईएम और टी-रेड्स के एकीकरण से ऑर्डर से भुगतान तक पारदर्शी और तेज डिजिटल प्रक्रिया बनेगी। द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के शहरों में प्रस्तावित कॉरपोरेट मित्र पहल से अनुपालन लागत कम होगी और छोटे उद्योगों को सस्ती पेशेवर सहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि कई औद्योगिक कच्चे माल और पुर्जों पर आयात शुल्क में राहत से उत्पादन लागत घटेगी। 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के पुनर्जीवन की योजना से स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्ज़ा मिलेगी। निर्यात उन्मुख एमएसएमई के लिए शुल्क राहत और समयसीमा विस्तार से कार्यशील पूंजी पर दबाव कम होगा। सेवा क्षेत्र के लघु उद्योगों के लिए देखभाल अर्थव्यवस्था, चिकित्सा मूल्य पर्यटन, एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स), डिजाइन तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे, जिससे रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

# ऑपरेशन मिलाप: एक महीने में 75 लापता लोगों को परिजनों से मिलाया, 28 बच्चे सुरक्षित घर लौटे

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत जनवरी 2026 के दौरान 28 लापता/अपहृत बच्चों सहित कुल 75 लापता व्यक्तियों को तलाश कर सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया। इस अभियान ने कई परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी। दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि जैसे ही किसी बच्चे या व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली, संबंधित थाना पुलिस ने बिना देरी किए तलाश अभियान शुरू किया। स्थानीय स्तर पर पूछताछ के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज की जांच, ऑटो स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर फोटो दिखाने जैसे प्रयास किए गए। बस चालकों, कंडक्टरों, दुकानदारों और स्थानीय मुखबिरों की मदद भी ली गई। इसके अलावा आसपास के थानों और अस्पतालों के रिकॉर्ड भी खंगाले गए।

# माघी पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



भागलपुर। माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को भागलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बरारी सीढ़ी घाट, जहाज़ घाट, कहलगांव बटेश्वर घाट पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। आपदा मित्र, एनडीआरएफ की टीम, गोताखोरों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। वहीं भीड़ के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को भी पूरी तरह से नियंत्रित किया गया। प्रमुख मार्गों पर वाहनों का डायवर्जन किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय थाना क्षेत्रों की पुलिस भी घाटों और आसपास के इलाकों में तैनात रही, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन की सतर्कता और व्यवस्थाओं के चलते माघी पूर्णिमा का यह पावन स्नान पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# नवजोत कौर सिद्धू ने प्रधानमंत्री मोदी के पंजाब आने से पहले छोड़ी कांग्रेस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस को अलविदा बोल दिया है। नवजोत कौर सिद्धू पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू की पत्नी हैं। पिछले कई महीने से सिद्धू दम्पति पंजाब की सक्रिय राजनीति से दूर हैं। नवजोत सिंह सिद्धू को हाल ही में राहुल गांधी की हुई बैठक में भी नहीं बुलाया गया था। कैंसर से ठीक होने के बाद दोबारा सक्रिय हुई नवजोत कौर सिद्धू हाल ही में उस समय सुर्खियों में आई थी, जब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में 500 करोड़ की अटैची देने वाला ही मुख्यमंत्री बनता था। इसके बाद वह समूची कांग्रेस के निशाने पर आ गई थी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने 8 दिसंबर को उन्हें नोटिस जारी करके पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मिली। नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को देर रात सोशल मीडिया 'एक्स' पर कांग्रेस से दूरी बनाने का ऐलान किया। रविवार को अमृतसर में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस छोड़ने की वजह गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस में मेहनती और काबिल नेताओं की बात नहीं सुनी जाती। फैसले निजी स्वार्थों के आधार पर लिए जाते हैं।

# बजट देश और राज्यों के विकास को देगा नई दिशा: मुख्यमंत्री धामी

■ पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने वाला है। बजट में आर्थिक विकास तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को विकासोन्मुखी और समावेशी बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, वंचितों, छोटे उद्यमियों और पिछड़े वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और अवसंरचना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। ये राज्य और देश दोनों के लिए लाभकारी होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। बजट में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लिए पर्यावरण-अनुकूल माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने की योजना है। इसके अलावा, किसानों, पशुपालन, उच्च मूल्य कृषि, पर्यटन और एमएसएमई के लिए किए गए प्रावधान राज्य की ग्रामीण और पर्वतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पर्यावरण और ऊर्ज़ा सुरक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और बायोफार्मा क्षेत्र में निवेश से राज्य और देश दोनों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर बजट की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक ताकत बढ़ाएगा, बल्कि पर्वतीय राज्यों को भी समान रूप से विकास के अवसर प्रदान करेगा। की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने के साथ ही सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

# माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी गंगा में आस्था की डुबकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। माघ पूर्णिमा पर आज धर्मनगरी हरिद्वार में हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा तटों परं सुबह से ही गंगा स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ी। माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। इसलिए देश की कई प्रातों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। पुलिस और प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। हालांकि सुबह बरसात के चलते श्रद्धालुओं की संख्या कम रही, किन्तु बरसात रूकने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ। कड़कड़ाती ठंड पर श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ी। पौराणिक मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान, ध्यान और दान करने से सभी पापों का नाश होता है। माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर गंगा स्नान का पुण्य अर्जित करने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में हरकी पैड़ी पहुंचे। हर की पैड़ी पर सुबह से गंगा स्नान करने वालों की भीड़ देखने को मिली। माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। माघ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि पर्व पर गंगा स्नान, ध्यान और दान करने से घर में सुख, समृद्धि, और स्वास्थ्य लाभ मिलता है।पुलिस और प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। शास्त्रों के माघ पूर्णिमा के स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। यही कारण है कि हरकी पैड़ी के अलावा अन्य गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि आज के दिन पिंडदान, तर्पण और दान इत्यादि करने से पितरों को शांति मिलती है। हरिद्वार के प्राचीन नारायणी शिला मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु तर्पण, पिंडदान और दान इत्यादि करने पहुंचे और अपने पितरों के निमित्त पूजा अर्चना कर उनकी आत्मशांति की कामना की। माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व होने के कारण तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में भी विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063